YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-293 ❒ गुरुवार, 27 नवम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

भारत का संविधान दुनिया का सबसे जीवंत और सफल संविधान है और इसके मार्गदर्शन में देश ने सुशासन, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में परिवर्तनकारी यात्रा तय की है। — ओम बिरला



दो करोड़ से अधिक आधार नंबरों को निष्क्रिय किया गया 11 | मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संविधान दिवस पर दी शुभकामनाएं, 26/11 शहीदों को किया नमन 12

## संक्षेप

### कमला पसंद के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

**नयी दिल्ली।** कमला पसंद और राजश्री पान मसाला के मालिक कमल किशोर की बहू दीप्ति चौरसिया ने मंगलवार शाम को दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, उन्हें एक डायरी के साथ एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें महिला (40) ने अपने पति हरप्रीत चौरसिया के साथ लगातार वैवाहिक कलह का उल्लेख किया है। इस बीच जानकारी मिली है कि पीड़िता का परिवार आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए शिकायत दर्ज करवाने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मृतक ने 2010 में श्री चौरसिया से शादी की थी और उनका 14 साल का एक बेटा है। मामले की शुरुआती जाँच के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि श्री चौरसिया की कथित तौर पर एक दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री से दूसरी शादी के बाद पीड़िता ने आत्महत्या कर ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि वसंत विहार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जाँच की जा रही है। कमला पसंद एक जाना-माना पान मसाला ब्रांड है, जिसका कारोबार कानपुर, दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में फैला हुआ है।

### योजनाओं की निगरानी व प्रशिक्षण दिया जाएगा

**लखनऊ।** यूपी के 413 ब्लॉकों में जल्द पंचायत रिसोर्स सेंटर जल्द खोले जाएंगे। रिसोर्स सेंटर की मदद से पंचायती राज विभाग की योजनाओं की निगरानी होगी। वहीं ग्राम प्रधानों व प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभी 25 जिलों में पंचायत रिसोर्स सेंटर हैं और अब इसका विस्तार किया जा रहा है। अभी ब्लॉकों में कोई ऐसा कार्यालय नहीं है, जिसकी मदद से संबंधित ग्राम पंचायतों में चल रही योजनाओं की निगरानी की जा सके और उसकी प्रगति की रिपोर्ट ली जा सके। ऐसे में अब इसका विस्तार किया जाएगा। जल्द केंद्र सरकार की बदली हुई गाइड लाइन के अनुसार इन्हें स्थापित किया जाएगा।
रिसोर्स सेंटर पर कंप्यूटर में दक्ष कर्मी रखे जाएंगे, जिनकी मदद से आंकड़ें लिए जाएंगे। 15 हजार रुपये प्रति रिसोर्स सेंटर बजट रखा गया है। यही नहीं ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने और प्रतिनिधियों को अधिकारियों को प्रति जागरूक करने के लिए भी यह व्यवस्था की जा रही है। अभी तक राज्य स्तर या फिर जिन जिलों में पंचायत रिसोर्स सेंटर हैं, वहां पर प्रशिक्षण आसानी से दिया जा रहा है। बाकी जिलों में पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए दौड़-भाग करनी पड़ती है। खासकर महिला प्रतिनिधियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अब ब्लॉक स्तर पर ही प्रशिक्षण के लिए पंचायत रिसोर्स सेंटर की व्यवस्था होने से उन्हें कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। योजनाओं की निगरानी भी आसानी से होगी।

# अनेकता में एकता का प्रतीक है हमारा संविधान : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले, कर्तव्य के बिना अधिकारी नहीं हो सकता। है। जहां कर्तव्य के बिना अधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, वहां पर लोकतंत्र नहीं है, बल्कि वहां तानाशाह, व्यवस्था को गिरफ्त में लेकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंदते दिखते हैं।

मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का सशपथ पाठन कराया। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत मां व बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2015 से पूरा देश प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करता है। 1946 में हुए संविधान सभा के चुनाव के उपरांत गठित संविधान सभा ने भारत के संविधान का निर्माण किया था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बनी संविधान सभा ने अलग-अलग कमेटियां बनाई थीं, उसकी ड्रॉफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में दो वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे। संविधान निर्माण में जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने योगदान व विशेषज्ञों ने सहयोग किया। संविधान की मूल प्रति को लेकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की समिति जब संविधान सभा के पास गई थी, तब भी उन्होंने कहा था कि संविधान एक दस्तावेज है, जो भारत की विविधता को एकता में जोड़ने में मार्गदर्शिका के रूप में देश को नेतृत्व प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने पंच प्रण का जिक्र करते हुए कहा कि हर व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त हो। यूनिफॉर्म धारी सेना-अर्धसेना, पुलिस बल के जवानों के प्रति सम्मान का भाव रखे। एक व्यक्ति गलती करे तो उसके लिए पूरी व्यवस्था को नहीं कोसा जाना चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई एक व्यक्ति गलती करता है तो उसके लिए पूरी व्यवस्था को नहीं कोसा जाना चाहिए, बल्कि गलती के परिमार्जन का अवसर देना चाहिए। कोई बार-बार गलती करता है तो परिमार्जन का अवसर देते हुए प्रभावी कदम उठाने के लिए कहना चाहिए। उसके लिए पूरे सिस्टम को दोषी नहीं ठहरा सकते। संविधान का अपमान बाबा साहेब. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-बलिदानियों का अपमान मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम भारत के संविधान का अपमान करते हैं तो यह बाबा साहेब, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-बलिदानियों और उन गरीबों का अपमान है, जिन गरीबों ने संविधान के ताकत के बल पर लोकतांत्रिक अधिकार पाया है। उस आधी आबादी का अपमान है, जिन्हें संविधान ने पहले आम चुनाव के अंदर ही मत देने का अधिकार प्रदान कर दिया था। दुनिया में आधुनिक लोकतंत्र की घोषणा करने वाले तमाम देशों ने कुछ ही तबके को मत देने का अधिकार दिया था। तमाम बड़े देश, जो आधुनिक लोकतंत्र का ठेकेदार बनकर घूमते हैं, उन्होंने महिलाओं को मत देने का अधिकार बहुत बाद में दिया, लेकिन भारत ने अपने व्यस्क नागरिकों को पहले ही दिन से मत देने का अधिकार प्रदान किया। यदि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं तो संविधान को सम्मान दे रहे हैं योगी ने कहा कि भारत के संविधान के प्रति उन भावनाओं को बढ़ाने के लिए नया भारत तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ईमानदारी से ● शेष पेज 11 पर



**योगी बोले**

- ❒ मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का कराया शपथ
- ❒ पाठन अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले, कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकताः मुख्यमंत्री
- ❒ विकसित उत्तर प्रदेश के लिए मिले 98 लाख से अधिक सुझावः योगी

## रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट्स की मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगा बूस्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भूरणनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत रेयर अर्थ मैगनेट के विनिर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ 7280 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन की सात वर्षीय योजना को मंजूरी दी।

इसके तहत देश में आगामी चार-पांच वर्ष में कुल कम से कम 6 हजार टन सिंटर्ड रेयर अर्थ मैगनेट के विनिर्माण की पांच इकाइयों की स्थापना की जाएगी। उनकी क्षमता 1200-1200 टन वार्षिक की होगी। सिंटरिंग प्रक्रिया में धातु कड़ों (चूर्ण) को बिना गलाए हुए उच्च दाब और ऊष्मा के सहारे आपस में जोड़ा जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैगनेट विनिर्माण संवर्धन योजना (आरईपीएम) की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण, रेलवे और सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभागों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस योजना को भूऽराजनीतिक दृष्टि से एक अहम फैसला बताया। उन्होंने कहा कि देश में सेमी कंडक्टर, विद्युत वाहन, अंतरिक्ष उद्योग, सेमीकंडक्टर तथा रक्षा साजोऽसामान के विनिर्माण के लिए रेयर अर्थ मैगनेट एक महत्वपूर्ण घटक हैं।

चीन रेयर अर्थ मैगनेट का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है और हाल में उसने इसके निर्यात पर पाबंदी लगा कर वैश्विक विनिर्माण श्रृंखलाओं को प्रभावित कर दिया था। भारत इस समय रेयर अर्थ मैगनेट के लिए जापान, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया जैसे देशों से इसका आयात करता है। श्री वैष्णव ने कहा, ' इस निर्णय से भारत इस क्षेत्र में आत्म निर्भर होगा। उन्होंने बताया कि 7280 करोड़ की इस योजना के अंतर्गत लगायी जाने वाली इकाइयों को पूंजीगत सब्सिडी और उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहनऽदोनों तरह की सहायता देने का विचार है। इकाइयां को कुल 6 हजार टन रेयर अर्थ मैगनेट के विनिर्माण के लिए सहायता दी जाएगी और उम्मीद है कि वे इससे अधिक क्षमता की सुविधा स्थापित करेंगी। श्री वैष्णव के अनुसार भारत में इस समय रेयर अर्थ मैगनेट की मांग सालाना 4000-5000 टन की है। इसमें आने वाले वर्षों में और वृद्धि होने और 2030 तक इसके दो गुना हो जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि योजना को खान, इलेक्ट्रानिक्स , भारी उद्योग और अन्य सभी विभागों के साथ मिल कर सरकारी विभागों के पूरे समन्वय के साथ कार्यान्वित किया जाएगा । इसमें इलेक्ट्रनिक्स और सेमीकंटर मिशन की कुछ प्रौद्योगिकियों का भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर संभावित निवेशकों के साथ अब तक हुई बैठकों में ● शेष पेज 11 पर



❒ 7,280 करोड़ की नई स्कीम मंजूर

## लालकिला धमाका मामले में आतंकी उमर नबी का साथी शोएब फरीदाबाद से गिरफ्तार

एजेंसी

❒ एनआईए अब डॉ. आदिल और डॉ. शाहीन को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लाएगी

फरीदाबाद। दिल्ली के लालकिला बम धमाके की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुसाइड हमलावर आतंकी डॉ. उमर नबी के नजदीकी सहयोगी शोएब को फरीदाबाद के गांव धौज से गिरफ्तार कर लिया है। शोएब हरियाणा के अल-फलाह विश्वविद्यालय में वार्ड बॉय के रूप में कार्यरत था। आरोप है कि उसने उमर नबी को विस्फोटक सामग्री लाने और ले जाने में सहायता की और नूंह में अपनी साली अफसाना के घर में उसके लिए कमरा किराए पर दिलवाया। धमाके से पहले उमर नबी 10 दिन तक वहीं ठहरा था। इस मामले में यह 7वीं गिरफ्तारी है।

आतंकी मॉड्यूल से जुड़े डॉ. मुजम्मिल शकील की निशानदेही के बाद अब एनआईए डॉ. आदिल अहमद और डॉ. शाहीन सईद को अल-फलाह विश्वविद्यालय में लेकर जाएगी। जांच में सामने आया है कि आदिल और उमर नबी कई वर्षों से परिचित थे। आदिल कई बार उमर से मिलने के लिए विश्वविद्यालय आया और उसके छात्रावास स्थित फ्लैट में ठहरा। इसी दौरान उसकी पहचान मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद से कराई गई।

सूत्रों के अनुसार, फतेहपुरा तगा और धौज गांव में विस्फोटक सामग्री इकट्ठा करने की योजना आदिल ने ही सुझाई थी। जांच में सामने आया है कि उमर नबी और आदिल दोनों अनंतनाग के सरकारी अस्पताल में कार्यरत थे। बाद में आदिल सहारनपुर और उमर अल-फलाह विश्वविद्यालय में तैनात हुए, लेकिन दोनों का संपर्क बना रहा। जांच में यह भी पता चला है कि डॉ. शाहीन सईद आतंकी मॉड्यूल की महत्वपूर्ण सदस्य थी। वह विश्वविद्यालय की पाठ्यक्रम समिति में तीसरे स्थान पर थी और नए लोगों को इस नेटवर्क में जोड़ने तथा मानसिक रूप से प्रभावित करने का काम करती थी।

## भारत ने राम मंदिर पर पाकिस्तान की टिप्पणी खारिज की, कहा दागदार रिकार्ड वालों को नैतिक उपदेश देने का हक नहीं

नयी दिल्ली। भारत ने अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वज स्थापना के बारे में पाकिस्तान की टिप्णाी को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि पाकिस्तान का अल्पसंख्यकों के साथ बुरे बर्ताव का रिकार्ड जग जाहिर है और ऐसे में उसे भारत को नैतिक उपदेश देने का अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा ,'' हमने पाकिस्तान की टिप्पणी देखी है और हम उसे उसी अवमानना के साथ खारिज करते हैं जिसके वे हकदार हैं। एक ऐसे देश के तौर पर जिसका अपने अल्पसंख्यकों के दमन, कट्टरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का दागदार रिकार्ड है, पाकिस्तान के पास दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि खोखले पाखंडी उपदेश देने के बजाए पाकिस्तान के लिए बेहतर होगा कि वह अपने अंदर झांके और अपने खराब मानवाधिकार रिकार्ड पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि जहां तक मानवाधिकार का सवाल है पाकिस्तान को ● शेष पेज 11 पर

## संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ, इसे आत्मसात कर संसद ने जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त किया : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान को राष्ट्रीय अस्मिता और पहचान का ग्रंथ बताते हुए कहा है कि बीते दशक में हमारी संसद ने इसके मूल्यों पर चलते हुए जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक कार्य किये हैं।

श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा कि संविधान सभा ने संसदीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में जो ठोस तर्क दिये गए थे वे आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के विशालतम लोकतन्त्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा ,'' हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि संविधान के माध्यम से हमारा सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित रहे। मुझे यह कहते हुए ● शेष पेज 11 पर



### संविधान दिवस पर मोदी ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सबसे पहले रखने पर पर ज़ोर दिया

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संविधान दिवस के मौके पर नागरिकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को सबसे पहले रखें क्योंकि भारत अब एक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। श्री मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नागरिकों को पत्र लिखकर 1949 में संविधान को ऐतिहासिक रूप से अपनाए जाने का स्मरण करते हुए राष्ट्र की प्रगति में इसकी स्थायी भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में सरकार ने इस पवित्र दस्तावेज़ के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया था। श्री मोदी ने इस बात का उल्लेख किया कि कैसे संविधान ने साधारण पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को उच्चतम स्तर पर राष्ट्र की सेवा करने के लिए सशक्त बनाया है और संसद तथा संविधान के प्रति अपने सम्मान के अनुभव साझा किए। उन्होंने वर्ष 2014 में संसद की सीढ़ियों पर झुकने और 2019 में सम्मान के प्रतीक के रूप में संविधान को अपने माथे पर धारण ● शेष पेज 11 पर

## एएनटीएफ होगा और मजबूत, अपना भवन और स्थायी फोर्स की होगी तैनाती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ हर थाने और यूनिट में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आरक्षी, आदि की होगी तैनाती
- ❒ एएनटीएफ के सभी थानों के लिए यथाशीघ्र कराएं न्यायालय आवंटनः मुख्यमंत्री
- ❒ तीन साल में 775 करोड़ के अवैध मादक पदार्थ नष्ट
- ❒ नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज की भूमिका जरूरी, मुख्यमंत्री ने किया आह्वान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और अधिक प्रभावी और सक्षम बनाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि फोर्स के लिए सभी 06 थानों और 08 यूनिटों में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आरक्षी, सहित आवश्यक मैनपॉवर की स्थायी तैनाती और विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था शीघ्र पूरी की जाए। टीम को आधुनिक उपकरण, डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और उन्नत तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित किया जाए ताकि कार्रवाई तेज और सटीक हो सके। प्रस्तावित थानों के लिए न्यायालय आवंटन की प्रक्रिया बिना विलंब पूरी करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम मामलों की त्वरित सुनवाई और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। उन्होंने फोर्स के सभी थानों के लिए स्थायी भवन निर्माण किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधन और संरचना मजबूत होने के बाद कार्रवाई की गति और परिणामों में और वृद्धि होगी और प्रदेश ड्रग नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने की दिशा में अधिक सशक्त होगा। बैठक में बताया गया कि एएनटीएफ के गठन के बाद कार्रवाई में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2023 से 2025 के बीच 310 मुकदमे दर्ज हुए, 35,313 किलो अवैध मादक पदार्थ जब्त हुए और 883 तस्कर गिरफ्तार किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 343 करोड़ ● शेष पेज 11 पर

**2020 से 2025 के बीच अयोध्या का ऐतिहासिक विकास, मॉडल शहर के रूप में पहचान**

# ध्वजारोहण समारोह से 'अयोध्या ब्रांड' को मिली वैश्विक पहचान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासवादी नीतियों की वजह से अयोध्या ब्रांड की चर्चा विश्व में है। श्रीराम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के बाद अयोध्या के वैभव और विकास से लोग आश्चर्यचकित हैं। पर्यटन, निवेश और आधारभूत संरचना के मामले में अयोध्या ने विश्व के अन्य चर्चित धार्मिक स्थलों को भी पीछे छोड़ दिया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था और आध्यात्मिक स्थलों को आर्थिक केंद्र के रूप में भी विकसित करने का जो बीड़ा उठाया है, अयोध्या उसमें मील का पत्थर साबित हो रहा है। सनातनी आस्था के केंद्र अब वैश्वक ब्रांड के रूप में उभर रहे हैं। श्रीराम मंदिर बनने के बाद शहर में पर्यटकों की संख्या में 4 से 5 गुना तक वृद्धि हुई है। जनवरी-जून 2025 के बीच लगभग 23 करोड़ पर्यटक रामनगरी आ चुके हैं। अनुमान है कि इस साल के अंत तक करीब 50 करोड़ पर्यटक आएंगे।

विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित अयोध्या

अमेरिका, यूरोप, रूस इत्यादि देशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक रामनगरी आ रहे हैं। शहर की साफ सुथरी सड़के, प्रत्येक चौराहे पर संस्कृति और आध्यात्मिका को समेटे हुए कलाकृतियां, चमकते हुआ राम पथ और धर्म पथ, दिव्य और भव्य कुंड, प्राचीन मंदिर, विश्वस्तरीय हॉस्पिटैलिटी सुविधा, अंतरराष्ट्रीय स्तर के होटल, आर्थिक विकास की कहानी खुद बयां कर रहे हैं। अयोध्या के विकास की देन है कि जो होटल पहले सुनसान रहते थे वो अब 90 प्रतिशत फुल रहते हैं। छोटे से छोटा होटल भी प्रतिदिन 40 से 50 हजार तक की कमाई कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को उसका पुराना वैभव वापस दिलाया है। अयोध्या के विकास का सफर 2020 से प्रारंभ होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश में अयोध्या के विकास से जुड़े सरकारी विभागों ने बड़ी गंभीरता से योजनाओं के क्रियान्वयन को अंजाम दिया। शहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए व्यापक योजना तैयार की गई। शहर में सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, यातायात व्यवस्था, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, हवाई अड्डा जैसी मूलभूत सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाया गया। अयोध्या में पर्यटकों की आमद बढ़ने से यहां की आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ी। आज अयोध्या यूपी के जीएसडीपी में लगभग 1.5 फीसद योगदान कर रही है। अनुमान है कि आने वाले कुछ वर्षों में अयोध्या का सालाना कारोबार लगभग 4 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। अयोध्या का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अयोध्या में फ्लाइट की संख्या 30 तक पहुंच चुकी है। हवाई अड्डे की क्षमता 6 लाख यात्रियों की है। देश के कोने-कोने से पर्यटक यहां आ रहे हैं। इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियों में जोरदार उछाल आया है। इसी तरह से रेलवे स्टेशन को भी विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया गया है। बस स्टेशनों के आधुनिकीकरण से यात्रियों को सुविधाएं मिल रही हैं। इस समय अयोध्या उत्तर प्रदेश का सबसे विकसित और सबसे ज्यादा पर्यटकों वाला धार्मिक केंद्र बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2029 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने को लेकर दृढ़संकल्पित हैं। इस मिशन को प्राप्त करने में अयोध्या का बड़ा रोल रहने वाला है।



# युवाओं को राष्ट्रहित, देशप्रेम और सकारात्मक सोच से जोड़ना अत्यंत आवश्यक : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की मुख्य संरक्षिका आनंदीबेन पटेल ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन अनुशासन, सेवा, नेतृत्व, सद्भाव और राष्ट्रभक्ति जैसे गुणों को युवा पीढ़ी में विकसित करने का सबसे प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि जब युवा सही दिशा में आगे बढ़ते हैं, तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को वास्तविकता में बदला जा सकता है।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित राष्ट्रीय वयस्क पुरस्कार प्रदान समारोह में देशभर से उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले पुरस्कार विजेताओं को सिल्वर एलीफेंट अवार्ड, बार टू सिल्वर स्टार, सिल्वर स्टार अवार्ड तथा थैंक्स बैज प्रदान किए। समारोह में राज्यपाल ने मौजूद सदस्यों और पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति अधिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने युवाओं को कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा जरूरतमंदों की सेवा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है, जहाँ 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु वर्ग की है। ऐसे में युवाओं को राष्ट्रहित, देशप्रेम और सकारात्मक सोच से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा संस्थानों से अपेक्षित है कि वे ऐसी गतिविधियाँ चलाएँ जो बच्चों के मानसिक, नैतिक और चरित्र निर्माण को सशक्त बनाएं। श्रीमती पटेल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को नवाचार, रचनात्मकता और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने वाला बताया। आंगनबाड़ी सुधार, 'केजी से पीजी' की अवधारणा, एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान, टीबी उन्मूलन, और राजभवन परिसर में संचालित सामाजिक-शैक्षिक पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने शिक्षक समुदाय को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनके आचरण में आदर्श होना चाहिए, क्योंकि विद्यार्थी वही सीखते हैं जो वे अपने शिक्षकों में देखते हैं।समारोह में शिक्षा मंत्री उत्तराखंड डॉ. धन सिंह रावत, तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री थीरू अनबिल महेश पोय्यामोझी, स्काउट्स एवं गाइड्स के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# ओटीएस का लाभ उठाएं उपभोक्ता : ऊर्जा मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/मऊ। ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने अपने मऊ प्रवास के दौरान मधुबन क्षेत्र स्थित सद्गुरु कबीर पब्लिक विद्यालय, गागेबीर में आयोजित बिजली सेवा शिविर में प्रतिभाग किया। शिविर में उपस्थित उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी *बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की विस्तृत जानकारी साझा की और इसे उपभोक्ता हित में ऐतिहासिक कदम बताया।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना और बिजली सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत एकमुश्त भुगतान (ओटीएस) पर 100% सरचार्ज माफी और मूलधन में 25% तक की छूट दी जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी लंबित देयताओं का शीघ्र निपटारा कराएं।




श्री शर्मा ने जानकारी दी कि यह योजना 1 दिसंबर से तीन चरणों में लागू होगी, ताकि सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को सुविधानुसार लाभ मिल सके। सरकार ने उपभोक्ताओं की आर्थिक क्षमता को ध्यान में रखते हुए मासिक किस्तों का विकल्प भी दिया है, जो 750 और 500 रुपये मासिक होगी। ऊर्जा मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि योजना का लाभ केवल सामान्य उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ओवर बिलिंग एवं अंदर बिलिंग जैसी समस्याओं का सामना करने वाले उपभोक्ताओं को भी बड़ी राहत मिलेगी। ऐसे मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं को सटीक बिल प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को बेहद सरल बनाया गया है, और उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट, जन सेवा केंद्र (एट्रए), विद्युत कार्यालय या किसी भी कैश काउंटर पर आसानी से पंजीकरण करा सकते हैं।

मंत्री ने कुछ उदाहरण साझा करते हुए बताया कि योजना उपभोक्ताओं के लिए कितनी प्रभावी सिद्ध होने जा रही है। उपभोक्ता जितेंद्र कुमार आर्य का 2 लाख 29 हजार का बकाया घटकर 1 लाख 18 हजार रह गया है। मधुबन निवासी छगऊ का 2 लाख 74 हजार का बिल केवल 50 हजार में सेटल होगा, जबकि विनोद कुमार का 1 लाख 82 हजार का बिल इस योजना के तहत मात्र 48 हजार में निपट जाएगा। उन्होंने बताया कि 2000 रुपये का पंजीकरण शुल्क भी भुगतान के समय समायोजित कर दिया जाएगा। शिविर में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी श्री शंभू कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री ने शिविर के सफल आयोजन पर विभाग की टीम को बधाई दी और आश्वस्त किया कि सरकार आगे भी जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेती रहेगी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की सुरक्षा एवं संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं।

अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के 746 शैक्षिक रूप से पिछड़े विकास खण्डों में संचालित इन पूर्णतः आवासीय विद्यालयों में 11 से 18 वर्ष तक की किशोरियों को कक्षा 6 से 12 तक शिक्षा प्रदान की जाती है। ऐसे में छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करने के लिए शासन ने विशेष निगरानी व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं जिला शिक्षा परियोजना समिति के अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों में सुरक्षा-व्यवस्था की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि हर बालिका सुरक्षित वातावरण में पढ़े और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। हर केजीबीवी का त्रैमासिक सघन औचक निरीक्षणः निर्देशों में कहा गया है कि जिलाधिकारी तीन सदस्यीय दल गठित करेंगे, जिसमें एक मजिस्ट्रेट और एक महिला अधिकारी अनिवार्य होगा। वहीं, निरीक्षण रिपोर्ट और एक्शन टेकन रिपोर्ट जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद राज्य कार्यालय भेजी जाएगी। शासन ने निर्देश दिया है कि गणमान्य महिलाओं और आकांक्षा समिति की सदस्याओं को विजिटर के रूप में नामित किया जाए, जो हर 15 दिन में विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्राओं की समस्याओं पर चर्चा करें और समाधान सुनिश्चित कराएं। सरकार का कहना है कि इन व्यवस्थाओं से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का संचालन और अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित होगा, ताकि प्रदेश की हर बेटी निडर होकर अपनी शिक्षा और सपनों को आगे बढ़ा सके।

# भारतीय संविधान के प्रति जताई प्रतिबद्धता




कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। सम्पूर्ण भारतीय रेल के साथ-साथ पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में संविधान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रवेश द्वार पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री अजय सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उद्देशिका को दोहराया।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकार अभिनव कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अभिषेक राय, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) श्री आर. एन. सिंह, सहायक मंडल यांत्रिक इंजीनियर श्री ओजस श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी श्री विरेन्द्र यादव, श्री दयाशंकर तथा सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री अरविन्द पाण्डेय सहित मंडल कार्यालय में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान संविधान की उद्देशिका हम भारत के लोग का वाचन कर यह संकल्प दोहराया गया कि भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए सभी नागरिक मिलकर सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुता के आदर्शों को सशक्त बनाएंगे। इसी क्रम में वाराणसी मंडल के विभिन्न यूनिटों एवं उप मंडल कार्यालयों में भी संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया और भारतीय संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## प्रतिबंधित पालीथिन बिक्री पर नहीं लग पा रही लगाम

**कोराव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लाख निर्देश के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र जैसे खीरी, लेडियारी, रत्योंरा मोड़, भोगन, बड़ोखर, देवघाट, महुली, सुहास, अयोध्या, समेत कस्बा कोराव में सब्जी मंडी, किराना , आदि दुकानों पर धड़ल्ले से प्रतिबंधित पालीथिन की बिक्री खुलेआम हो रहा जिससे बेजुबान पशुओ के आत में वही प्लास्टिक जाकर चिपक जाता है और धीरे- धीरे बीमारी की चपेट में आकर मौत हो जा रही है साथ ही प्रदूषण पर रोक नही लग पा रहा जबकि उच्चाधिकारियों का सख्त निर्देश है कि पालीथिन की बिक्री पर रोक लगे यदि कोई बिक्री कर रहा है तो उसके विरुद्ध कार्रवाही जुर्माना वसूला जाय जिससे बिक्री पर अंकुश लग सके लेकिन जब इस बात की शिकायत होती है तो अभियान चलाकर खानापूर्ति के लिए जुर्माना वसूला जाता है फिर कुछ दिन बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है स्थानीय व जिले के जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान लगता है अब इस ओर नही रह गया है जिससे बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही है क्षेत्र के संम्मानित लोगो ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जाँच कार्रवाही की माँग की है

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का प्रयागराज आगमन आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रयागराज के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। मंत्री जी प्रातः 11:00 बजे प्रयागराज आगमन के उपरांत तहसील कोरांव स्थित गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित स्वर्गीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी की पुण्यतिथि एवं विद्यालय के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे, माननीय मंत्री श्रृंगवेरपुर धाम–ग्राम पंचायत सिंगरौर, थाना नवाबगंज में प्रयागराज मंडल के विभिन्न जनपदों में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित एवं प्रेषित परियोजनाओं के सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन विकास कार्यों के लोकार्पण/शिलान्यास का शुभारम्भ करेंगे।

## राज्यपाल ने किया अत्याधुनिक नेत्र अस्पताल का उद्घाटन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने गोमती नगर में अपने नए अत्याधुनिक नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अस्पताल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। लॉन्च का जश्न मनाने के लिए अस्पताल सभी के लिए 31 दिसंबर तक मुफ़्त परामर्श के साथ जाँच, चश्में और सर्जरी पर विशेष छूट दे रहा है। मुफ़्त व्यापक नेत्र जांच के लिए पंजीकरण करने के लिए मरीज 9594904342 पर संपर्क कर सकते हैं।




# मतदाता शीघ्र फार्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बुधवार को एमएलए कॉन्वेंट स्कूल के बूथ संख्या 34, 35, 36, 37 तथा रसूलाबाद घाट क्षेत्र सहित कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने फॉर्म कलेक्शन और डिजिटाइजेशन में धीमी प्रगति वाले बूथों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए बीएलओ की कार्यशैली की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थानों पर बीएलओ द्वारा फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन में लापरवाही या उदासीनता पाई जा रही है, वहां सुधार न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तेलियरगंज सहित अन्य क्षेत्रों में भी घर-घर संपर्क अभियान को तेज करने और निर्धारित समय में अधिकतम फॉर्म डिजिटाइज कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों एवं नागरिकों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि समय पर उनकी प्रविष्टियाँ फीड की जा सकें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बीएलओ के बार-बार संपर्क करने के बावजूद जो मतदाता अभी तक फॉर्म नहीं जमा कर रहे हैं, उनके नाम 9 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली आलेख सूची में शामिल नहीं हो पाएँगे।



जिलाधिकारी वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में फॉर्मों का डिजिटाइजेशन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से बूथवार जानकारी लेते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाई जाए। इस दौरान नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर उप जिलाधिकारी गणेश कनौजिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईटीआईएम मशीनों के डैमेज पर पहली बार कोई वसूली नहीं होगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीआईएम) के रख-रखाव और उपयोग से संबंधित नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब इरादतन या गैर-इरादतन किसी भी कारण से ईटीआईएम मशीन के पहली बार डैमेज अथवा खराब हो जाने पर संबंधित कार्मिक से किसी प्रकार की वसूली नहीं की जाएगी। मशीन के प्रतिस्थापन का संपूर्ण व्यय निगम स्वयं वहन करेगा।

परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने बुधवार को सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी कार्मिक द्वारा एक वर्ष की अवधि में मशीन को दोबारा फिजिकली डैमेज किया जाता है या क्षति पहुँचती है, तो ऐसी स्थिति में प्रतिस्थापन व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधित दोषी कर्मचारी से की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी प्रयोगकर्ता कार्मिक द्वारा ईटीआईएम मशीन खो दी जाती है, तो यह उसकी लापरवाही मानी जाएगी। इस स्थिति में पूर्व की भांति दोषी कार्मिक से पूरी क्षतिपूर्ति की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार डैमेज या खो जाने की किसी भी स्थिति में मशीन का खर्च कार्मिकों से ही वसूला जाता था।

## उम्मीद पोर्टल से बढ़ेगी वक्फ संपत्तियों के उपयोग में पारदर्शिता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार का उम्मीद पोर्टल वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, बेहतर निगरानी और सुचारु प्रशासन का अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे न केवल वक्फ संपत्तियों के उपयोग में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगेगी। श्री दानिश आज़ाद अंसारी ने बुधवार को लखनऊ स्थित सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण हाल ही में लागू हुए वक्फ संशोधन अधिनियम के पश्चात 'उम्मीद पोर्टल' की प्रगति और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मासूम अली सरवर भी मौजूद रहे। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशभर से आए विभिन्न वक्फ मुतवल्लियों से मुलाकात की और उनसे वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, प्रबंधन, पारदर्शिता एवं डिजिटलीकरण से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से वक्फ की संपत्तियों का लाभ मुस्लिम समाज, विशेषकर पसमांदा मुस्लिम समुदाय और मुस्लिम महिलाओं के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी०एस०, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BSB-TW-176-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BOY-MX-167-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-PYGS-MX-169-25-2 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BOY-MX-168-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3660/2025



# संविधान दिवस पर पुलिस आयुक्त ने दिलाई एकता-अखण्डता की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल ने पुलिस कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्यों और राष्ट्रनिर्माण की भावना से अवगत कराया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना हम, भारत के लोग का सामूहिक उच्चारण कराते हुए उसमें निहित मूल उद्देश्यों–सार्वभौमिक, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक एवं गणराज्य–पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि हमारा संविधान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे मूलभूत आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। यह केवल विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है–नागरिक अधिकारों का रक्षक और कर्तव्यों का पवित्र मार्गदर्शक। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारी/कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और संप्रभुता की रक्षा करने की शपथ दिलाई। श्री अग्रवाल ने बताया कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान अंगीकृत किया गया था और 26 जनवरी 1950 से प्रभावी होते ही भारत एक पूर्ण गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक और सरकारी सेवक का सर्वोच्च धर्म है कि संविधान के प्रत्येक प्रावधान का अक्षरशः पालन करें तथा राष्ट्रहित में मौलिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

# संविधान दिवस पर संविधान आधारित प्रदर्शनी का आयोजन



प्रयागराज। भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज में संविधान पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

यह प्रदर्शनी क्षेत्रीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग उ0प्र0 तथा जिला प्रशासन प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। प्रदर्शनी में संविधान की प्रस्तावना, संविधान निर्माण की प्रक्रिया, भारतीय संविधान में चित्रण–एक सांस्कृतिक यात्रा, संविधान का गौरव एवं विरासत जैसे विविध विषयों से संबंधित प्रदर्शन सामग्री को प्रदर्शित किया गया, जिससे आमजन को संविधान के स्वरूप, विकास और महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत प्रभारी क्षेत्रीय अभिलेखागार गुलाम सरवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन राकेश कुमार वर्मा (प्राविधिक सहायक, इतिहास) ने किया तथा आगंतुकों को भारतीय संविधान की विशेषताओं एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया। इस अवसर पर रवीन्द्र नाथ (सहायक निदेशक, पत्राचार) सहित सीमा सिंह, मंशा सिंह, रीता यादव, कीर्ति पटेल, प्रियंका यादव, सना सिद्दकी, सुमन यादव, दीपिका सिंह एवं नीलम की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाती रही। कार्यक्रम में विकास यादव (वरिष्ठ सहायक) एवं शुभम कुमार भी उपस्थित रहे।



**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | CATERING2121 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at Various Stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.11.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 06.12.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 06.12.2025 at 13:00 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदातयों द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LALGANJ | Catg-LKO-LLJ-GMU-197-25-1 | LLJ/PF-1/36/ADDL | 06.12.2025 at 12:30 hrs. | GMU | |
| 2 | UGRASENPUR | Catg-LKO-URPR-GMU-80-24-2 | URPR/PF-1/100/ADDL | 06.12.2025 at 12:40 hrs. | GMU | WOMEN |
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/PF-1/31/ADDL | 06.12.2025 at 12:50 hrs. | GMU | |
| 1 | JAUNPUR | Catg-LKO-JNU-SMU-198-25-1 | JNU/PF-1/115/ADDL | 06.12.2025 at 13:00 hrs. | SMU | ST |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3665/2025

# राजभवन के कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में राजभवन, लखनऊ में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कर संविधान के प्रति निष्ठा, नीतिपरायणता एवं कर्तव्यपालन की शपथ ग्रहण की। यह क्षण अत्यंत गौरवपूर्ण एवं भावनात्मक रहा, जिसने प्रत्येक सहभागी को भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना और संवैधानिक आदर्शों की पुनः स्मृति कराई।

कार्यक्रम में राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसके महत्व तथा भारतीय संविधान को समृद्ध बनाने में महिलाओं के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि संविधान सभा में शामिल महिला सदस्यों जैसे सरोजिनी नायडू, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख आदि ने भारतीय समाज में महिलाओं की समानता, शिक्षा, सम्मान और गरिमा के अधिकारों को संवैधानिक स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों, अनुच्छेदों, अधिकारों, कर्तव्यों एवं ऐतिहासिक संदर्भों पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा पीपीटी और वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संविधान के इतिहास, निर्माण प्रक्रिया, प्रमुख अनुच्छेदों, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा संविधान निर्माताओं के योगदान की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक आयाम दिए। इसके साथ ही हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विशेष सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गया, जहाँ अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के प्रति अपने गर्व और सम्मान को अभिव्यक्त करते हुए तस्वीरें लीं। यह सेल्फी प्वाइंट संविधान से भावनात्मक और व्यक्तिगत जुड़ाव को प्रकट करने का सशक्त प्रतीक बना।

# विभिन्न समुदायों द्वारा रेजिमेंट की मांग पर सकारात्मक कदम उठाए केंद्र : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ''अहीर रेजीमेंट की मांग समाजवादी पार्टी अपने चुनाव घोषणा पत्र में भी शामिल कर चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं में वर्दी पहनकर सेवा करने का उत्साह है, इसलिए विभिन्न समुदायों द्वारा उठाई जा रही रेजीमेंट की मांगों पर केंद्र सरकार को सकारात्मक कदम उठाना चाहिए और बड़े पैमाने पर भर्ती के अवसर बढ़ाने चाहिए।''

श्री अखिलेश यादव ने बुधवार को फिल्म निर्देशक और अभिनेता फरहान अख्तर के साथ उनकी नई फिल्म ''120 बहादुर'' को लखनऊ के एक निजी मॉल स्थित थिएटर में देखा। यह फिल्म 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांगला पोस्ट पर मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में अहीर रेजीमेंट के 120 वीर सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और शौर्य पर आधारित है। फिल्म प्रदर्शन के दौरान फरहान अख्तर स्वयं अखिलेश यादव के साथ मौजूद रहे। फिल्म देखने के बाद श्री अखिलेश यादव के साथ उपस्थित पार्टी के विधायकों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के बलिदान और बहादुरी की सराहना की। मीडिया से बातचीत में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि ''120 बहादुर'' हमारे वीर जवानों की वास्तविक वीरता पर आधारित प्रेरक फिल्म है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना दुनिया की सबसे साहसी सेनाओं में से एक है, जो कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करती है। उन्होंने मेजर शैतान सिंह के परमवीर चक्र सम्मान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह फिल्म नई पीढ़ी को सेना के साहस और त्याग से परिचित कराती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने फिल्म टीम को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे देशभक्ति से ओतप्रोत सिनेमैटिक प्रयास अवश्य देखने चाहिए। इसी दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर चीन के मुद्दे को लेकर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की विदेश नीति विफल रही है। चीन सीमा पर घुसपैठ कर रहा है और भारतीय बाजार चीनी सामानों से भर चुका है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सरकार को इस दिशा में ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

## सपा ने 2003 की मतदाता सूची में विसंगतियों को लेकर निर्वाचन आयोग से सुधार की मांग की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) ने कई जिलों में 2003 की मतदाता सूची के सही रूप में अपलोड न होने और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम गायब रहने का गंभीर मुद्दा उठाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को संबोधित विस्तृत ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की तरफ से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सिद्धार्थनगर, महोबा, शाहजहांपुर, औरैया, प्रयागराज सहित कई जिलों की विधानसभाओं में अधिकांश मतदेय स्थलों पर 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके अभाव में बीएलओ मतदाताओं की गणना-प्रपत्रों को श्रेणी प्रथम और श्रेणी द्वितीय में सम्मिलित नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे मतदाताओं को श्रेणी तृतीय में सम्मिलित किया जा रहा है, जिससे आगे चलकर मतदाताओं से दस्तावेज मांगने की स्थिति पैदा होगी। साथ ही उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट को विधान सभा वार और मतदेय स्थल वार 2003 की मतदाता सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि मतदाताओं की गणना सही श्रेणी में दर्ज की जा सके।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य में एआर-वीआर डोम से मिलेगा जंगल का वर्चुअल अनुभव : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य, उन्नाव में पर्यटकों को एआर-वीआर डोम से जंगल का वर्चुअल अनुभव मिलेगा।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महत्व रखने वाले शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य में पर्यटकों के लिए आधुनिक एआर-वीआर डोम का रोमांचक अनुभव जल्द उपलब्ध होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा अभयारण्य में लगभग 2.81 करोड़ रुपये की लागत से नई पर्यटन सुविधाओं के तेजी से विकास का कार्य कराया जा रहा है।

श्री जयवीर सिंह के मुताबिक यह राज्य का पहला ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन होगा, जहां आगंतुक जंगल का वर्चुअल अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

लखनऊ से लगभग 43 किलोमीटर दूर कानपुर हाईवे पर स्थित यह अभयारण्य एक प्रमुख रामसर साइट है। शांत और हरियाली से भरे प्राकृतिक वातावरण के कारण यह स्थान पक्षी प्रेमियों, फोटो वाइल्डलाइफ उत्साहियों और सप्ताहांत पर्यटन के इच्छुक पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। सर्दियों के मौसम में यहां स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की भारी आमद इसे और आकर्षक बनाती है। पर्यटन बोर्ड द्वारा विकसित की जा रही सुविधाओं में रिसेप्शन एवं टिकट वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर, फूड व ओडीओपी कियोस्क, लैंडस्केपिंग, साइट डेवलपमेंट, पौधरोपण, साइनेज और बाहरी प्रकाश व्यवस्था जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मंत्री के अनुसार एआर-वीआर डोम इस परियोजना का सबसे आकर्षक हिस्सा है। इस उन्नत तकनीक की मदद से जंगल के किसी भी समय-अलसुबह, शाम या रात-का दृश्य बिल्कुल जीवंत रूप में दिखाया जा सकेगा। डोम के भीतर बैठकर पर्यटक चारों दिशाओं, यहां तक कि ऊपर और नीचे तक के दृश्य को अनुभव कर सकेंगे।

पर्यटन विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बोर्ड लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विशेष क्यूरेटेड टूर भी आयोजित कर रहा है, जिसके लिए इज माय ट्रिप के साथ एमओयू किया गया है।

# एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ साइबर क्राइम सेल ने बुधवार को ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो एमबीबीएस, डीफार्मा और इंजीनियरिंग कोर्सेस में एडमिशन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहे थे।? गिरोह का सरगना समेत दो लोग पकड़े गए हैं, जिन्होंने यूपी समेत कई राज्यों में ठगी की है।

साइबर क्राइम प्रभारी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों में बिहार के औरंगाबाद निवासी प्रेमशंकर विद्यार्थी उर्फ अभिनव शर्मा और समस्तीपुर निवासी संतोष कुमार शामिल है। प्रेमशंकर गिरोह का सरगना है। उनके पास से पुलिस को करीब पांच लाख रुपये नकद, कई मोबाइल, छह सीपीयू, छह मॉनिटर,कई विभागों की मोहरें, चेकबुक और ठगी में इस्तेमाल किया जाने वाला पूरा सेटअप बरामद हुआ है।

प्रभारी ने बताया कि ठगी का मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित इंदिरानगर निवासी विजय बहादुर ने साइबर थाना पर तहरीर दी कि कुछ लोगों ने अपने आपको हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का प्रतिनिधि बताकर उससे 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह में शामिल लोग लंबे समय से कम मेरिट वाले नीट अभ्यर्थियों और उनके परिवारों का डाटा खरीदकर उन्हें फोन करते थे। आरोपित फर्जी वेबसाइट, इंस्टाग्राम पेज और एडमिशन कंसल्टेंसी बनाकर यह दावा करते थे कि वे मैनेजमेंट कोटे में एमबीबीएस सीट दिलवा देंगे। इसी गिरोह ने राजेश वर्मा से 20 लाख, दीप सिंह से 38 लाख, प्रीति सिंह से 23 लाख, अनिल कुमार से 18 लाख और स्मिता राव से 45 लाख रुपये ठगे थे।

साइबर क्राइम प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपित प्रेमशंकर विद्यार्थी, जो पिछले कई वर्षों से अलग?अलग राज्यों में फर्जी एडमिशन कंसल्टेंसी खोलकर फरारियों की जिंदगी जी रहा था। वह पकड़े जाने से बचने के लिए लोगों को अलग?अलग आईडी और फर्जी नामों का इस्तेमाल कर रहा था। टीम ने उसे कठौता झील के पास से दबोचा, जब वह अपने लोगों से मिलने आया था। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह नीट अभ्यर्थियों का डाटा खरीदता था और खुद को बड़े मेडिकल कॉलेजों का प्रतिनिधि बताकर करोड़ों रुपये वसूलता था। कई राज्यों में इसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के बाकी सदस्यों और बैंक खातों की जांच जारी है।

## अनियंत्रित बस पीछे से ट्राले में टकराई ड्राइवर घायल

मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज कस्बे में बुधवार सुबह लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर एक निजी स्लीपर बस ट्राले से टकरा गई। यह हादसा मोहनलालगंज कस्बा स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्राला चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगने के कारण बस चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस सीधे ट्राले के पिछले हिस्से में जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे राहगीरों ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि दुर्घटना में सांवरिया ट्रांसपोर्ट की बस नंबर गख 07 उ 0931 ने पीछे से ट्रक नंबर JH 05 DS 4940 में जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बस चालक मोहम्मद अली निवासी रानीगंज, प्रतापगढ़ घायल हो गए वहीं कुछ यात्रियों को भी हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया। वहीं अन्य बस में सवार यात्री सुरक्षित रहे। हादसे के बाद यात्रियों को दूसरी बसों से प्रतापगढ़ के लिए रवाना किया गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## संविधान दिवस पर सेमिनार आयोजित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिया पीजी कॉलेज के विधि संकाय में बुधवार को संविधान दिवस/राष्ट्रीय विधि दिवस श्रद्धा और गरिमा से मनाया गया। इस अवसर पर मूट कोर्ट कक्ष में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने संविधान के गठन, विकास और महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. एस. नुजहत हुसैन, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. उग्रसेन/डिप्टी डायरेक्टर, लीगल एड क्लीनिक) तथा विधि संकाय के डॉ. पुलकित, डॉ. आकांक्षा, डॉ. अनीस फातिमा, डॉ. प्रीति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विधि के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## आईआईएम लखनऊ ने शुरू की '99 मूनशॉट्स' फ़ेलोशिप

लखनऊ। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) लखनऊ ने डॉक्टोरल शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी विशेष पहल ''99 मूनशॉट्स ऽ 1999 बैच फ़ेलोशिप'' की शुरुआत की है। यह फ़ेलोशिप आईआईएम लखनऊ के पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के 1999 बैच द्वारा संस्थान को प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले शोध कार्य को बढ़ावा देना और संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को मजबूत करना है। फ़ेलोशिप के पहले प्राप्तकर्ताओं के रूप में मिस आयुषी सिंह (ऑपरेशंस एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) और मिस्टर सतीश कुमार (स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट) का चयन किया गया है। आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एम.पी. गुप्ता ने बुधवार को इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि 1999 बैच का यह योगदान शोध उत्कृष्टता के प्रति उनके गहरे समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दोनों चयनित शोधार्थी भविष्य के प्रभावी शोध की दिशा तय करेंगे। डीन (प्रोग्राम) प्रो. संजय सिंह ने भी 1999 बैच के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इसे शोधार्थियों के लिए प्रेरणादायी कदम बताया। 1999 बैच के सदस्य अशिष भगारे ने कहा कि यह फ़ेलोशिप संस्थान की वैश्विक रैंकिंग और शोध उत्पादन को मजबूत करने की दिशा में उनका सामूहिक प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दो पीएचडी शोधार्थियों का चयन किया गया है और आने वाले समय में और भी छात्रों को सहायता प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि डॉक्टोरल प्रोग्राम के चेयरमैन प्रो. पुष्पेन्द्र प्रियदर्शी ने कहा कि यह पहल आईआईएम लखनऊ की शोध प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगी और अधिक पूर्व छात्र इस दिशा में आगे आएंगे। फ़ेलोशिप चयन प्रक्रिया में आवेदकों को अपने शोध प्रस्तावों को चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होता है। फ़ेलोशिप में शामिल प्रावधानों के तहत शीर्ष श्रेणी (कैटेगरी ए) की पत्रिकाओं में शोध प्रकाशित होने पर एक लाख रुपये का प्रकाशन पुरस्कार, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध प्रस्तुत करने हेतु तीन लाख रुपये का सम्मेलन अनुदान, तथा शोध कार्य हेतु आवश्यक शैक्षणिक सहायता भी प्रदान की जाएगी।

## बच्चों को सीखने का समान अवसर देगा स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम : मोनिका रानी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग की महानिदेशक मोनिका रानी ने कहा कि स्कूल रेडीनेस के माध्यम से राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चे को सीखने का समान अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से नोडल एसआरजी और जिला समन्वयक प्रशिक्षण/डायट मेंटर्स अब प्रदेशभर में गतिविधि-आधारित, प्री-स्किल आधारित और बाल-केंद्रित शिक्षण मॉडल को प्रभावी रूप से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

# संविधान निर्माण विषयक व्याख्यान तथा छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संविधान दिवस (26 नवम्बर) के अवसर पर राज्य संग्रहालय लखनऊ (संस्कृत विभाग) एवं अमीरूद्दौला इस्लामिया महाविद्यालय में संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्रांगण में ''संविधान निर्माण विषयक'' व्याख्यान तथा छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन कॉलेज के उपाध्यक्ष श्री हुमायु मिर्जा, एडवोकेट एवं डा विनय कुमार सिंह निदेशक राज्य संग्रहालय लखनऊ के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त छायाचित्र प्रदर्शनी में संविधान के बनने की यात्रा को चित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो0 (डॉ0) मनोज पाण्डेय, अध्यक्ष (लुआक्टा), प्रो0 (डॉ0) नरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष (लुआक्टा) विद्यांत हिन्दू डिग्री कालेज इतिहास विभाग द्वारा किया गया। डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि के पश्चात विभिन्न कालेजों से आये शिक्षकों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर डॉ0 मनोज पाण्डेय जी ने संविधान की प्रस्तावना एवं संविधान के पूर्ण होने तक की यात्रा के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। प्रो0 (डॉ0) नरेन्द्र सिंह द्वारा संविधान निर्माण एवं प्रक्रिया पर अपने विचार व्यक्त किये। सल्य संग्रहालय की प्रतिनिधि डॉ0 अनिता चौरसिया प्रदर्शक व्याख्याता द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर श्री पकन शर्मा-सेफ्टी आफिसर, यातायात प्रशिक्षण पार्क, लखनऊ ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 दिलशाद अहमद अन्सारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। गवर्यक्रम में डॉ0 आफाक अफरोज, डॉ0 सन्तोष अग्निहोत्री, डा0 सईद अख्तर, जमशेद अली, श्रीमती शैला महफूज श्रीमती नाजिया इकबाल, सुश्री सोनाली कश्यप, डा0 आकिल हुसैन एवं मेजर डॉ0 जमाल खान, प्रयानाचार्य अमीरुद्दौला इस्लामिया इण्टर कालेज, कार्यक्रम संयोजिका सुश्री तबस्सुम खान एवं छात्र/छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

# खोला निःशुल्क रैन बसेरा विधायक ने किया उद्घाटन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठंड में बेघर और जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डीवीएस लाइफ फाउंडेशन ने मुंशी पुलिया चौराहा के पास निःशुल्क रैन बसेरे की शुरुआत की है। बुधवार को लखनऊ पूर्वी के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने रैन बसेरे का उद्घाटन किया और फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। फाउंडेशन संस्थापक डीबी सिंह ने बताया कि रैन बसेरे में करीब 50 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। ठंड से बचने के लिए तख्त पर गद्दे बिछाए गए हैं और पर्याप्त संख्या में कंबल उपलब्ध कराए गए हैं। सुरक्षा और प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए प्रवेश केवल आधार कार्ड सत्यापन के बाद ही दिया जाएगा।

# संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में चमके बच्चे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। संविधान संरक्षक संघ अध्यक्ष जितेन्द्र राज त्यागी द्वारा आयोजित संविधान ज्ञान प्रतियोगिता 2025 का परिणाम बुधवार को निगोहा के मस्ती पुर स्थित संविधान वाटिका में घोषित किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र व संविधान की उद्देशिका भेंट की गई।

टीम ए और टीम बी के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार में स्कूटी व लैपटॉप, द्वितीय पुरस्कार में मोबाइल फोन तथा तृतीय पुरस्कार में रेंजर साइकिल प्रदान की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जितेन्द्र राज त्यागी ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर का स्वागत किया। मौके पर पीताम्बर प्रसाद रावत, गुरु प्रसाद रावत, अमरेन्द्र यादव, सन्तोष कुमार दोहरे, अवध राम, आशीष कुमार, अशर्फी लाल धीमान, रामफेर धीमान, हरी शंकर रावत सहित अनेक लोग मौजूद रहे प्रतियोगिता ने बच्चों में संविधान के प्रति जागरूकता और अनुशासित प्रतियोगिता भावना को बढ़ावा दिया।

# राष्ट्रपति के आगमन पर सजा गुलज़ार उपवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 नवंबर को ब्रह्मा कुमारीज संस्थान के सुल्तानपुर रोड, साहू सिटी के पास स्थित गुलजार उपवन राजयोग ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान की इस वर्ष की थीम- विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगी। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में जिला, तहसील स्तर से लेकर कस्बों और गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राष्ट्रपति 28 नवंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित समारोह को संबोधित करेंगी और इसके बाद कुछ देर के लिए मेडिटेशन रूम में ध्यान करेंगी। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को गुलजार उपवन राजयोग ट्रेनिंग सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

इसमें संस्थान के अतिरिक्त महासचिव राजयोगी बीके डॉ. मृत्युंजय भाई ने बताया कि आज वैश्विक परिदृश्य में दुनिया को सबसे ज्यादा विश्व एकता और विश्वास की जरूरत है। एकता में सबसे बड़ी शक्ति है। हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति है। इसी को देखते हुए इस वर्ष ब्रह्माकुमारीज द्वारा वार्षिक थीम विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान रखी गई है। इस थीम के तहत संस्थान के विश्व के 140 देशों में स्थित आठ हजार से अधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी थीम का उत्तर प्रदेश का राज्य स्तरीय शुभारंभ माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा 28 नवंबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।



थीम के तहत लोगों को एकता बनाए रखने और जीवन में योग को शामिल करने का संदेश दिया जाएगा।

गुलजार उपवन राजयोग ट्रेनिंग सेंटर की निदेशिका बीके राधा और बीके मंजू ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन के बताए अनुसार सभी प्रोटोकॉल और सुरक्षा मापदंडों को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यक्रम को लेकर निगरानी और दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति जी कुछ समय के लिए मेडिटेशन रूम में ध्यान भी करेंगी। वरिष्ठ राजयोग शिक्षक बीके नथमल भाई ने भी संबोधित किया।

निदेशिका बीके राधा दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज का नवनिर्मित गुलजार उपवन राजयोग ट्रेनिंग सेंटर परिसर तीन एकड़ में बनाया गया है। पहले फ़ेज में दिव्य संस्कृति भवन का निर्माण किया गया है। जिसमें दो सेमीनार हाल बनाए गए हैं, जिसमें 200-200 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। साथ ही मेडिटेशन रूम है। पांच हजार लोगों के भोजन बनाने के लिए बड़े भंडारे का भी निर्माण किया गया है। इस भवन में 200 से अधिक लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। वहीं दूसरे फ़ेज में दो हजार लोगों की क्षमता का विशाल ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। तीसरे फ़ेज में 300 लोगों की ठहरने की व्यवस्था के हिसाब से भवन का निर्माण किया जाएगा। दिव्य संस्कृति भवन का भूमिपूजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संस्थान की तत्कालीन मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी ने 5 नवंबर 2019 को किया था। बीके मंजू दीदी ने बताया कि आज से 70 साल पूर्व वर्ष 1955 में हजरत गंज में संस्थान का पहला सेवाकेंद्र खोला गया था। इस दौरान कुछ समय के लिए संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा और प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती भी यहां राजयोग का संदेश देने के लिए पधारे थे। वर्तमान में राजधानी क्षेत्र में 21 सेवाकेंद्र संचालित हैं, जिनमें 100 से अधिक ब्रह्माकुमारी बहनें समर्पित रूप से सामाजिक कल्याण के लिए सेवा में समर्पित हैं।

# नैमिषारण्य 84 कोसी परिक्रमा मार्ग होगा सुसज्जित: जिलाधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में शिविर कार्यालय में मंगलवार को पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वदेश दर्शन 2.0 के कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य क्षेत्र के 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले समस्त पड़ावों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर समस्त पड़ावों पर नियमानुसार कार्ययोजना प्रस्तावित करें। उन्होंने स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रेजेंटेशन का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यो की उपयोगिता के दृष्टिगत आवश्यक संशोधनों के साथ कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि संचालित कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, परियोजना प्रबंधक इरफान सिद्दीकी, पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भण्डारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कसमण्डा उपकेंद्र निरीक्षण में लापरवाही उजागर, जिलाधिकारी ने आशा व एएनएम पर की सख़्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। (ब्यूरो) जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने विकास खण्ड कसमण्डा के उपकेन्द्र जयरामपुर में आयोजित वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थल पंचायत घर ग्राम समदापुर पर आगनंबाड़ी केन्द्र में वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र प्रियंका भारती एंव आशा रामश्री द्वारा आयोजित किया जा रहा था। सत्र के दौरान रामश्री आशा द्वारा अद्यतन ड्यूलिस्ट सत्र स्थल पर उपलब्ध पायी गयी। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी के पास उपलब्ध लॉजिस्टिम क्रियाशील नही थें। जिलाधिकारी ने जल्द ही हुये प्रसूता का प्रसव प्रा0स्वा0 केन्द्र, कमलापुर पर दिनांक 14.11.2025 को हुआ था, जिसकी जानकारी दूरभाष पर वार्ता कर उनको दी गयी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रसूता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये, उनको सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक जानकारी से अवगत कराया जाये। यदि किसी प्रकार की कोई शिकायत संज्ञान में आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

निरीक्षण के दौरान प्रियंका भार्ती ए0एन0एम0 उपस्थित थी परन्तु उनके पास हीमोग्लोबिनोमीटर, क्रियाशील नहीं पाया गया, जिसको क्रियाशील करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई ने पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये साफ-सफाई कराने के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने हाईरिस्क प्रोग्नेंसी (एच0आर0पी0) के रजिस्टर का अवलोकन किया तथा संबंधित को निर्देशित किया कि एच0आर0पी0 वाली महिलाओं से समन्वय स्थापित करते हुये समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायें। जिलाधिकारी ने अब तक किये गये टीकाकरण की जानकारी करते हुये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि टीकाकरण करते समय कार्ड पर मौके पर ही दिनांक का अंकन किया जाये तथा टीकाकरण का अभिलेखीकरण भी सही ढंग से किया जाये। जिलाधिकारी ने कार्यो में लापरवाही बरतने पर आशा रामश्री को स्पष्टीकरण जारी करने, ए0एन0एम0 को प्रतिकूल प्रविष्ट दिये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बी0पी0एम0 को निर्देश दिये कि आशा कार्यकत्री का 15 दिवस का मानदेय तथा डी0एच0एस0 में प्रस्ताव लाते हुये ए0एन0एम0 का वेतन 15 दिवस का वेतन काटने हेतु कार्यवाही की जाये।

# खाकी पर उठ रहे लगातार सवाल छेड़छाड़ पीड़िता का मिला शव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां । तालगांव थाना क्षेत्र के जनकपुरवा मजरा मदनपुर गढ़ी में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार 29 सितंबर की शाम करीब 7 बजे लखाना पत्नी रामलखन की बेटी निशा (15) के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इस प्रकरण में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी।

आरोप है कि घटना के बाद गांव के ही सर्वेश (20) आदि ने दबाव बनाकर समझौता करा लिया था। घटना को बीते अब लगभग डेढ़ महीना हो चुका है, लेकिन निशा के परिजन इस पूरे प्रकरण में विरोधियों पर लगातार आशंका जताते रहे।

परिजनों का आरोप है कि समझौते के बाद भी उनकी बेटी लगातार दबाव और डर में जी रही थी। इसी बीच 25 नवंबर को नाबालिग निशा का शव गांव के पास गन्ने के खेत में संदिग्ध हालात में मिला, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी तथ्यों,और आरोपों की बारीकी से जांच में जुटी हुई है।

ग्रामीणों का मानना है कि मामले में जल्द ही बड़ा खुलासा हो सकता है, जबकि परिजन इसे हत्या बताते हुए कड़े कदम की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

महिला ने खाकी पर लगाए गंभीर आरोप

थाना क्षेत्र बिसवां की एक महिला ने क्षेत्र में तैनात एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी सीतापुर से न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है, प्रार्थिनी ने दरोगा पर आरोप लगाते हुए बताया कि तैनात दरोगा ने उसे व उसके परिजनों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी को लेकर गन्दी नीयत से अपने कमरे पर बुलाया न आने और बात लीक करने की स्थिति में जान माल की धमकी भी दी। अब सवाल ये उठ रहा है यदि संगीन अपराधों में दर्ज मुक़द्दमे के उपरांत भी पुलिस जबरिया सुलह समझौता करा रही है और एक पीड़िता के साथ मारपीट, अश्लील वक्तव्य के साथ धमकी दी जा रही है तो खाकी पर बदनुमा दाग लगेंगे ही, उक्त गंभीर मामलों में निष्पक्ष जाँच की परम आवश्यकता है अन्यथा खाकी से उठ जाएगा आमजन का विश्वास।

# कलेक्ट्रेट में गूंजा संविधान का संदेश, डीएम की मौजूदगी में उद्देशिका का पाठन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद में संविधान दिवस को पूरे उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने बाबा साहब को नमन किया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी और सुनी गई।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संविधान भले ही 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, लेकिन संविधान सभा ने इसे 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत कर लिया था। संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कर्तव्यों का बोध कराना है। उन्होंने सभी से राष्ट्रहित और लोकहित को सर्वोपरि मानते हुए संविधान के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आत्मा हमारे संविधान में निहित है। संविधान निर्माताओं ने विभिन्न देशों के संविधानों का अध्ययन कर भारत की संस्कृति, चेतना और विरासत को समेटते हुए एक सशक्त संविधान का निर्माण किया, जो आज भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है।

कार्यक्रम में एसओसी संजय आनंद, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी सुरेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# खीरी में एक साथ 481 जोड़ों का विवाह गूंजी शहनाई, छलके जज़्बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरीऽ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को लखीमपुर खीरी जिले में अभूतपूर्व आयोजन हुआ, जहां कुल 481 जोड़ों ने एक साथ वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। डीएस कॉलेज ग्राउंड में 391 जोड़ों ने सात फ़ेरे लिए और निकाह पढ़ा, जबकि निघासन के वरदान पैलेस में 90 बेटियों का विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, विधायक मंजू त्यागी, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सहित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया और सरकार द्वारा किए गए उपहार वितरित किए।

समारोह के दौरान अधिकारी और जनप्रतिनिधि पारंपरिक पगड़ी पहनकर मंच पर पहुंचे, जिससे माहौल में अपनत्व और गरिमा का संदेश गया। जिलाधिकारी ने स्वयं उपहार सामग्री और भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत कन्या के बैंक खाते में 60 हजार रुपये की राशि सीधे भेजी जाती है। विधायक योगेश वर्मा और विधायक मंजू त्यागी ने भी योजना को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध प्रभावी कदम बताते हुए इसे गरीब परिवारों के लिए संबल बताया।

विवाह के उपरांत विदाई के समय भावुक दृश्य देखने को मिले। बेटियों की आंखों में मायके से बिछड़ने का दर्द था तो माता-पिता के चेहरों पर संतान के भविष्य को लेकर संतोष झलक रहा था। जिला प्रशासन की देखरेख में संपन्न यह आयोजन सामाजिक समरसता और सरकारी योजनाओं की सफल मिसाल बनकर सामने आया।

# सहायक अध्यापक की बहाली हेतु भारतीय दलित पैंथर ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। प्रा. वि. खींचनपुरवा विकास खंड नकहा मे कल्पना को अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर मे बी एस ए द्वारा झूठे छेड़छाड़ के आरोप मे निलंबित कर दिया गया था,जिसको लेकर भारतीय दलित पैंथर ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय दलित पैंथर ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि दिनांक 17.09.2024 को इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कल्पना जोकि प्रा.वि. खींचनपुरवा नकहा मे कार्यरत थी जिनको जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी एवं सहायक अध्यापिका उमा त्रिपाठी ने पुष्पन श्रीवास्तव डी सी एम आई एस के षड्यंत्र के चलते अध्यापिका उपस्थिति रजिस्टर मे छेड़छाड़ के आरोप मे निलंबित कर दिया गया था जोकि गलत था।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा अपनी रिश्तेदार उमा त्रिपाठी सहायक अध्यापक कि मदद से अध्यापक रजिस्टर को चोरी करवा दिया गया था,चुंकि निलम्बन के जांच अधिकारी द्वारा जांच के दौरान 10.12.2024 नोटिस के माध्यम से कल्पना प्रधानाधापिका इंचार्ज से मूल अभिलेख से अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर मांगा तत्पश्चात कल्पना द्वारा शारदानगर थाने मे रजिस्टर चोरी हो जाने का प्रार्थना पत्र 14.12.2024 को दिया गया।

पुलिस ने अपनी जाँच मे वीडियोग्राफी और बयानों के आधार पर पाया कि अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर सहायक अध्यापक उमा त्रिपाठी के द्वारा ही गायब किया गया है,जिसके वावजूद अभी तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रभाव के चलते रजिस्टर चोरी की एफ आई आर दर्ज नही की गयी है और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा हाईकोर्ट खंड पीठ लखनऊ के आदेशों का भी पालन नही किया जा रहा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बार बार कहा गया है कि जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के द्वारा निर्देशित किया गया है कि कल्पना इंचार्ज की दोषमुक्त बहाली नही होनी चाहिए ।

प्रार्थिनी की मांग...!!

प्रधानाध्यापिका कल्पना द्वारा लगभग जिले के सभी अधिकारियों से अपनी बात कही गयी किन्तु कहीं भी न्याय नही मिला वहीं दूसरी तरफ जिले के विभागीय अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रार्थिनी का लगातार मानसिक शोषण किया गया व अन्य अधिकारियों से कराया गया। भारतीय दलित पैंथर ने प्रार्थिनी की तरफ से मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रार्थिनी के मूल अभिलेख अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर जो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहायक अध्यापक उमा त्रिपाठी द्वारा चोरी कराया गया है उस पर मुकदमा दर्ज कराया जाए,क्यूंकि जब तक मूल अभिलेख नही मिलेगा तब तक प्रार्थिनी कल्पना दोषमुक्त बहाल नही हो पायेगी।

कार्यवाही नही तो महाआंदोलन को विवश होगा भारतीय दलित पैंथर...!!

भारतीय दलित पैंथर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि सहायक अध्यापक उमा त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही नही की जाती है तो संगठन जिले मे महा आंदोलन करने को विवश होगा।

इस सम्बन्ध मे जिलाधिकारी को 26.11.2024 को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था तथा 15.05.2025 को भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया किन्तु कोई कार्यवाही नही की गयी।

# भारतीय दलित पेंथर ने संविधान दिवस पर पैदल यात्रा का किया गया आयोजन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। संविधान दिवस के सुनहरे अवसर पर अम्बेडकर पार्क से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च का आयोजन किया गया। जनपद लखीमपुर खीरी मे राष्ट्रीय संयोजक मनोज भारती के नेतृत्व मे भारतीय दलित पैंथर के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम ने संविधान दिवस के सुनहरे अवसर पर पैदल मार्च व सभा का आयोजन किया। आयोजित की गयी सभा भारतीय दलित पैंथर के राष्ट्रीय संयोजक मनोज भारती व जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम ने संविधान दिवस के बारे मे विस्तार से बताया और संविधान मे वर्णित हमारे अधिकारों के बारे मे बताया। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित पैदल मार्च बिलोबी हाल के पास स्थित अम्बेडकर पार्क से हमदर्द चौराहा,कोतवाली सदर,रोडवेज बस अड्डा से सौजन्या चौक होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे।

# शारदा नहर में गिरी कार, पांच की दर्दनाक मौत, चालक गंभीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पढुआ खीरी । थाना पढुआ क्षेत्र के अंतर्गत ढखेरवाऽगिरजापुरी हाईवे पर पारस पुरवा गांव के पास मंगलवार देर रात बड़ा हादसा हो गया, जब एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर शारदा नहर में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कार में चालक सहित कुल छह लोग सवार थे, जो बहराइच जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र से शादी समारोह से लौट रहे थे। कार गिरते ही नहर के तेज बहाव में डूब गई। बताया जा रहा है कि कार के गेट लॉक हो जाने के कारण अंदर बैठे लोग बाहर नहीं निकल सके और तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। कार के गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। टॉर्च की रोशनी में ग्रामीण नाव की सहायता से नहर में उतरे, रस्सी से कार को बांधकर बाहर निकाला और शीशे तोड़कर सभी को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को आनन-फानन में एक्सए रमिया बेहड़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायल चालक का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान जितेंद्र पुत्र विपिन बिहारी, घनश्याम पुत्र बल्लू, लालजी पुत्र मेवा लाल, अजीमुल्ला पुत्र अज्ञात और सुरेंद्र पुत्र विशुसोखा, सभी निवासी थाना सुजौली, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। घायल चालक बबलू पुत्र राजेश निवासी गिरजापुरी बताया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बताया गया कि सभी मृतक घाघरा बैराज में कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## एसपी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता व संवैधानिक मर्यादाओं की रक्षा के लिए दिलाई शपथ



शाहजहांपुर। संविधान दिवस पर पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय और जनपद के समस्त थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं संवैधानिक मर्यादाओं की रक्षा के लिए शपथ दिलाई गई। पुलिस उच्च अधिकारियों ने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्यों तथा संविधान में निहित आदर्शों, मूल्य एवं उद्देशिका के बारे में बताया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि भारतीय संविधान हमारा सर्वोच्च मार्गदर्शक है। पुलिस का प्रत्येक निर्णय, प्रत्येक कार्य तथा प्रत्येक कदम संविधान की भावना के अनुरूप होना चाहिए। न्याय, समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुताकृ यही हमारी कार्यशैली की आधारशिला है। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन/ यातायात, प्रतिसार निरीक्षक, रिक्रूट महिला आरक्षी सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपा नेताओं ने लिया भारत के संविधान को बचाने का संकल्प



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के बिजलीपुरा स्थित जिला कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में गोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसमें समाजवादी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने भारत के संविधान को बचाने का संकल्प लिया। तनवीर खान ने कहा कि आजाद भारत देश के इतिहास का 26 नवंबर सबसे महत्वपूर्ण और खुशी का दिन है, क्योंकि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार किया गया था। जिसको पूर्ण रूप से 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। जिसका श्रेय बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को जाता है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव पार्थ यादव, दुर्गेश कुमार, जाफरीन, डॉ जफर, हफीज अंसारी, बिलाल, जबर सिंह, नीलम, रानू खान, सुनील यादव, सिद्दीक खान, अनिल दास, अब्दुल समद, यश मौर्य, जगवीर राजपूत, आरिफ खान आदि कई लोग मौजूद रहे।

# बजरंग ब्लास्टर ने 64 तो साइन ब्लास्टर ने 38 रनों से अपनी-अपनी प्रतिद्वंदी टीम को किया धराशाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित जीएस हीरो जूनियर क्रिकेट प्रिमियर लीग के आज दो मैच खेले गए पहला मैच बजरंग ब्लास्टर बनाम रॉयल चैलेंजर्स के मध्य खेला गया। इसमें बजरंग ब्लास्टर ने अभी तक के टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर बनाया 202 रन का विशाल स्कोर 6 विकेट गवाते हुए खड़ा किया। जिसमें सर्वाधिक स्कोर आयुष कुमार ने 72 रन 40 गेंद में तीन छक्के 10 चौके लगाएं। कृष्णा सक्सेना ने 50 रन 41 गेंद में 7 चौकों के साथ जड़े। अभिषेक कश्यप ने 27 रन 13 गेंद में दो छक्के दो चौके लगाए। रॉयल चैलेंजर्स के सफल गेंदबाज रहे हिमांशु दो विकेट ओजस दो विकेट लक्ष्य का पीछा करने उतरी। रॉयल चैलेंजर्स के बल्लेबाजों ने तेजी से 6 ओवर में 52 रन बनाए। 18.3 ओवर में खेलते हुए 144 रनों पर सभी विकेट गिर गए। जिसमें दक्ष मिश्रा ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 64 रन 48 गेंद में, हिमांशु 20 रन, ऋतिक 19 रन,कृष्णनव ने 12 रन बनाये। बाकी बल्लेबाज चल न सके बजरंग ब्लास्टर के गेंदबाजों ने सदी हुई गेंदबाजी की। अंशुल चौहान ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट झटके। कुणाल पाल ने चार ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट चटकाए। अरुण कृष्णा गोविंद यादव ने एक-एक विकेट लिया बजरंग ब्लास्टर ने 58 रनों से अपना तीसरा लीग मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया 6 अंकों के साथ अगले राउंड में पहुंच गई मैन ऑफ द प्लेयर आयुष कुमार घोषित किए गए इसी के साथ दूसरा मैच साइन ब्लास्टर बनाम सुपर किंग के मध्य खेला गया साइन ब्लास्टर के कप्तान विशाल राजपूत ने टॉस जीतकर कर पहले खेलते हुए 18.5 ओवरों में सभी विकेट गंवाते हुए 156 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें सानिध्य यादव 22 रन विशाल दर्शन हर्षित लाज पटेल 16 रन आशीष गुप्ता 10 रन सुपर किंग के सफल गेंदबाज निशांत ने तीन विकेट निष्कर्ष को दो विकेट ओम हरि प्रिंस यादव को एक-एक विकेट मिला और तीन विकेट रन आउट हुए लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 पॉइंट चार ओवरों में 118 रन पर सभी विकेट पवेलियन वापस चले गए जिसमें ओम हरि यादव ने कुछ देर संघर्ष किया 23 गेंद में 46 रन जिसमें पांच छक्के तीन चौके लगाए निष्कर्ष ने 17 रन तीन विकेट स्टंप किए गए लाज पटेल चार ओवर में 23 रन 4 विकेट सानिध्य यादव दो ओवर 9 रन 3 विकेट लाज पटेल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया आज के मैच की अंपायरिंग वसीम उल हसन और छोटू ने की। साइन ब्लास्टर ने 38 रनों से अपना मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मौके पर रविंद्र सक्सेना अध्यक्ष दीपक सक्सेना युद्धवीर सिंह यादव रोहित शर्मा रामपाल यादव इस मैच को देखने वाले चांदनी शर्मा वैशाली और करिश्मा शर्मा संगठन के सचिव संतोष बाबू शर्मा ने बताया कल भी दो मैच खेले जाएंगे।

## गला रेतकर बहन की हत्या करने वाला आरोपी भाई गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस व फील्ड यूनिट की संयुक्त टीम ने बहन की गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव इटौरा गौटिया निवासी मदनपाल की 22 वर्षीय पुत्री मैना देवी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मैना का शव घर से कुछ दूर खेत पर पड़ा मिला था। इस मामले में पुलिस टीम ने मृतका के छोटे भाई शेर सिंह उर्फ शेरा उर्फ शेरू को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त शेरा उर्फ शेरू ने बताया कि उसके पिता ने बहन मैना की शादी कई जगह तय करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी बहन मैना बार-बार शादी करने से मना कर देती थी। उसे पता चला कि बहन मैना कई लोगों से फोन पर बात करती है। उसने मैना से पूछा कि तुम किससे बात करती हो, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। मैना की हरकतों से परिवार के सभी लोग परेशान थे, इसलिए उसने बहन मैना का मोबाइल अपने पास रख लिया। बताया कि मंगलवार सुबह करीब नौ बजे उसकी बहन मैना खेत पर आई और उससे मोबाइल मांगने लगी, उसने मोबाइल देने से मना किया, तो वो उससे लड़ने लगी, कहा कि तुम लोग जहां उसकी शादी करना चाहते हो, वो वहां शादी नहीं करेगी।

# जिम्मेदारों की मिलीभगत से बिना जाँच एवं मानक के बिक रहा, लोकल आर ओ वाला जल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सहालग सीजन में डिब्बा वाटर कूलर बंद पानी की मांग बढ़ी है। जिले में करीब सौ से अधिक आरओ प्लांट लगे हैं। इनके जरिए लोगों के घरों, दुकानों व शादी विवाह में पानी पहुंचाया जा रहा है। मगर इस पानी की न तो गुणवत्ता की कोई जांच हो रही है, न ही कोई देखने वाला है। जल निगम सिर्फ पानी की जांच करता है, जबकि इसकी निगरानी की जिम्मेदारी खाद्य विभाग की है। ऐसे में पानी का कारोबार भरोसे पर हो रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में करीब सौ से ज्यादा आरओ प्लांट चल रहे हैं। वर्तमान में शुद्ध पानी के नाम पर घरों, दफ्तरों में जार के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है। लेकिन पानी की शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। वजह, इस पानी के गुणवत्ता की न तो जांच होती है और न ही साफ- सफाई की किसी प्रकार की निगरानी होती है। कुछ तो बिना पंजीकरण के ही चल रहे हैं। पन्दरह से बीस लीटर पानी के प्रति जार की कीमत बीस से तीस रुपये लिए जा रहे हैं। इसके अलावा बोतल बंद पानी में रसायन की मात्रा, उत्पादन और खराबी की तिथि तक नहीं लिखी जा रही है। ऐसे में शुद्ध पानी के नाम पर जल निगम सिर्फ पानी की जांच करने के लिए ही अधिकृत है। लोगों को सिर्फ ठंडा पानी पिलाया जा रहा है।अशुद्ध पानी से सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।जिम्मेदार अधिकारी भी आरओ प्लांट संचालकों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। रासायनिक युक्त पानी से हो सकती जानलेवा बीमारियां जिला चिकित्सालय के सी एम एस डॉ अमित वार्ष्णेय का कहना है कि पानी में रासायनिक पदार्थों के संतुलन की अनदेखी से न केवल किडनी लिवर जैसे अंगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है अपितु रसायनों की अधिकता से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है। ऐसे में लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पानी ही पीना चाहिए। केवल डिब्बा बंद पानी के नाम पर शुद्धता की गारंटी नहीं है। ऐसे में लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है।

## पत्रकार हर वर्ग की आवाज़ को जिम्मेदारी के साथ सामने रखते हैं : दुर्गा टंडन

चन्दौसी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक रेस्टोरेंट में महिला मंच की बैठक का आयोजन किया गया, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया एवं पुष्प अर्पण किए। आराध्या वुमेन एंड चाइल्ड वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या एवं विख्यात कवित्री डॉ. अंजु सिंह रहीं। डॉ. अंजु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ल्लपत्रकार वह जो हर वर्ग की आवाज़ को जिम्मेदारी के साथ सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र को मजबूती देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। समारोह का संचालन एसोसिएशन की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने किया अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा पत्रकारिता केवल लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ नहीं, बल्कि वह शक्ति है जो राष्ट्र के सत्य को जीवित रखती है। पत्रकारिता केवल खबरें नहीं देती, यह समाज की सोच और दिशा तय करने वाली शक्तिशाली कलम है। उन्होंने निष्पक्ष मीडिया को लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए पत्रकारों की निष्ठा और साहस की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्रीमती पूनम अरोड़ा ने सभी आगंतुकों व सम्मानित पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार बंधुओं का सम्मान हमारे लिए गौरव की बात है। समारोह में एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मानित पत्रकार बंधुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, डॉ दुर्गा टंडन ,रानी अरोड़ा, योग्यता कोहली, रेखा रस्तोगी , अंजू अरोड़ा आदि संस्था के सदस्य एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## समारोह का आयोजन

सम्भल कैनविज टाइम्स संवाददाता। आराध्या वुमेन एंड चाइल्ड वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या एवं विख्यात कवित्री डॉ. अंजु सिंह रहीं। डॉ. अंजु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ल्लपत्रकार वह जो हर वर्ग की आवाज़ को जिम्मेदारी के साथ सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र को मजबूती देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। समारोह का संचालन एसोसिएशन की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने किया अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा पत्रकारिता केवल लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ नहीं, बल्कि वह शक्ति है जो राष्ट्र के सत्य को जीवित रखती है। पत्रकारिता केवल खबरें नहीं देती, यह समाज की सोच और दिशा तय करने वाली शक्तिशाली कलम है। उन्होंने निष्पक्ष मीडिया को लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए पत्रकारों की निष्ठा और साहस की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्रीमती पूनम अरोड़ा ने सभी आगंतुकों व सम्मानित पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार बंधुओं का सम्मान हमारे लिए गौरव की बात है। समारोह में एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मानित पत्रकार बंधुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, डॉ दुर्गा टंडन ,रानी अरोड़ा, योग्यता कोहली, रेखा रस्तोगी , अंजू अरोड़ा आदि संस्था के सदस्य एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## किशोर श्रमिको के चिन्हांकन एवं अवमुक्तिकरण हेतु अभियान चलाया गया

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रम विभाग द्वारा बाल एवं किशोर श्रम(प्रतिशोध एवं विनियमन) 1986, यथा संशोधित अधिनियम 2016 के अन्तर्गत एएचटीयू की टीम के साथ बाल एवं किशोर श्रमिको के चिन्हांकन एवं अवमुक्तिकरण हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मेसर्स दानिश आयरन एण्ड स्टील वर्कशाप जियारत शाहबुला की जिगर कालोनी रोड, एवं मेसर्स दिव्या स्वीट्स जिगर कालोनी बिजली घर के पास से 02 बाल श्रमिको का चिन्हांकन किया गया। इन प्रतिष्ठानों के नियोजको द्वारा अधिनियम का उल्लघंन किये जाने के कारण सम्बन्धित नियोजको के विरूद्ध अधिनियम के अनुरूप अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री केपी सिंह द्वारा नियोजको को भविष्य मे बाल एवं किशोर श्रमिकों से कार्य न लिये जाने हेतु सचेत किया गया। टीम में श्री केपी सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी, डा0 महेश भारद्वाज सब इन्स्पेक्टर, प्रभारी एएचटीयू शामिल रहे।

## रसोई में फंदे से लटका मिला युवक का शव

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। ककराला कस्बे के वार्ड नौ निवासी अरहान खान (18) पुत्र छोटे खां का शव सुबह उसी के घर की रसोई में फंदे से लटका मिला है। सुबह जब मां ने शव लटका देखा तो उनकी चीख निकल गई। इसके बाद परिवार के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक परिवार के साथ कांशीराम कॉलोनी में रहता था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। युवक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। आर्थिक तंगी के कारण वह अक्सर तनाव में रहता था। अरमान की शादी दो साल पहले बदायूं निवासी मंतशा से हुई थी। मंतशा ने बताया कि उनके पति को कभी मजदूरी मिलती थी और कभी नहीं। इससे घर में हमेशा आर्थिक तंगी बनी रहती थी। अरमान के कोई बच्चा नहीं था। पत्नी मंतशा के पहले पति से दो बच्चे हैं। उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी उसी पर थी। परिवार की जिम्मेदारी और आय का कोई मजबूत स्रोत न होने के कारण घर में हर समय कलह का वातावरण बना रहता था। इसी के चलते वह अवसाद में आ गया और आत्महत्या कर ली है। अरमान की मां गुड्डी ने बताया कि वह खुद एक मैरिज लॉन में काम करती हैं। उनका बेटा पानीपत में काम करने जाने वाला था। उसने कहा था कि मैरिज लॉन वाला मुझे भी वहां काम दिला देगा, लेकिन रात में उसने यह कदम उठा लिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। उसने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी की जा रही है।

## पालिकाध्यक्ष की मौजूदगी में कर्मचारियों ने ली शपथ

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा की उपस्थिति में सभी कर्मचारियों ने संविधान की रक्षा करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में संविधान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई।. पालिकाध्यक्ष ने बताया कि संविधान दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने का संदेश देता है। उपस्थित सभी कर्मचारियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर पालिका खालिद अली खॉ, नवेद इकबाल गनी, सूर्य प्रकाश सक्सेना, सचिन सक्सेना, रजनेश चन्द्रा, जहांगीर, विनोद प्रकाश सोनकर, महेश बाबू, मनोज सोनकर, देवेन्द्र सक्सेना, मनोज सक्सेना, इमरान, फिरोज अली, नोमान, विकास भारद्वाज आदि समेत कर्मचारी मौजूद थे।

## आरटीएम द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। आरटीएम संस्था द्वारा नगर भामाशाह चौक पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना रहा। इस अभियान में संस्था की अध्यक्ष रिया तन्वीर ने नेतृत्व किया। उनके साथ नीशु, अलीना तन्वीर, रफत, जमशेद, लुभना तन्वीर, जुगनू सहित अन्य सदस्यों ने प्रतिभाग किया। सभी ने सड़क सुरक्षा से जुड़े पोस्टर, स्लोगन और जागरूकता संदेशों के माध्यम से राहगीरों को नियमों का पालन करने की अपील की कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गति सीमा का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों को लोगों तक पहुंचाया। आरटीएम संस्था ने बताया कि आगे भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। स्थानीय लोगों ने भी अभियान की सराहना की और संस्था के प्रयासों को सराहा।

# छात्राओं को बोतल में पेशाब मिलाने वाले दो छात्र किशोर न्यायालय में किए पेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। तीन छात्राओं की पानी की बोतल में पेशाब मिलाने के मामले में पुलिस ने दो छात्रों को किशोर न्यायालय में पेश किया, जहां से उनको रिहा कर दिया गया। अन्य दो छात्रों की पुलिस तलाश कर रही है। उन्हें भी किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। बता दें कि इस घटना में दूसरे समुदाय के चारों छात्रों के नाम सामने आने के बाद उनके पिता को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा हुआ है। उसहैत कस्बे में स्थित चमेली देवी हायर सेकेंडरी स्कूल में 20 नवंबर को कक्षा सात की तीन छात्राएं मध्यम अवकाश के दौरान स्कूल की छत पर गईं थीं। जब वह नीचे लौट रहीं थीं तभी कक्षा 7 और 8 के चार छात्रों ने उनकी क्लास में रखीं पानी की बोतलें सीढ़ियों पर उन्हें पकड़ा दीं। कहा कि तुम्हारी बोतलें कक्ष में रह गईं थीं। छुट्टी होने के बाद छात्राएं घर पहुंच गईं। जब उन्होंने बोतल खाली की तो उसमें से तेज बदबू आई। शक होने पर उन्होंने यह बात घरवालों को बताई। मामले की जानकारी मिलते ही छात्राओं के घरवाले स्कूल पहुंचे और स्टाफ से इसकी शिकायत की। अगले दिन 21 नवंबर को भी स्कूल की तरफ से कोई कार्रवाई न होने पर 22 नवंबर को घरवालों ने इसकी शिकायत हिंदू संगठन के पदाधिकारियों से की। इसके साथ ही चारों छात्रों के खिलाफ उसहैत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने दो किशोर छात्रों को पूछताछ के लिए बुलाया। उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उन्हें किशोर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को किशोर जेल भेजा गया है। इंसपेक्टर अजयपाल सिंह ने बताया कि दो छात्रों से पूछताछ के बाद उनको किशोर न्यायालय भेजा गया, जहां से उनको रिहा कर दिया गया है। अन्य दो छात्रों की तलाश की जा रही है।

# बरात व पिकनिक के लिए अब रोडवेज बसों की बुकिंग हुई आसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बरात या पिकनिक जाने के लिए रोडवेज बसों की बुकिंग आसान हो गई है। निजी कार्यक्रम के लिए रोडवेज की बुकिंग 400 किमी व 24 घंटे के लिए सिर्फ 27,808 रुपये में की जा सकती है। पहले यात्रा तिथि से एक माह पहले बुकिंग करानी पड़ती थी, लेकिन अब इस अवधि को घटाकर एक सप्ताह कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शादी या पिकनिक के लिए बस की बुकिंग कराने के लिए एआरएम ऑफिस में प्रार्थना पत्र देना होता है। इसके साथ ही शादी का कार्ड भी लगाना होता है। बस की बुकिंग चार सौ किलोमीटर आना-जाना होना चाहिए। इससे कम दूरी होने पर भी रुपये चार सौ रुपये किलोमीटर की दूरी के हिसाब से ही देने होंगे। चार सौ किलोमीटर से ऊपर जाने पर रुपये बढ़ जाते हैं तो दो सौ किलोमीटर की दूरी के लिए रोडवेज की बसों की बुकिंग की जा रही है। निगम के बेड़े में 106 और अनुबंधित की हैं 44 बसें

परिवहन निगम के बेड़े में 106 तो अनुबंधित की 44 रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति निजी बस की तरह रोडवेज बस की बुकिंग करा सकता है। इसके लिए डिपो में यात्रा से एक सप्ताह पहले आवेदन करना होगा। कम किराये में बस की सुविधा मिल सके, इसके लिए परिवहन निगम ने 400 किलोमीटर तक के लिए 27,808 रुपये किराया निर्धारित किया है। डिपो ने अपनी आय बढ़ाने और लोगों की सुविधा के लिए बसों को बुक करने की सुविधा दी है। डिपो में संचालित बसों में से सात बसें बिल्कुल नई हैं जो पिछले माह ही आई हैं। यह बसें पूरी तरह से फिट व मेंटेन हैं। डिपो में तीन एसी बसों का किराया अभी तय नहीं डिपो में तीन एसी बसें हैं। दो बसें हाल ही में डिपो के बेड़े में शामिल हुईं हैं। गर्मी के दिनों में इन बसों की मांग बढ़ेगी। लोगों को इसका भरपूर लाभ दिया जाएगा। इसके लिए किराए का अलग से निर्धारण किया जाएगा। रोडवेज बसों की बुकिंग यात्रा के एक माह पहले कराने की शर्त समाप्त हो गई है। अब यात्रा के एक सप्ताह पूर्व रोडवेज डिपो पर पहुंचकर बुकिंग करा सकते हैं। 400 किमी व 24 घंटे का शुल्क 27808 रुपये निर्धारित। इतनी दूरी के लिए प्राइवेट बसों की बुकिंग 30 से 35 हजार में होती है। परिवहन निगम की बस सस्ती व सुरक्षित है।

## यातायात व्यवस्था फ़ेल, बाजार में जाम से पब्लिक बेहाल

बदायूं। शहर के व्यस्ततम बड़ा बाज़ार चौराहे पर दोपहर को एक भीषण जाम लग गया। हालत यह रही कि सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर की सरकारी गाड़ी भी इस जाम में बुरी तरह फंस गई। करीब बीस मिनट तक जाम के झाम से जूझने के बाद उनकी गाड़ी रास्ता निकाल पाई ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चौराहे पर अव्यवस्थित ट्रैफिक, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहन और दुकानों के सामने अतिक्रमण के कारण जाम बेहद गंभीर रूप ले लेता है। कई बार पुलिस अधिकारी भी इससे बच नहीं पाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़ा बाज़ार चौराहा रोज़ाना जाम की समस्या से जूझता है। लेकिन समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। लोगों ने ट्रैफिक पुलिस से कड़ी निगरानी, अतिक्रमण हटाने और वाहन पार्किंग व्यवस्था सुधारने की मांग की है। हालांकि पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार शहर को जाम से मुक्त कराने की कबायद की जाती रही है। नतीजतन कुछ दिनों जाम से निजात मिलती दिखती है। लेकिन थोड़े ही दिनों बाद स्थति जस की तस हो जाती है। आवश्यकता है ठोस रणनीति, दुकानदारों को फुटपाथ पर सामान रखने से रोका जाये, वनवे ट्रैफिक की व्यबस्था की जाये, जिम्मेदार और मुसतैद पुलिस कर्मी तैनात किये जाएँ जो चेक प्वाइंट से आगे सिर्फ पैदल राहगीरों को ही जाने दें। तभी जाम से शहर को निजात मिल सकेगी।

# अवैध दुकानों को ध्वस्त करने व बांग्लादेशी, रोहिंग्यों को वापस भेजने की मांग को लेकर विहिप ने दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रियंका चैधरी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर प्रशासन ने विशेष धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज कम कराई थी, लेकिन अब लाउडस्पीकर की आवाज तीव्र गति से संचालित है। इसके अलावा विशेष समुदाय द्वारा लगातार अवैध रूप से धर्मिक स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। कई बार प्रशासन को अवगत गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मांग की गई कि विशेष समुदाय के धर्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज कम कराई जाए। विशेष समुदाय के धर्मिक स्थलों के हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए। अंटा चैराहे पर सरकारी नाले के ऊपर बनी अवैध दुकानों हटाया जाए। चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाई जाए। शासन की मंशा के अनुरूप जिले में अवैध प्रवासी, घुमंतू बांग्लादेशी और रोहिंग्यों को चिन्हित कर वापस भेजा जाए। ज्ञापन देने वालों में विहिप के महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर के साथ विभाग मंत्री अशनील सिंह, प्रांत सह-संयोजक प्रियम चैहान, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह, राहुल कनौजिया, प्रान्त मिलन प्रमुख हरीश, प्रदीप प्रजापति, विभाग सह-संयोजक अंकित मिश्रा, ओम गुप्ता, हर्षित गुप्ता, अनुभव गुप्ता, विकास प्रजापति, कुनाल राठौर, ऋषभ गुप्ता, अनुज, मोहित, विशाल, विमलेश, अभिजीत, अमन, आशीष वर्मा, प्रशांत, सूरज, आयुष, कीर्तिमान गुप्ता, अजीत, आदर्श, छोटेलाल वर्मा, प्रीति शुक्ला, सरिता, मिनाक्षी पाठक आदि दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नीलकंठ महादेव-जामा मस्जिद मामले की सुनवाई फिर टली, 15 जनवरी को होगी

बदायूं। नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद मामले की सुनवाई अब 15 जनवरी 2026 को होगी। बता दें कि मंगलवार 25 नवंबर को होने वाली सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश पुष्पेंद्र चौधरी के निरीक्षण मंई व्यस्त होने के कारण आगे बढ़ाई गई है।इससे पहले पिछली सुनवाई को टालते हुए कोर्ट ने इस मामले की अगली तारीख दी थी। इससे पूर्व सिविल जज सीनियर डिवीजन सुमन तिवारी के लंबे अवकाश पर जाने से जिला जज विवेक संगल ने इस मामले को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट पुष्पेंद्र चौधरी की कोर्ट में भेजा था। जिला जज के आदेश के बाद इस मामले से जुड़ी फाइलें कोर्ट में ट्रांसफर की गई थी। नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद मामला सिविल जज सीनियर डिवीजन सुमन तिवारी की कोर्ट में चल रहा था। 17 जुलाई को न्यायाधीश के अवकाश पर होने से सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए 24 जुलाई तारीख लगाई गई।

# मुख्यालयों पर होगा जोरदार प्रदर्शन : भाकियू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर देशभर भर के जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन प्रधानमंत्री की दिल्ली आंदोलन के मुद्दों पर नहीं पहनाया गया अमली जामा एसकेएम में आक्रोश फिर से दिल्ली आंदोलन की तरह होगा आंदोलन अन्नदाताओं को नहीं मिलाएम एसपी तो कानून का दर्जा महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधन ज्ञापन एडीएम को सौपा ज्ञापन। इस अवसर पर मालवीय आवास गृह में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री जी के द्वारा जिस तरह दिल्ली आंदोलन के लिए खत्म करने के लिए जिन मुद्दों पर वार्ता की गई और जिनके वायदे किए गए वायदे से मुकर गए हैं।प्रधानमंत्री जी देशभर का किसान खेती-बाड़ी से तंग आ चुका है खेती-बाड़ी घाटे का सौदा साबित हो रहा है। एमएसपी की गारंटी सरकार को देना पड़ेगी इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने कहा किसानों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रही है सरकारें आज किसान खाद की लाइन में खड़ा और खाद की हो रही है कालाबाजारी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंक धार ने कहा किसने की तरफ सरकार ने देखना ही बंद कर दिया है। एसकेएम के घटक दल नहीं दिए दिखाई भारतीय किसान यूनियन संगठन सिर्फ टिकैत काही कर रहा है काम आज हरी टोपी धारी सिर्फ टिकैत संगठन के ही दिखाई दिए आज देशव्यापी आंदोलन में बदायूं के मालवीय आवास गृह के परिसर में सुबह से ही एकृत होना शुरू हो गए इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह व प्रेम पाल मास्टर मंडल सचिव विनोद बाबू सक्सेना युवा जिला अध्यक्ष अमरपाल सिंह यादव युवा जिला महासचिव चौधरी ऋषभ जिला महासचिव नरेंद्र सक्सेना सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह जमुना सिंह पटेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र सिंह पटेल अख्तर अली आदि लोग मौजूद रहे। हरी टोपी लगाकर चंद लोगों द्वारा प्रशासन को चकमा लगाने वाले जो लोग एसकेएम में थे वह भी कहीं भी प्रदर्शन नहीं कर सके सिर्फ भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा ही राष्ट्रीय आंदोलन में शिरकत करते हैं।

# एसएस लॉ कालेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर हुई संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज में भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय की अवधारणा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र एवं एसएस पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य सिंह तथा एसएस लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ओम प्रकाश ने उपस्थित छात्रों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ ग्रहण कराई। बताया कि किस प्रकार संविधान के पूर्व के असंगत कानून तब तक निष्क्रिय रहते हैं, जब तक वे मूल अधिकारों के अनुरूप न हो जाएं। डॉ. आदित्य सिंह ने बताया कि किस प्रकार संविधान निर्माताओं ने समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों को अपनाकर ऐतिहासिक असमानताओं को दूर करने और समावेशी समाज की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया। डॉ. जय शंकर ओझा ने सामाजिक न्याय के क्रियान्वयन तथा मौलिक अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने न्यायिक समीक्षा को लोकतंत्र की मूलभूत सुरक्षा व्यवस्था बताते हुए निर्वाचन आयोग जैसे संस्थागत निकायों की भूमिका पर भी चर्चा की। लीगल एड क्लीनिक के संयोजक डॉ. अनिल कुमार शाह ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को एक परिवार की तरह भाईचारा से रहने की नसीहत देता है। इस दौरान निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र की तरफ से आयोजित संविधान ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे छात्रों को संविधान की पुस्तक और प्रमाण पत्र दिया गया। मंच का संचालन डॉ. दीप्ति गंगवार ने किया। कार्यकम के सफल आयोजन में डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. प्रेम सागर, डॉ. अमित यादव, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, सचिन कुमार, अजीत कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ल, अरविंद कुमार, डॉ. ज्योत्स्ना गुप्ता, प्रदीप सिंह, प्रियंक वर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, रूपल मिश्रा, अभिलाष पाण्डेय, अमित सैनी, गौरव गुप्ता, अवनीश चैहान आदि का विशेष योगदान रहा।

# लावारिस लाशों के साथ दफन हो जाता है मौत का राज, खुलासे नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। लावारिस लाश मिलने के बाद मौत का राज भी दफन हो जाता है।सड़क और रेलवे ला इन के किनारे मिले लावारिस शव के मामले में पुलिस की कार्रवाई महज जांच तक ही रह कर सिमट जाती है,कहने को तो एफएसएल जांच करायी जाती है,पर रिपोर्ट आने में दो-तीन साल लग जाते जाते हैं, ऐसे में मामला मर्डर का ही क्यों न हो,वह भी लावारिस लाश के साथ दफन हो जाता है।वर्ष 2024 मई से नवंबर 2025 के बीच मिल चुके हैं नौ महिलाओं के शव पांच ला शें बोरे से बरामद हुईं है,इसे संयोग कहें या फिर साजिश,महिलाओं की हत्या करके उन्हें सड़कों के किनारे व झाड़ियों में फेंक दिया जाता है,ले किन शव किसका था,हत्यों क्यों,कब और कैसे हुई..? ये सवाल आमजन के जेहन में कौंध रहा है,वर्ष 2024 मई से नवंबर 2025 के मध्य जि ले में नौ अज्ञात महिलाओं के शव मिल चुके है। इनमें पांच युवतियों के शव बोरे से बरामद हुए थे। इससे किसी साजिश से इन्कार नहीं किया जा सकता है। तथा इस वर्ष जनवरी से अबतक नौ शव बरामद हो चुके हैं।उचित जांच नहीं होने के कारण हत्याओं का राज आज तक नहीं खुल सका है। कहने को तो लावारिस शवों का कुछ हिस्सा बाल,दांत या हड्डी को पुलिस डीएन ए टेस्ट के लिए रखती है,लेकिन, इस सैंपल के मालखाने में पड़े-पड़े सालों निकल जाते हैं ले किन जांच नहीं करायी जाती है लावारिस शवों का पोस्टमार्टम तो हाता है,लेकिन रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं होती है,सार्वजनिक स्थान तो दूर थाने के नोटिस बोर्ड से भी लावारिस मृतक की तसवीर महीनो बीतने के बाद हटा दी जाती है एफएसएल रिपोर्ट का वर्षों तक इंतजार पुलिस को मिलने वाली कई लाशें मर्डर केस होती है। गला दबाने,चोट के निशान बॉडी पर होते हैं ए फएसएल जांच पुलिस कराती तो है,लेकिन प्रक्रिया की इतनी ही रिपोर्ट आने में दो-तीन साल लग जाते हैं।वही नौ घटनाओं में पुलिस एक भी घटना का राजफाश नहीं कर सकी है। कटराबाजार के सेल्हरी गांव में छह अक्टूबर 2024 को बोरी में महिला का शव मिला था।

इस मामले में पुलिस ने 51 हजार रुपये का इनाम तो घोषित कर दिया,लेकिन अभी आगे की कार्रवाई नहीं बढ़ सकी।पुलिस की निगरा नी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।मिशन शक्ति के जरिए संवाद कर महिलाओं की सुर क्षा का पाठ पुलिस भले ही पढ़ा रही हो, लेकिन घरातल पर उसके दावे हवाई साबित हो रहे हैं।

अब तक मिले छह युवतियों के शव मिले है।

छह नवंबर 2024 को कटरा बाजार थाना के सेल्हरी गांव में सुबह छह बजे के करीब बोरी में एक युवती का शव मिला। यहां तैनात प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता को लाइन हाजिर कर दि या गया लेकिन, राजफाश नहीं हो सका।बाद में युवती के बारे में जानकारी देने पर 50 हजार रु पये का इनाम घोषित किया गया।लेकिन कटरा

पुलिस एक साल से पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी।बीस दिसंबर 2024 को वजीरगं ज थाना क्षेत्र में एक युवती का बोरी में शव बरा मद हुआ,लेकिन इसकी भी पहचान पुलिस नहीं कर सकी।जून माह में इटियाथोक के कस्बे में अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ था।लेकिन

खुलासा नहीं हुआ। मई 2024 में मनकापुर में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। अगस्त 2024 को देहात कोतवाली के कोयलीजंगल में अज्ञात महिला करवरी 2025 को कौड़िया थाना के आर्यनगर नहर के किनारे एक अधज ली युवती का शव बरामद हुआ।इसका भी पुलि स राजफाश नहीं कर सकी है। 27 जून 2025 को मनकापुर कोतवाली के कस्बे में एक बोरी में युवती का शव बरामद हुआ। अक्टूबर में ढेमवाघाट के समीप नदी में विवाहिता का शव मिला था। 17 नवंबर 2025 को तरबगंज के बनगांव में एक युवती का शव बरामद हुआ ले किन, पुलिस इन सभी का राजफाश नहीं कर सकी।

# अधिकारियों व कर्मचारियों ने देश की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा का लिया संकल्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । संविधान दिवस'' के अवसर पर कलेक्ट्रे ट सभागार में ल्हमारा संविधान,हमारा स्वाभिमा नङ्क थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधा न की शपथ दिलाते हुए कहा कि संविधान केव ल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा और नागरिकों के अधिकारों का संरक्षक है। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई।इसके साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की सामूहिक प्रस्ताव ना का वाचन किया।इस दौरान देश की संप्रभु ता अखंडता और एकता की रक्षा करने तथा अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पा लन करने की शपथ ली गई।अपरजिलाधिकारी आलोक कुमार एवं मुख्य राजस्व अधिकारी म हेश प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि नागरि कों और सरकारी कर्मियों की जिम्मेदारी है कि वे संविधान में निहित आदर्शों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—को अपने कार्यों में लागू करें। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें लोक तांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूती से अप नाने की प्रेरणा देता है।इस अवसर पर कलेक्ट्रे ट के सभी कर्मचारी मौजूद रहे और पूरे सम्मान एवं उत्साह के साथ संविधान दिवस मनाया ग या।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सहायक अध्यापक विपिन यादव का जौनपुर भेजा गया शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर माझा में तैनात सहायक अध्यापक व मतदाता निरीक्ष ण कार्य में लगे बीएलओ विपिन यादव की कल जहर खाने से हुए बाद देर रात उनके शव को कड़ी सुरक्षा के बीच परिजनों के साथ उनके गृ ह जनपद जौनपुर भेजा गया है।जहां पर उनका हिंदू रीति रिवाज से उनके परिजनों द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार किया जाएगा।घटना के बाद जौनपुर से चलकर लख नऊ पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिजन काफी ना राज रहे। गोंडा सदर एसडीएम अशोक कुमार रातभर पीड़ित परिजनों के साथ मौजूद थे उ न्होंने परिजनों को मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है इसके बा द परिजन किसी तरह से कड़ी मशक्कत के बा द शव लेकर जौनपुर के लिए रवाना हुए है। मृत क विपिन यादव के पिता सुरेश चंद्र अपने छोटे बेटे के साथ जौनपुर से लखनऊ केजीएमसी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे थे।परिजन शव लेने के लिए परेशान थे और बार-बार रो रहे थे, साथ ही अधिकारियों से न्याय की मांग कर रहे थे। विपि न यादव की पत्नी सीमा यादव भी पोस्टमॉर्टम हाउस पर बार-बार बेहोश हो रही थीं और अपनी आठ वर्षीय बेटी को संभालने की कोशि श कर रही थीं।डॉक्टरों के एक विशेष पैनल के द्वारा सहायक अध्यापक विपिन यादव के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया है।गोंडा सदर एसडी एम अशोक कुमार ने बताया कि मृतक विपिन के परिजनों के साथ उनके शव को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल उनके घर जौनपुर पहुंचाया गया है।उन्होंने यह भी कहा कि पूरा गोंडा जिला प्रशासन मृतक सहायक अध्यापक विपिन यादव के परिजनों के साथ खड़ा है और मामले की जांच की जा रही है।एसडीएम ने मत दाता पुनरीक्षण कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों को परेशान न होने का आश्वासन भी दिया।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडाःअपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन द्वारा पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया।वार्षिक निरीक्षण से पूर्व अपर पुलिस महा निदेशक के पुलिस लाइन आगमन पर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज अमित पाठक एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा स्वागत किया गया। इसके उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक के द्वारा क्वार्टर गार्द पहुँचकर गार्द की सलामी ली गई तथा संविधान दिवस के अ वसर पर सर्वप्रथम उपस्थित अधिकारी, कर्मचा रियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दि लाई गई।इसके उपरांत महोदय ने परिवहन शा खा,स्टोर, गणना कार्यालय,कैश कार्यालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पुलिस लाइन भ्रमण के दौरान पुलि स महानिदेशक के द्वारा शस्त्रागार, गार्द रूम, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय,प्रचलित आरटीसी प्रशिक्षण,आरक्षी बैरक,भोजनालय,आदर्श बैर क चिल्ड्रन पार्क,पुलिस कै.फे एवं पुलिस जिम का भी विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ व सुव्यवस्थित बनाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल में आरटी सी प्रशिक्षुओं से संवाद स्थापित कर उनके प्रशि क्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा उ न्हें कर्तव्यपरायणता,अनुशासन एवं व्यवहारिक पुलिसिंग से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदा न किया गया।तत्पश्चात श्रीमान अपर पुलिस म हानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर के द्वारा पु लिस कार्यालय गोण्डा पहुँचकर गार्द की सला मी ली और पुलिस कार्यालय की समस्त शाखा ओं-आगन्तुक हेल्प डेस्क,पुलिस मीडिया सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) पास पोर्ट,जनशिकायत प्रकोष्ठ,वाचक कार्यालय,सी ओ लाइन,महिला शिकायत प्रकोष्ठ,डीसीआरबी अपराध शाखा,विशेष किशोर पुलिस इकाई, एएचटीयू,आयोग सेल,आईजीआरएस शाखा, प्रधान लिपिक शाखा,आंकिक शाखा, सीसीटी एनएस, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल, पेंशनर सेल आदि का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा शाखाओं में नियुक्त समस्त कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई तथा पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव व अद्य तन करने,क्राइम ब्रांच को लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण,विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू को पॉक्सो एवं बालश्रम संबंधी माम लों में प्रभावी कार्यवाही,जनशिकायत आईजी आरएस शाखा को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण, प्रधान लिपिक शाखा को लंबित प्रारंभिक जांचों के शीघ्र निस्तारण एवं चरित्र पंजिकाओं में मंतव्य अंकन, आंकिक शाखा को जीपीएफ पासबुकों के अद्यावधिक करने, सीसीटीएनएस शाखा को प्रणाली को और बेहतर बनाने तथा समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित कराने,विधिक शाखा को न्यायालय से प्राप्त रिटों में समय से आख्याएं दाखिल कराने,साइबर सेल को ऑनलाइन फ्रॉड पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने, मॉनीटरिंग सेल को पॉक्सो,महिला अपराधों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने, सोशल मीडिया सेल को विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर सतत निगरानी रखने,आलआईयू को समयबद्ध पासपोर्ट सत्यापन व अभिसूचना तंत्र को अधिक सक्रिय रखने के निर्देश प्रदान किए गए।कार्यालय निरीक्षण के पश्चात पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक के द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ अपराध व कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा विधायकगण गोण्डा, मनकापुर, कटरा बाजार, तरबगंज, कर्नलगंज व गौरा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से भेंट व वार्ता की गई। तत्पश्चात पेंशनरों एवं वरिष्ठ पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की गई।इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय,लाइन, शिल्पा वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय सहित सभी शाखा प्रभारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री कृपाराम जनजागृति हाईस्कूल में संविधान दिवस पर शपथ व मॉडल प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत अगैय्या चौराहा स्थित श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की उप-प्राचार्य बिसमा सैयद के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों को संविधान दिवस के महत्व की जानकारी देकर की गई। विद्यालय के छात्र सांसद अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1946 को तैयार हुआ और 26 जनवरी को लागू किया गया, जो विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। कार्यक्रम में छात्रों व शिक्षकों को संविधान की शपथ दिलाई गई और इसके पालन के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा 9 की छात्राओं द्वारा संविधान से संबंधित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें विद्यालय के प्राचार्य कृपा राम गुप्ता ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शिक्षक राम निवास यादव, राजेंद्र गिरी और शाहिना परवीन ने संविधान पर विचार साझा किए। अंत में विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संविधान दिवस पर तहसीलदार ने दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। संविधान दिवस के अवसर पर तहसील नानपारा परिसर में आयोजित समारोह में तहसीलदार रविकांत द्विवेदी ने तहसील सभागार में सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज ही के दिन हमारा संविधान अंगीकार किया गया था, जो हमें अधिकार और कर्तव्य दोनों प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है और संविधान प्रदत्त अधिकारों के माध्यम से ही हम मतदाता बनते हैं। तहसीलदार द्विवेदी ने सभी कर्मचारियों एवं नागरिकों से मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इधर, चंद्रशेखर आज़ाद भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर संविधान जिंदाबाद के नारे लगाए और जागरूकता का संदेश दिया।

# नानपारा में विशेष पुनरीक्षण अभियान में बढ़ी रफ्तार, टीमें मैदान में, कार्य प्रगति पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप नानपारा क्षेत्र में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पूरी तेज़ी से जारी है। यह अभियान 4 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। इसके बाद मसौदा मतदाता सूची जारी होगी, दावेऽआपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और अंत में अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। अभियान के तहत नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र भरवा रहे हैं। नगर के प्रत्येक मोहल्ले में बीएलओ अपनी जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। नानपारा एसडीएम मोनालिसा जोहरी और तहसीलदार रविकांत द्विवेदी लगातार क्षेत्रों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। टीम द्वारा बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं और पूरे कार्य की निरंतर निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार ने मतदाताओं से इस अभियान में सहयोग करते हुए जल्द से जल्द अपने फार्म जमा करने की अपील की है। अभियान के दौरान कई मतदाताओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मोहल्ला तोपखाना एवं भिस्ती टोला के मतदाताओं रईस, अनवर, शमीउल्ला खान, जमाल अली, जुबेर, सुल्तान, नदीम, सादिक यार बेग, सईद सहित अन्य लोगों ने डीएम, एसडीएम और निर्वाचन आयोग को शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया है कि इन दोनों मोहल्लों का वर्ष 2003 का डाटा आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। डेटाबेस मैपिंग के समय ऑनलाइन प्रक्रिया में डाटा नॉट फाउंड दिखने के कारण मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोग भारी भ्रम और परेशानी का सामना कर रहे हैं। पीड़ितों ने मांग की है कि दोनों मोहल्लों की पुरानी मतदाता सूची को तत्काल आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कराया जाए ताकि नियमों के अनुरूप उनका सत्यापन पूरा हो सके। इसके अतिरिक्त, विधानसभा क्षेत्र के कई परिवारों में ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिनमें पुत्रों की शादी नेपाल से हुई है। नेपाल से आई महिलाओं के वेरिफिकेशन की प्रक्रिया स्पष्ट न होने के कारण संबंधित परिवार परेशान हैं। उक्त समस्याओं पर प्रतिक्रिया देते हुए तहसीलदार नानपारा रविकांत द्विवेदी ने बताया कि जिन मोहल्लों का 2003 का डेटा डेटाबेस में उपलब्ध नहीं है, उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। वहीं नेपाल से भारत आई महिलाओं के मामलों में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही आगे कार्य किया जाएगा।। नानपारा में चुनावी सूची पुनरीक्षण का यह चरण अधिकारियों की सतर्कता और मतदाताओं की सक्रियता के बीच तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

## औरैया सदर ब्लॉक में तेजी से घर-घर हो रहा एसआईआर कार्य

औरैया। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत औरैया जनपद के सदर ब्लॉक की सभी ग्रामीण ग्राम पंचायतों में कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। ब्लॉक क्षेत्र के अयाना, भूरेपुर, कस्बा सेंगनपुर, ऐमा सेंगनपुर, धनाऊपुर, तिवरलालपुर, भोतापुर, शिखरना, सिहोली, मई मानपुर, अस्ता व भरतोल सहित अन्य पंचायतों में टीमें घर-घर पहुंचकर मतदाता सूची से जुड़े आवश्यक विवरणों का सत्यापन कर रही हैं। ग्राम पंचायत सचिव रोशन साहू ने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम को तय समय सीमा के भीतर पूरा कराने के लिए सभी अधिकारी और फील्ड कर्मचारी पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में बीएलओ, वॉलंटियर और सुपरवाइजरों को जिम्मेदारी के साथ अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटियों के सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है।

## हिंदी प्रचारिणी समिति का साहित्य सम्मेलन 30 नवम्बर को बिहार के राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

कानपुर। हिन्दी प्रचारिणी समिति के बैनर तले 30 नवम्बर को साहित्य और संस्कृति को नई ऊर्जा देने के लिए एक सम्मेलन का आयोजन हिंदी भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के संरक्षण और साहित्यिक परंपरा को मजबूत करना है। कार्यक्रम में देश के दिग्गज साहित्यकारों का एक बड़ा संगम देखने को मिलेगा। इसके अलावा बिहार राज्य के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को समिति के अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी ने दी। जनपद में होने वाले अखिल भारतीय सर्वभाषा साहित्यकार सम्मेलन को लेकर बुधवार को अशोक स्थित कानपुर जर्नलिस्ट क्लब में हिंदी प्राचारीणी समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बताया गया कि इस सम्मेलन में देशभर से बड़े साहित्यकार और विद्वान हिस्सा लेंगे। समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार, भाषा को बढ़ावा देने एवं हिंदुस्तान में हिंदी भाषा स्थापित करने के लिए संपूर्ण विश्व में हिंदी को पहचान दिलाने के उद्देश्य से बिठूर स्थित हिंदी भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन में देश के कई राज्यों से प्रख्यात साहित्यकार, कवि, लेखक, अध्यापक और समाजसेवी शामिल होंगे। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद रमेश अवस्थी करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान होंगे।

सम्मेलन में कवि समागम, साहित्यिक विमर्श और अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा। इसके साथ ही देशभर के वरिष्ठ साहित्यकारों को अलकरण सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। यह सम्मेलन भारतीय भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाने और सांस्कृतिक परंपरा को सहेजने में अहम भूमिका निभाएगा।

## करंट की चपेट में आकर चालक की मौत

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के कंचौसी कस्बे में बुधवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर पिकअप चालक की मौत हो गई।

जनपद के कस्बा कंचौसी की पुरानी सब्जी मंडी निवासी अंशुल यादव (24) निजी पिकअप वाहन चलाता था। बुधवार को वह झींझक रोड स्थित चिरखिरी गेस्ट हाउस में शादी का सामान लाद रहा था। बताया जा रहा है कि पिकअप का बट्टा लगाते समय ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन अचानक उसके संपर्क में आ गई और करंट लगने से पिकअप चालक अंशुल झुलस गया। गंभीर हालत में उसे परिजन झींझक सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया। वहां से परिजन उसे चिचौली अस्पताल भी ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद अंशुल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस से परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए शव घर ले गए।

## सड़क निर्माण की मांग पर जिलाधिकारी ने गठित की कमेटी

उरई उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में माधौगढ़ तहसील परिसर में बुधवार को कुछ किसान पहुंचे। वे रुद्रपुरा–ारामपुरा सम्पर्क मार्ग की खराब सड़क निर्माण की मांग करने पहुंचे थे। किसानों के अनुसार वे काफी देर तक चैंबर के बाहर इंतजार करते रहे लेकिन एसडीएम बाहर नहीं आए। इससे नाराज़ ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। स्थिति बिगड़ते देख एसडीएम कार्यालय के दरवाजे बंद करा दिए गए। शिकायत दर्ज न होने से किसान मायूस होकर वापस लौट गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूरा मामला माधौगढ़ तहसील परिसर का है। वहीं इस मामले में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया कि प्रकरण को संज्ञान में लेकर तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जल्द ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## चलती कार का पहिया निकला, सड़क हादसे में कारोबारी की मौत

औरैया। औरैया जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर चलती कार का पहिया निकल गया। सड़क हादसे में कार सवार कारोबारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार को दी। कोतवाल ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की पहचान इटावा जिले के रामनगर नई बस्ती निवासी विनीत कुमार (37) के रूप में हुई है। वह नोएडा में ऑटो मोबाइल का कारोबार और रेडिमेड सप्लाई का काम करता था। ?घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पहले विनीत की पत्नी प्रीति अपने बच्चों साक्षी और दिव्यांश के साथ रसूलपुर कलां आई थी। बुधवार दोपहर को वह कार से पत्नी और बच्चों को लेने के लिए ससुराल आ रहा था। मोहारी गांव के सामने ओवरब्रिज की उतराई पर कार का पिछला हब अचानक टूट गया।

# संविधान दिवस पर डीएम ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर दिलाई गई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में छब्बीस नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। संविधान दिवस पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख छब्बीस नवम्बर 1949 ई0 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका में निहित मूल्यों की स्थापना करना सभी अधिकारियों का प्राथमिक उददेश्य होना चाहिये। उन्होंने सभी को प्रस्तावना में निहित मूल्यों के अनुसार आचरण का अनुपालन करने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ साथ मौलिक कर्तव्यों का भी अनुसरण पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेवल त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय अंतर्राज्यीय प्रशिक्षण हेतु पचास कृषकों का जत्था हुआ रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी,कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के प्रसार और किसानों को उन्नत खेती के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से बुधवार को आत्मा योजनान्तर्गत सात दिवसीय अंतर्राज्यीय कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अमेठी से पचास कृषकों को भारतीय खरपतवारनाशी अनुसंधान संस्थान एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश के लिये भेजा गया है।कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुये कहा कि यह प्रशिक्षण आधुनिक कृषि तकनीकों, खरपतवार प्रबंधन, नई फसल किस्मों, वैज्ञानिक खेती और कृषि में उन्नत उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि किसान प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने खेतों में लागू कर उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने की दिशा में सार्थक पहल करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को सफल प्रशिक्षण यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि इस सात दिवसीय भ्रमण में किसानों को फसल विविधीकरण, आधुनिक खेती, खरपतवार नियंत्रण तकनीक, जल संरक्षण उपाय तथा कृषि मशीनरी के वैज्ञानिक उपयोग पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

# शिवरतनगंज पुलिस ने दुकानदार को पीटने वाले पिता पुत्र को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने अण्डा का पैसा मांगने पर मारपीट किये जाने के मामले में वांछित तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से मारपीट की घटना में प्रयुक्त एक लोहे की रॉड,एक बांस की लाठी व एक बेहया का डण्डा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गंगा नगर चौराहे पर गांव पूरे नया मजरे फूला निवासी मनीराम एक दुकान संचालित कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। बीते दिनों कुछ स्थानीय लोगों द्वारा उनकी दुकान पर पहुंचकर अण्डा खरीदा गया और जब दुकानदार द्वारा पैसे की मांग की गई तो उसको इन मनबढ़ लोगों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा और तीन लोगों द्वारा उसकी जमकर पिटाई कर दी गई जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया।पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये घायल दुकानदार की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर घटना को अंजाम देने वाले लोगों की तलाश में जुट गई।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज के प्रभारी निरीक्षक दया शंकर मिश्रा मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान जुबेर खान पुत्र गुलाम रसूल,सोनी उर्फ अनवर अली पुत्र जुबेर खान उम्र करीब 25 वर्ष व मोनी उर्फ सरवर अली पुत्र जुबेर खान निवासीगण ग्राम गंगानगर मजरे दांदूपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवकों की निशानदेही पर मारपीट की घटना में प्रयुक्त एक लोहे की रॉड,एक बांस की लाठी तथा एक बेहया का डण्डा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये तीनों लोगों को जेल भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समिति की समीक्षा एवं व्यापार बन्धु समिति बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मैसर्स ए0वी0मौरी/यूपीसीडा औद्योगिक आस्थान भरा पचपेड़ा निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि भरा पचपेडा में कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कार्यदायी संस्था से एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित कया जाये। बैठक में उपस्थित उद्यमी अश्वनी अग्रवाल द्वारा अवगत कराया कि आसाम चैराहे के पास चार-पॉच राइस मिले है जिनके आस पास पानी का भराव बना रहता है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 को स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। मैसर्स जे0के0एस0 ड्रिप इरीगेशन इण्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 द्वारा लोन न मिल पाने समस्या बताई। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमी द्वारा लोन हेतु आवेदन किया गया परन्तु अभी तक लोन नही मिल सका है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि शाखा प्रबन्धक द्वारा स्वीकृति हेतु प्रपत्र को अचंल कार्यालय नोयडा भेजा गया स्वीकृति प्राप्त होने पर लोन उद्यमी को उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में मुख्यमंत्री प्रशिक्षु प्रोत्साहन रोजगार योजना की समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान आईटीआई प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा इस वर्ष अप्रेन्टिस का 300 लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष अभी तक 156 प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप हेतु विभिन्न कम्पनियों/उद्योग रखा जा चुका है। मै0 जी0आर0 हाईटैक सीड्स के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम नवनीघाट तहसील कलीनगर जो पूरनपुर हाइवे से लगभग 300 मीटर सम्पर्क मार्ग पर स्थित है उक्त मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की समस्या बताई है। उक्त समस्या के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि उक्त सड़क मण्डी समिति की है। जिलाधिकारी ने मण्डी समिति के अधिकारियों को सड़क निर्माण कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

वाणिज्य बन्धु समिति की समीक्षा के दौरान व्यापारी बन्धु अर्जुन सिंह टहलानी द्वारा शहर में रंगीलाल जमनी रोड के किनारे गड्डे की समस्या बताई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सड़क निर्माण हेतु प्रकरण बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा। जेपी रोड़ से इमली चैराहे से मोतीराम चैराहे की रोड़ क्षतिग्रस्त व रिहायशी चबूतरे आगे बढ़ाकर बनने के कारण संकुचित हो गयी तथा अतिक्रमण की समस्या बताई। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। मोहल्ला फीलखाना में रोड टूटी व मेन रोड नीची होने के कारण जलभराव की समस्या बताई। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। आसाम चैराहे के आगे से बीसलपुर रोड को पूरनपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर जो नाला बन रहा है उसको बीसलपुर रोड तक लाकर जोडा जाये जिससे जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। उक्त नाला शीघ्र निर्माण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर में गढ्ढा मुक्त सड़के रखी जाए एवं क्षतिग्रस्त पुलियों का शीघ्र निर्माण कराया जाये। उक्त समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गये आवश्यक कार्यवाही करते हुये कार्यों को पूर्ण कराया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, नगर मजिस्टेझट, एलडीएम, उपायुक्त उद्योग, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं उद्योग/व्यापारी बन्धु के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील में बीकेयू चढ़ूनी का ज्ञापन, किसानों की समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को किसानों की समस्याओं से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि मौजूदा समय में मंडी समिति में संचालित धान क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज की खरीद सुचारू रूप से नहीं हो रही है। किसानों का आरोप है कि वे समय पर टोकन लेकर अपनी उपज जमा कराने पहुंचते हैं, इसके बावजूद एक माह बाद उनके टोकन रिजेक्ट कर दिए जाते हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है और धान की बिक्री के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शारदा नदी के कटाव से प्रभावित किसानों की फसल और भूमि को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि प्रशासन द्वारा कुछ किसानों को मुआवजा प्रदान किया गया है, लेकिन कई किसान आज भी राहत राशि के इंतजार में हैं। किसानों का कहना है कि कटाव पीड़ित सभी किसानों को समान रूप से मुआवजा दिया जाए, ताकि वे दोबारा अपनी कृषि कार्य सुचारू रूप से शुरू कर सकें। बीकेयू चढ़ूनी ने मांग की है कि धान क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया जाए, टोकन रिजेक्शन की समस्या पर तुरंत रोक लगाई जाए तथा शारदा नदी से प्रभावित सभी किसानों को बिना भेदभाव उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो किसान बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे।

## दियोरिया मे छेड़खानी के आरोपियों ने घर मे घुसकर मारीं गोली लापरवाही मे तीन पुलिसकर्मी निलंबित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के दियोरिया थाना क्षेत्र के पंसड़ी गांव में मंगलवार शाम सनसनीखेज वारदात हुई छेड़खानी व मारपीट के आरोपियों ने घर घुसकर पीड़िता के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए सात महीने पहले छेड़खानी के मामले में शुरू हुई रंजिश मंगलवार को हत्या में बदल गई थाना दियोरिया कलां क्षेत्र के पंसड़ी गांव में आठ हथियारबंद लोगों ने घर में घुसकर छात्रा के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी वारदात से गांव में सनसनी फैल गई दियोरिया कलां क्षेत्र के ग्राम पंसडी में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसपी अभिषेक यादव ने बड़ी कार्रवाई की है एसपी ने थाना अध्यक्ष दिगंबर सिंह, हल्का इंचार्ज और बीट मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मंगलवार को युवक की हत्या के बाद मौके पर पहुंचे एसपी को परिजनों ने पूरी स्थिति और पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। प्रथम दृष्टया लापरवाही मिलने पर थाना प्रभारी समेत तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजेश कुमार बीएलओ बूथ संख्या 117-रामनगरिया व तापसी मण्डल बीएलओ, बूथ संख्या 118 बेबी सिंह कालोनी विधानसभा बरखेडा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किये जा रहे विशेष पुनरीक्षण में विधानसभा 128 बरखेडा में मतदाताओं से गणना प्रपत्र वापस प्राप्त कर प्राप्त गणना प्रपत्रों को बी0एल0ओ0 एप के माध्यम से विधानसभा में सर्वप्रथम डिजिटाइज्ड किये जाने पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया तथा इनके द्वारा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण में दिये गये दायित्व को सर्वप्रथम पूर्ण करने पर इनके कार्यों की सराहना की।उन्होंने राजेश कुमार व तापसी मण्डल को निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्यक्रम विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण में इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वप्रथम पूर्ण करने के लिए हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा किया गया कार्य अन्य कार्मिको के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने भविष्य में इनके द्वारा सामाजिक एवं पदेन उत्तरदायित्व को इसी प्रकार पूर्ण करने की मंगलकामना के साथ इनकी सफलता हेतु शुभकामनाएं दी।

## एचडीएफसी बैंक की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने किया शुभारंभ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्टेशन रोड स्थित एचडीएफसी व जीवन रेखा चैरिटेबल ब्लड सेंटर पीलीभीत के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का शुभारंभ शैलेन्द्र गुप्ता, बैंक प्रबंधक पुनीत अरोरा, लक्की स्कूल के प्रबंधक विजय नागी,प्रकाश गोसाई और फैज अहमद आदि ने मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया उन्होंने कहा कि ब्लड दान कराकर एकत्रित करने से अब तक सैकड़ों जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है ब्लड सेंटर के चिकित्सकों द्वारा युवाओं का ब्लड प्रेशर की जांच करके रक्त संकलित किया।

# महुअरिया रोड अब कहलाएगी डॉ. हेडगेवार मार्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। नगर के महुअरिया मोहल्ले से गभड़िया होते हुए लखनऊ‌ऽवाराणसी हाईवे तक नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित नई सड़क को आज ऐतिहासिक स्वरूप मिल गया। इस महत्वपूर्ण सड़क का नामकरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के नाम पर करते हुए इसे आधिकारिक रूप से 'डॉ. हेडगेवार मार्ग' घोषित किया गया।

इसी क्रम में सेमफोर्ड स्कूल द्वारा बनने वाले 'डॉ. हेडगेवार द्वार' का विधिवत भूमिपूजन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी रहे। इसके अलावा सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, एमएलसी शैलेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विभाग संघचालक डॉ. अरुण कुमार, नगर संघचालक अमरपाल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में रमेश जी ने कहा कि ‌ल्लमहान राष्ट्र निर्माताओं के नाम पर मार्ग और द्वार का नामकरण उनकी नहीं, हमारी आवश्यकता है। जब हम उनके नाम और चित्र देखते हैं, तो उनके विचार हमें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि नगर के विकास के साथ श्रेष्ठ विचारों और आदर्शों को जोड़ना हमारा लक्ष्य है। समाज को दिशा देने वाले महापुरुषों के नाम पर मार्ग और द्वार समर्पित किए जा रहे हैं।

आरती, पूजन, शंखनाद और राष्ट्रवादी नारों के बीच लोकार्पण का यह क्षण अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

# संयुक्त किसान मोर्चा का तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में संयुक्त किसान मोर्चा ने बुधवार को तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शारदा प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में किसानों ने अपनी दस प्रमुख मांगें रखीं। राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। मोर्चा की प्रमुख मांगों में सभी फसलों के लिए सी2+50% के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (ख्ररुट्ठ) की गारंटी हेतु संसद और सभी राज्य विधानसभाओं में तत्काल कानून पारित करना शामिल है। उन्होंने सभी ब्लॉकों में सरकारी मंडियां स्थापित करने और गन्ने का राज्य परामर्श मूल्य (ट्टस्ञ्) 500 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की। साथ ही, गन्ने के सभी लंबित भुगतानों को ब्याज सहित शीघ्र निपटाने की भी मांग की गई। किसानों और कृषि मजदूरों के लिए व्यापक ऋण माफी योजना घोषित करने की मांग की गई। इसके तहत ऋणग्रस्त लोगों के उत्पीड़न पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने और किसानों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने की बात कही गई। इसके अलावा, बिजली बिल 2025 को तुरंत वापस लेने और सभी परिवारों को प्रति माह 300 यूनिट तथा खेती के लिए मुफ्त बिजली देने की भी मांग की गई। किसानों ने हाल ही में अधिसूचित चार श्रम संहिताओं को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए प्रति माह करने, असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों और कृषि मजदूरों को 10,000 रुपए मासिक वृद्धावस्था पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की वकालत की। मनरेगा का बजट बढ़ाकर 200 दिन का काम और 700 रुपए दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने भारत पर लगाए गए 50% अमेरिकी शुल्क को देश की संप्रभुता पर हमला मानते हुए सख्त प्रतिकारी कार्रवाई की मांग की, ताकि भारतीय गणराज्य की गरिमा की रक्षा हो सके। उन्होंने 84,000 करोड़ रुपए की उर्वरक सब्सिडी बहाल करने, डीएपी और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी रोकने की भी मांग की। किसानों पर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी थोपने पर रोक लगाने की बात भी कही गई। मोर्चा ने सभी भीषण बाढ़ और भूस्खलनों को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की। उन्होंने सभी आपदा प्रभावितों को 1 लाख करोड़ रुपये और विशेष रूप से पंजाब को 25,000 करोड़ रुपए का मुआवजा देने की बात कही। इसके अतिरिक्त, जनता पर 'बुलडोजर राज' समाप्त करने, पुनर्वास और पुनर्स्थापन के बिना भूमिहीनों तथा गरीबों के विस्थापन को रोकने और राज्यों के संघीय अधिकारों की रक्षा करने की भी मांग की गई।

## प्राथमिक विद्यालय चौनापुर के प्रधानाध्यापक के निधन पर शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय चौनापुर के प्रधानाध्यापक अमर पाल के आकस्मिक निधन से बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ ही विभिन्न शैक्षिक संगठनों के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चौनापुर के प्रधानाध्यापक अमर पाल मूलतः कानपुर देहात जनपद के गांव तिलोंची के निवासी थे।वह इन दिनों अस्वस्थ्य चल रहे थे परिजनों द्वारा उन्हें किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में भर्ती कराया गया जहां पर उनका निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि अमर पाल सहज सरल और परिश्रमी शिक्षक थे उनके निधन से बेसिक शिक्षा विभाग को अपूर्णनीय क्षति हुई है।प्राथमिक विद्यालय चौनापुर में शोक सभा आयोजित की गई।शिक्षक अमर पाल के निधन पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी, श्याम बहादुर सिंह, उबैद अहमद, दिलीप शुक्ला,ओंकार पाण्डेय, विकल्प श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, जितेंद्र नाथ त्रिवेदी, नवनीत त्रिवेदी, मुकेश कुमार,अनीस अहमद, आलोक शुक्ला, चंद्र शेखर द्विवेदी,परवेज अहमद, रुबीना खातून, राजकुमारी गुप्ता, अनुजा जायसवाल सहित अन्य तमाम शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## अमेठी के बावन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर क्रय को लेकर हुई बैठक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए समग्र शिक्षा के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में अतिरिक्त कक्षा कक्ष हेतु स्वीकृत फर्नीचर के क्रय पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, उपयुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया, तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित बावन उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिये कुल एक हजार पांच सौ सतहत्तर नग फर्नीचर का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। जिलाधिकारी ने क्रय प्रक्रिया की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुये निर्देश दिया कि सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए तहसीलवार समितियों का गठन किया जाय। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य विद्यालयों में पहुंचकर फर्नीचर के विनिर्देश, मजबूती और गुणवत्ता की भौतिक जांच करेंगे। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्ता जांच के उपरांत प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ही संबंधित फर्म को भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और मानक के अनुरूप ही सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय।

## पुलिस ने चाकू के साथ आरोपी को पकड़ा, गश्त के दौरान हुई गिरफ्तारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है थाना प्रभारी पवन पाण्डेय ने बताया कि पुलिस ने ब्लॉक रोड ढका की पुलिया के पास से एक संदिग्ध आरोपी को पकड़ा तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान नफीस पुत्र आले नबी बताई उसने स्वीकार किया कि वह लोगों को डराने के लिए चाकू अपने पास रखता था और वह गौकशी मे शामिल रह चुका है पुलिस ने आरोपी नफीस के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है

## ट्रेन चलाने को डीआरएम रेलवे ने अफसरों सहित लिया जायजा मौजूद रहे एसडीएम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेलवे स्टेशन से बरेली इज्जतनगर के लिए चलने वाली ट्रेन का 27 नवम्बर से शुभारंभ होने से पूर्व तैयारी का जायजा लेने बुधवार को यहां रेलवे के अफसर पहुंचे। व्यवस्था के बाबत स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया सांसद और विधायक के प्रयास से पूरनपुर से बरेली इज्जतनगर तक सीधे मिली नई ट्रेन के पहले दिन चलने के दौरान रेलवे स्टेशन पर काफी भीड़ जुटने का अनुमान लगाया जा रहा है बरेली मण्डल की डीआरएम के साथ विधायक , एसडीएम, व्यापार मण्डल के हंसराज गुलाटी ने जायजा लिया रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर 2 और तीन के बीच कार्यक्रम होगा मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री और पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे रेल मंत्री अश्विनी वैशणव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाद करेंगे और रेल से सम्बन्धित समस्याओं को जानेंगे

## सम्पादकीय

# खतरनाक मंसूबे

नापाक पाक की ओर से सीमावर्ती राज्य पंजाब को अस्थिर करने की साजिश पिछली सदी से लगातार की जा रही है। लेकिन अब नशे का नश्तर सुनियोजित ढंग से इसके सीने पर जिस ढंग से चलाया जा रहा है, वह परेशान करने वाला है। पंजाब के पाक सीमा से लगे जिलों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति लगातार जारी है। लेकिन अब इस साजिश में एक विचलित करने वाला अनैतिक मोड़ देखने को मिल रहा है। इसमें पाक स्थित ड्रग माफिया भारतीय सीमा में नाबालिगों को एक नशा आपूर्तिकर्ता के तौर पर भर्ती कर रहे हैं। यह कोई मामूली साजिश नहीं है, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये तकनीकी बदलावों, कानून की खामियों और सबसे बढ़कर बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाने का कुत्सित प्रयास ही है। दरअसल, सीमा पार बैठे नशा माफिया कानून के छिद्रों व परिस्थितियों का लाभ उठाने से नहीं चूकते। अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के किशोरों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इन किशोरों में कई आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों से हैं। जिन्हें चंद रुपयों का प्रलोभन दिया जाता है। उन्हें स्मार्टफोनों का लालच भी दिया जाता है। इसके अलावा जो किशोर नशे की दलदल में धंस चुके हैं उनकी कमजोर नस को पकड़कर उन्हें मुफ्त ड्रग्स का लालच दिया जाता है। किसी भी देश के किशोरों का नशे के संजाल में फंसना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बच्चे भविष्य के भारत के कर्णधार होते हैं। यदि वे अभी से नशे की दलदल और नशीले पदार्थों की आपूर्ति में लग जाएंगे तो देश-समाज का भविष्य कैसा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। जिस काम को किशोर लालच से अंजाम दे रहे हैं, सही मायनों में वह बेहद खतरनाक है। वे ड्रोन से गिराए गए हेरोइन के पैकेट व कुछ मामलों में खतरनाक अवैध हथियार उठाते हैं और उन्हें ड्रग माफिया द्वारा बताए गए एजेंटों तक पहुंचाते हैं। दरअसल, आमतौर पर किशोरों की सामान्य सक्रियता को संदिग्ध नहीं माना जाता। उनका साफ-सुथरा रिकॉर्ड उन्हें कानून प्रवर्तन अधिकारियों की नजर से बचा लेता है। यदि नाबालिगों की गिरफ्तारी होती भी है तो वे भारतीय कानूनों के हिसाब से गंभीर सजा से बच जाते हैं। इस तरह, उनकी कम उम्र ही उन्हें सीमा पार बैठे नशे के तस्करों के लिये उपयोगी बना देती है। इन बच्चों के खिलाफ कार्रवाई करते समय प्रवर्तन एजेंसियों को उदार रवैया अपनाना चाहिए। दरअसल, कुछ बच्चे परिस्थितियों के मारे भी होते हैं। वे मूलतरू अपराधी नहीं होते। कुछ शातिर अपराधी उनका इस्तेमाल करके इस अपराध की दलदल में धकेल देते हैं। सही मायनों में वे सीमा पार से रची गई साजिश और हमारी अपनी व्यवस्था की कमजोरियों के कुचक्र व उससे उपजी आपराधिक व्यवस्था में आसानी से फंस जाते हैं। असल में, भारतीय किशोर न्याय कानून का उद्देश्य नाबालिगों को सुधारना और सुरक्षा करना होता है। लेकिन इस कानून की मूल भावना का लाभ संगठित नेटवर्कों द्वारा अपने मंसूबों को अंजाम देने को उठाया जा रहा है। हम 21वीं सदी में नशे की तस्करी का मुकाबला बीसवीं सदी के उपायों से नहीं कर सकते हैं। कभी-कभार होने वाली गिरफ्तारियां, छिटपुट छापे और उदार चेतावनी अपर्याप्त कही जा सकती हैं। निश्चित रूप से अपराध की घातकता के अनुरूप ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। सीमा की निगरानी व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाये जाने की सख्त आवश्यकता है। स्कूलों, पंचायतों, सामुदायिक नेताओं और नागरिक समाज को पहले ही चेतावनी प्रणालियां बनानी चाहिए, ताकि पहचान हो सके कि बच्चों की परवरिश किस ढंग से की जा सके। इस दिशा में अभिभावकों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे बच्चों के पथभ्रष्ट होने के खतरे के प्रति सचेत रहें। समुदायों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही जोखिम के दायरे में आ सकने वाले युवाओं को बेहतर शिक्षा, कार्य कौशल और वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए ताकि वे किसी प्रलोभन में आकर गलत राह न चुने। निश्चित तौर पर नाबालिगों का यह दुरुपयोग पंजाब के सामाजिक ताने-बाने व भारत की सुरक्षा पर हमला है।

# भारत-कनाडा के रिश्तों में नई गर्माहट बड़े बदलाव का संकेत

भारत और कनाडा के रिश्तों पर पड़ी बर्फ धीरे-धीरे पिघल रही है और दोनों देशों के बीच एक नए विश्वास, सहयोग और साझेदारी का वातावरण आकार ले रहा है। वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप, व्यापारिक हितों और तकनीकी साझेदारियों की बढ़ती जरूरतों ने दोनों देशों को पुनः संवाद और सहयोग की राह पर लौटने के लिए प्रेरित किया है। जून से शुरू हुआ यह सकारात्मक बदलाव अब व्यापक रूप में दिखाई देने लगा है, जिसका संकेत हाल ही में की गई द्विपक्षीय बैठकों, उच्चस्तरीय संपर्कों और आर्थिक सहयोग की घोषणाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य एवं कनाड़ा द्वारा अब नागरिकता के बंद दरवाजे खोलने की घोषणा इस परिवर्तन की गहराई और व्यापकता को रेखांकित करती है। यह लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाने का संकल्प मात्र नहीं है बल्कि यह उस नये दौर की प्रतीकात्मक दस्तक है जिसकी ओर दोनों देश बढ़ रहे हैं और इससे दोनों देशों को फायदा होगा। पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के रिश्तों में जिस तरह तनाव और अविश्वास ने जगह बनाई थी, वह दोनों देशों के लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-आधारित संबंधों के विपरीत था। खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा में बढ़ती गतिविधियों, राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और न्यायिक प्रक्रियाओं ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास पैदा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच दूरी सार्वजनिक रूप से दिखाई देती थी और कूटनीतिक संवाद लगभग ठहर-सा गया था। जस्टिन ट्रूडो ने राजनीतिक दबाव एवं स्वार्थ के चलते भारत से ऐतिहासिक संबंधों को धुंधलाया, जिसका खामियाजा उन्होंने भुगता भी है। लेकिन अब नई सरकार के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नये जोश, आत्मीयता एवं संवेदनाओं के साथ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों, व्यापारिक अवसरों के विस्तार और नई आर्थिक-रणनीतिक जरूरतों ने दोनों पक्षों को यह अहसास कराया कि रिश्तों का ठहराव किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। इसी समझ ने दोनों देशों को संवाद के नये पुल बनाने और पुराने अवरोधों को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ाया। नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाड़ा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है। ऐसे में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप्स, ऊर्ज़ा और शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं जिनकी दिशा अब खोली जा रही है। वैसे भी भारत के स्टूडेंट्स के लिये अब भी कनाड़ा सबसे पसंदीदा जगहों में एक हैं। कनाडा अपने नागरिकता कानून में भी बदलाव करने जा रहा है, उससे भी भारतीयों को फायदा होने की व्यापक संभावनाएं है। पीयूष गोयल के वक्तव्य में दिखती आर्थिक साझेदारी की दृष्टि इस बात का परिचायक है कि भारत और कनाडा अब केवल राजनीतिक संवाद से आगे बढ़कर व्यावहारिक सहयोग के नए आधार बना रहे हैं। 50 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है, लेकिन यह उन आर्थिक संभावनाओं का वास्तविक अनुमान भी है जो दोनों देशों की नीतियों, संसाधनों और क्षमताओं में मौजूद है। भारत कनाडा के लिए एक विशाल बाजार है और कनाडा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्ज़ा, खनिज, कृषि और तकनीकी साझेदार। इसी परस्पर निर्भरता और जरूरत ने दोनों देशों को फिर से एक-दूसरे की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। अब जरूरी है कि विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी रखते हुए

**पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के रिश्तों में जिस तरह तनाव और अविश्वास ने जगह बनाई थी, वह दोनों देशों के लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-आधारित संबंधों के विपरीत था। खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा में बढ़ती गतिविधियों, राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और न्यायिक प्रक्रियाओं ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास पैदा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच दूरी सार्वजनिक रूप से दिखाई देती थी और कूटनीतिक संवाद लगभग ठहर-सा गया था। जस्टिन ट्रूडो ने राजनीतिक दबाव एवं स्वार्थ के चलते भारत से ऐतिहासिक संबंधों को धुंधलाया, जिसका खामियाजा उन्होंने भुगता भी है। लेकिन अब नई सरकार के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नये जोश, आत्मीयता एवं संवेदनाओं के साथ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों, व्यापारिक अवसरों के विस्तार और नई आर्थिक-रणनीतिक जरूरतों ने दोनों पक्षों को यह अहसास कराया कि रिश्तों का ठहराव किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। इसी समझ ने दोनों देशों को संवाद के नये पुल बनाने और पुराने अवरोधों को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ाया। नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाड़ा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है। ऐसे में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप्स, ऊर्ज़ा और शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं जिनकी दिशा अब खोली जा रही है।**

जल्द समझौते तक पहुंचा जाये। हाल के वर्षों में दुनिया बहुध्रुवीय स्वरूप की ओर बढ़ रही है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और पश्चिम एशिया जैसे शक्ति केंद्रों के बीच उभर रही नई अनिश्चितताओं ने मध्यम और उभरती शक्तियों को नए साझेदार तलाशने के लिए विवश किया है। भारत और कनाडा इस वैश्विक संरचना में ऐसे दो देश हैं जिनके पास जनसांख्यिकीय शक्ति, आर्थिक संसाधन, शिक्षा-तकनीक की क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों का साझा आधार मौजूद है। ऐसे में इन दोनों का साथ आना न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक है बल्कि एक नई वैश्विक संरचना के निर्माण में भी उपयोगी हो सकता है। यह संरचना सहयोग, नवाचार, जलवायु न्याय, हरित तकनीकों और स्थायी विकास पर आधारित हो सकती है। कनाडा में भारतीय मूल की बड़ी आबादी दोनों देशों के रिश्तों को मानवीय और सामाजिक आधार भी देती है। जब भी रिश्तों में तनाव आया, प्रवासी भारतीय समुदाय उसके बीच पुल की तरह खड़ा दिखाई दिया है। यही समुदाय आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक रिश्तों को नई दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यह समुदाय न केवल कनाडा के आर्थिक विकास का हिस्सा है बल्कि भारत-कनाडा संबंधों की गहरी कड़ी भी है। यही कारण है कि दोनों सरकारों ने इस सामाजिक संबंध को और मजबूत करने का प्रयास शुरू किया है जिससे गलतफहमियाँ कम हों, लोगों के बीच भरोसा बढ़े और राजनीतिक विवादों का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर सीमित रहे। वर्तमान दौर में भारत की वैश्विक छवि एक निर्णायक, प्रभावशाली और विश्व-हितैषी शक्ति के रूप में उभर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक शैली, वैश्विक मंचों पर सक्रियता और विकास-शांति आधारित विदेश नीति ने भारत की स्थिति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। दूसरी ओर कनाडा भी एक स्थिर लोकतंत्र और बहुसांस्कृतिक देश के रूप में वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। दोनों देशों की यह समान सोच और नई वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा दृष्टिकोण अब आपसी सहयोग के लिए अधिक अनुकूल अवसर पैदा कर रहा है। समीक्षा के इस चरण में यह स्पष्ट है कि भारत-कनाडा संबंधों में आया यह सकारात्मक मोड़ केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि गहरे आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक हितों पर आधारित है। मार्क कार्नी सरकार को भी यह समझ आ रही है कि भारत जैसे मजबूत साझेदार से दूरी कनाडा की आर्थिक और वैश्विक भूमिका के लिए सही नहीं। वहीं भारत भी उन देशों के साथ संबंधों का विस्तार चाहता है जो तकनीक, शिक्षा, कृषि, ऊर्ज़ा और नवाचार के क्षेत्रों में मूल्यवान साझेदारी दे सकते हैं। यही वजह है कि दोनों देश अब नयी समझ विकसित करते हुए एक ऐसे दौर की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें संवाद, सहयोग और परस्पर सम्मान केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत और कनाडा के रिश्तों में शुरू हुई यह नई गर्माहट एक बड़े बदलाव का संकेत है। यह बदलाव न केवल आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देगा बल्कि वैश्विक शांति, नई तकनीक, हरित विकास और सामाजिक सौहार्द की दिशा में भी नई संभावनाएँ खोलेगा। दोनों देश यदि इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते रहे तो यह केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती नहीं देगा, बल्कि एक नई विश्व संरचना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। **–ललित गर्ग**

# अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस

**पवन वर्मा**

मध्यप्रदेश की कानून-व्यवस्था पर पिछले कुछ दिनों से उठ रहे सवालों ने अंततः सत्ता के शीर्ष को हिला दिया है। मंगलवार रात को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अचानक पुलिस मुख्यालय पहुँचना, और वहाँ दिए गए तीखे तेवरों वाले निर्देश,यह साफ कर गए कि सरकार अब चेतावनी की मुद्रा में नहीं, बल्कि कार्रवाई के मोड में है। मध्यप्रदेश के रायसेन व भोपाल में हुई हालिया आपराधिक घटनाएँ भले अलग-अलग प्रकृति की हों, पर एक बात दोनों में समान थी, राज्य की पुलिस व्यवस्थाओं पर सीधे सवाल। रायसेन में जो कुछ हुआ, वह केवल किसी स्थानीय तंत्र की चूक नहीं थी, बल्कि कानून-व्यवस्था पर एक गंभीर धब्बा था। सबसे वीभत्स घटना गौहरगंज की रही, जहाँ छह साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म ने न केवल ज़िले, बल्कि पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया। यह वह बिंदु था, जहाँ मुख्यमंत्री का धैर्य टूटा और उनका रुख स्पष्टतः कड़ा हो गया। मुख्यमंत्री की नाराज़गी सिर्फ शब्दों तक नहीं रही। रायसेन एसपी को तत्काल प्रभाव से हटाकर उन्होंने पुलिस महकमे को एक ठोस और निर्विवाद संदेश दिया कि ल्लसुरक्षा में असफलता की कोई गुंजाइश नहीं, और ऐसी असफलता का मूल्य पद से चुकाना होगा।ङ्क यह निर्णय केवल एक अधिकारी का तबादला भर नहीं है, यह उन सभी जिलों के लिए संकेत है जहाँ अपराधियों का मनोबल पुलिस की सुस्ती से बढ़ने लगा है। गौहरगंज कांड पर मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया में वह बेचैनी साफ झलकती है, जो किसी भी जागरूक शासन प्रमुख में होनी चाहिए। छह साल की बच्ची के साथ हुई यह अमानवीय वारदात केवल एक परिवार का दर्द नहीं, बल्कि राज्य की सामूहिक सुरक्षा प्रणाली की परीक्षा भी है। मुख्यमंत्री ने इसे पुलिस की ''निगरानी की विफलता'' करार दिया, जो मुख्यमंत्री की एक सही और आवश्यक टिप्पणी थी। क्योंकि यह प्रश्न लंबे समय से अनुत्तरित है कि छोटे जिलों में इस प्रकार की घटनाएँ अचानक कैसे बढ़ रहीं हैं, और अपराधी अवसर कैसे पा रहे हैं? राजधानी भोपाल की घटनाओं पर भी मुख्यमंत्री ने सख्ती दिखाई। राजधानी में बढ़ती लापरवाही का अर्थ पूरे प्रदेश के लिए खतरे का संकेत है। राजधानी वह आइना है जिसमें सरकार की प्राथमिकताएँ और पुलिस की सतर्कता स्पष्ट दिखती है। यह बात मुख्यमंत्री ने मीटिंग में साफ कर दी है कि ल्लराजधानी की सुरक्षा व्यवस्था अनुकरणीय होनी चाहिए, असुरक्षा का प्रतीक नहीं। मुख्यमंत्री के तेवरों का सार एक ही था, कि अपराध रोकना अब पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, केवल अपराधियों को पकड़ लेना ही उसका 'काम' नहीं है। यह सोच वर्षों से चली आ रही उस कार्यशैली को भी चुनौती देती है जिसमें पुलिस प्रायः 'घटना के बाद की कार्रवाई' पर जोर देती रही है, रोकथाम पर नहीं। मुख्यमंत्री का यह दृष्टिकोण स्वागत योग्य है, क्योंकि अपराधियों का मनोबल तब तक नहीं टूटता, जब तक उन्हें यह भरोसा रहता है कि पुलिस की चौकसी में कहीं न कहीं ढील है। रायसेन एसपी का हटाया जाना आने वाले समय के लिए एक निर्णायक मोड़ होगा। यह पुलिस कप्तानों और जिलों के अधिकारियों को यह समझा रहा है कि अब आंकड़ों की रिपोर्ट नहीं, जमीन पर ठोस नतीजे मायने रखेंगे। महिलाओं की सुरक्षा, बच्चों की सुरक्षा और संगठित अपराधों पर नियंत्रण,इन मोर्चों पर सरकार अब प्रत्यक्ष निगरानी करेगी और लापरवाही की कीमत तुरंत चुकानी पड़ेगी। इस पूरी घटना का बड़ा संदेश यह है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव अब कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर राजनीतिक जोखिम लेने को भी तैयार हैं। प्रशासनिक फ़ेरबदल हो या सख्त निर्णय,वे यह दिखा रहे हैं कि ल्लअपराध के प्रति शून्य-सहनशीलताङ्क केवल नारा नहीं, बल्कि क्रियान्वयन का सिद्धांत होगा। प्रदेश की जनता यही चाहती है कि शासन की संवेदनशीलता सिर्फ बयान या दौरे तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर महसूस हो। जिस तरह रायसेन की मासूम बच्ची की वेदना ने सबको झकझोरा, उसी तरह मुख्यमंत्री की कार्रवाई ने पुलिस तंत्र को जगाया है। यह जागरण तभी सार्थक होगा जब हर जिले में अपराधियों के मन में यह भय जन्म ले कि इस सरकार में गलती की नहीं, 'अपराध की सोच' की भी सजा है। मध्यप्रदेश आज कानून-व्यवस्था के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। मुख्यमंत्री का यह लौह-मुष्टि वाला रुख उम्मीद जगाता है कि आने वाला समय अपराधियों के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए अधिक सुरक्षित होगा।

## सेहत मंत्र

# लौंग वाला दूध हो सकता है पुरुषों के लिए फायदेमंद, इनफर्टिलिटी की समस्या होगी दूर

आमतौर पर दूध को सम्पूर्ण आहार माना जाता है। पौष्टिकता बढ़ाने के लिए इसमें बहुत सी चीजें भी मिलायी जाती है। कुछ लोग बादाम वाला दूध पसंद करते है तो कोई प्रोटीनयुक्त हेल्थ सप्लीमेंट्स मिलाकर दूध का सेवन करते है। लेकिन लौंग और दूध के फायदे शायद बहुत कम लोग जानते है। खासकर पुरुषों के लिए दूध और लौंग बहुत फायदेमंद है। दूध और लौंग का सेवन पुरुषों में कई तरह की पौरुष संबंधी दिक्कतों को दूर करता है। दूध में लौंग मिलकर सेवन करने से स्ट्रेस लेवल कम हो सकता है। इसमें बहुत से जरुरी पोषक तत्व पाए जाते है। इसमें कॉपर, जिंक, पैग्नीशियम, फाइबर जैसे तत्व पाए जाते हैं और दूध तो कैल्शियम का अच्छा सोर्स है ही। तो आप भी दूध और लौंग का सेवन शुरू करिये और बढ़ते तनाव से खुद को दूर रखिये। बदलती जीवन शैली अल्कोहल और स्मोकिंग की आदत से पुरुषों में स्पर्म काउंट काफी कम होने लगता है। अगर आप भी इस समस्या का शिकार है तो दूध और लौंग आपकी इस परेशानी को दूर कर सकता है। दूध और लौंग के प्रयोग से पुरुषों का स्पर्म काउंट में सुधार होने लगता है। यदि आपका हार्मोन लेवल कम हो गया है तो लौंग और दूध आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इससे शारीरिक क्षमता बेहतर होती है और यह सेक्सुअल पावर भी बढ़ाता है। इससे सेक्स लाइफ अच्छी होती है। पुरुषों में बढ़ते वज़न की परेशानी बहुत ही आम समस्या है। अगर आप भी बढ़ते वज़न से परेशान है तो आपकी इस परेशानी को दूध और लौंग के सेवन से दूर किया जा सकता है। यदि आप सुबह खाली पेट नियमित रूप से कम से कम दो लौंग चबाते है तो आप भी बहुत सी समस्याओं से बचे रहेंगे।आप चाहें तो लौंग का पाउडर भी मिला सकते हैं लेकिन यदि आप पाउडर नहीं मिक्स करना चाहते तो 2 लौंग का पेस्ट बनाकर दूध में मिक्स कर लें।

## धर्म मंत्र

# सुखी एवं समृद्ध जीवन के आधार है गणेशजी

भगवान गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता है। गणेश के रूप में विष्णु शिव-पार्वती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। वे भारत सहित सिंध और तिब्बत से लेकर जापान और श्रीलंका तक की संस्कृति में समाये हैं।

## पर्यटन



# भारतीय स्मारक, जिन्हे देखकर रह जायेंगे दंग, ख़ूबसूरती है बेमिसाल

प्राचीन समय से ही भारत को इसकी सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक सम्पन्नता के लिए जाना जाता है। भारत में मुग़ल काल से लेकर प्राचीन काल के साक्ष्य मौजूद है जिसमे रामायण काल और महाभारत काल के साक्ष्य भी शामिल है जो इसकी ऐतिहासिक धरोहर है। मुग़ल काल में निर्मित ऐतिहासिक धरोहरों को हम कैसे भूल सकते है। आइये आपको ले चलते है कुछ ऐसी ही भारतीय धरोहरों की सैर पर जिन्हे देख कर देश विदेश से आये पर्यटक दंग रह जाते है और उनको भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का पता चलता है। राजस्थान का नाम सुनते ही लोगो के मन में हवा महल की तस्वीर बन जाती है। हवा महल राजस्थान की पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह गुलाबी शहर का सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल है इसका अर्थ है 'हवाओं का महल'। इसका निर्माण 1799 में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने बनवाया था। इसमें 950 से भी ज्यादा खिड़कियां है। यह महल लाल और गुलाबी बलुआ पत?थर से बना हुआ है और यह महल मधुमखियों के छत्ते की तरह से बनाया गया है। इस महल में पर्यटकों की बहुत भीड़ होती है। शाम के समय इस महल में लाइट जलाई जाती है जिससे इसकी खूबसूरती और बढ़ जाती है। इस महल को अंबा पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। महल के साथ-साथ यहां 44.2 मीटर ऊंचा एक पांचमंज़िल का टावर भी है, जिसके गुंबद को सोने से बनाया गया है। इसका निर्माण 14वीं सदी में वाडियार राजाओं ने करवाया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्‌भुत संगम है। ताज महल की गिनती विश्व के सात अजूबो में की जाती है। शायद ही कोई ऐसा विदेशी पर्यटक होगा जो इंडिया आये और ताज महल के दीदार करने ना पहुचें। इसका निर्माण मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया था।

# गांव होगा हरित, तभी मिलेगा सुकून का क्रेडिट




## हरित ग्राम पंचायतों की अवधारणा : ग्रामीण ले भविष्य की हरियाली का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । भारत को हरित, स्वच्छ और सतत विकास की ओर ले जाने का वास्तविक मार्ग गांवों से होकर गुजरता है। स्मार्ट ग्राम पंचायतों और मॉडल गांवों का सपना तभी पूरा होगा जब हम सबसे पहले हरित ग्राम पंचायतों की बुनियादी अवधारणा को समझें और उसे जमीन पर उतारें। आज पेड़ों की अंधाधुंध कटान, मिशन आधारित वृक्षारोपण में लगाए गए पौधों की उपेक्षा, और संरक्षण की कमी एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। कभी हरियाली का प्रतीक रहे ग्रामीण इलाके अब पर्यावरणीय संकट की ओर बढ़ रहे हैं। पौधे लगाए जाते हैं, पर देखभाल के अभाव में सूख जाते हैं, जिससे ग्रामीन पर्यावरण की संतुलन वाली प्रणाली कमजोर होती जा रही है।

ग्रीन इंडिया अभियान का मूल केंद्र गांव ही हैं। बिना ग्रामीण सहभागिता के हरित भविष्य का सपना अधूरा है। हरित ग्राम पंचायत की बुनियाद जनसहयोग, योजना, वैज्ञानिक सोच और संरक्षण में छिपी है। पेड़ केवल हरियाली नहीं देते, बल्कि जल संरक्षण, मिट्टी की मजबूती, आवोहवा की शुद्धता और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित वातावरण देते हैं। यदि ग्रामीण आगे आएँ, प्रशासन संकल्पित रहे और वन विभाग मार्गदर्शन करता रहे, तो बाराबंकी ही नहीं, पूरा प्रदेश हरित क्रांति की मिसाल बन सकता है



ग्राम पंचायतों को हरित बनाने के लिए सबसे ज़रूरी है जनसहयोग। हम गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक करते हैं। यदि जनता आगे आएगी तभी हरित ग्राम पंचायतों का सपना साकार होगा। सबसे पहले तय किया जाए कि किस क्षेत्र में किस प्रकार के पौधों की आवश्यकता है। स्थानीय जलवायु का वैज्ञानिक सर्वे आवश्यक है क्योंकि स्थानीय प्रजातियों के पौधे ही उस पर्यावरण में सर्वोत्तम पनपते हैं। नर्सरी की समय पर तैयारी, पौधरोपण और उसके बाद संरक्षण यही पूरा अभियान सफल बनाते हैं। संरक्षण के बिना कोई भी प्रयास अधूरा है। इसी सोच के तहत विकास खंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित चौपालों का आयोजन किया जाता है।

**अल्पना पांडेय**
**वन क्षेत्राधिकारी रामनगर**



हमारा लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं बल्कि उन्हें जीवित रखना है। ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाएँ तो बनती हैं पर संरक्षण और पालन–पोषण में लापरवाही हो जाती है। इसलिए वन विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि पौधों को सुरक्षित वातावरण मिले—बाड़, जल उपलब्धता और निगरानी के माध्यम से। हमने 'हरित संरक्षक' मॉडल अपनाया है जिसमें स्कूलों, महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों और ग्राम प्रधानों को शामिल कर प्रत्येक क्षेत्र में पौधे बचाने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। हर नागरिक की भागीदारी ही इस अभियान को सफल बनाएगी।

**राकेश तिवारी**
**वन क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़**



हरित विकास यदि ग्राम पंचायतों की प्राथमिकता बन जाए तो गांवों की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। स्वच्छ हवा, पानी और पर्यावरणीय संतुलन गांव की जरूरत है।हम पंचायत स्तर पर 'एक परिवारऽएक पेड़' तथा सामुदायिक संरक्षण मॉडल लागू कर रहे हैं। स्मार्ट गांव की नींव हरित ग्राम है। जहां हरियाली होगी वहां स्वास्थ्य, समृद्धि और सामाजिक समरसता अपने आप मजबूत होगी।

**सोनी सिंह**
**ग्राम पंचायत अधिकारी बंकी**



प्रशासनिक स्तर पर हरित ग्राम पंचायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। विकास कार्यों में पर्यावरण संरक्षण को अनिवार्य मानकों में शामिल किया गया है।
गांवों में वृक्षारोपण की निगरानी के लिए टीमें गठित की गई हैं जो सुनिश्चित करती हैं कि लगाए गए पौधे सुरक्षित रहें, सिंचाई होती रहे और किसी प्रकार की क्षति न हो।
भविष्य का भारत तभी सुरक्षित है जब गांव हरित और जीवंत हों।

**सौरभ सिंह**
**नायब तहसीलदार ''बाराबंकी''**



त्रिवेदीगंज विकास खंड में हरित ग्राम पंचायतों की दिशा में हम व्यापक कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं। केवल वृक्षारोपण पर जोर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि भूमि चयन, पौधे की प्रजाति, सामुदायिक भागीदारी और दीर्घकालिक संरक्षण को विकास योजनाओं में शामिल किया गया है।
हम ग्राम पंचायतों को यह दिशा दे रहे हैं कि वृक्षारोपण को किसी अभियान भर न समझें, बल्कि इसे वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा बनाएं। स्कूलों, आंगनबाड़ियों, महिला मण्डलों, किसान समूहों को जोड़कर हर गांव में 'हरित संरक्षक समिति' बनाई जा रही है।
हमारा उद्देश्य है—हर गांव कम से कम 100 नए पौधे लगाए और उनमें से 80% पौधे अगले वर्ष जीवित मिलें। यह तभी संभव है जब जनता और प्रशासन दोनों मिलकर इसे एक साझा जिम्मेदारी समझें।

**प्रियंका सिंह**
**खंड विकास अधिकारी**



ग्राम पंचायतों को हरित और स्वच्छ बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। स्थानीय लोगों की भागीदारी ही इस अभियान को सफल बनाएगी। प्रशासन हर संभव सहयोग देगा ताकि हर पंचायत आने वाले वर्षों में एक मॉडल हरित पंचायत के रूप में पहचान बनाए।

श्री राजेश विश्वकर्मा
उपजिलाधिकारी हैदरगढ़

# रामनगर में चली 'ऑपरेशन क्लीन–लिकर कच्ची शराब पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

## लहन नष्ट ,गांवों में जागरूकता की नई पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ बुधवार को बड़ा अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर, डिपो फ़िरोज़पुर और खुर्दा में आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी की अगुवाई में रामनगर पुलिस टीम और अधीनस्थ स्टाफ ने संयुक्त दबिश देकर अवैध शराब के द्वद्गप्बधन्द्म को हिलाकर रख दिया।अभियान के दौरान 20 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई और लगभग 2 कुंतल लहन मौके पर ही नष्ट कर दी गई। अभियान की गंभीरता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौके से फरार होने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अज्ञात में 4 अभियोग आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत किए गए।कार्रवाई के साथ-साथ टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए बताया कि यह न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए घातक है बल्कि समाज में अपराध और दुर्घटनाओं को भी बढ़ावा देती है। अधिकारियों ने लोगों से यह अपील भी की कि गांवों में कहीं भी अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत सूचना दें, ताकि इस काली कमाई के धंधे को जड़ से उखाड़ा जा सके। यह अभियान प्रशासन की उस सख्त मंशा का संदेश देता है कि अवैध शराब के कारोबारियों के लिए अब किसी तरह की ढील नहीं।



# बाराबंकी एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने दिलाई संविधान की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय ने बुधवार को पुलिस कार्यालय प्रांगण में समस्त पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। हर वर्ष 26 नवंबर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में एसपी ने पुलिस बल को यह संकल्प दिलाया कि वे भारत को एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में मजबूत बनाने, सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित कराने तथा विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु सदैव निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। एसपी ने बंधुता, एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संविधान की मूल भावना के अनुरूप निष्पक्ष एवं संवेदनशील पुलिसिंग ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर श्री जगतराम कनौजिया, क्षेत्राधिकारी श्री आलोक कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री रितेश कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण ने अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया। सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी इंचार्जों द्वारा भी थाना/चौकी स्तर पर पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।



# भाकिमयू सिंघानिया ने संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी।भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया के बैनर तले संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर थाना कोठी क्षेत्र के मदारपुर तिराहे पर रोड पर बैठकर घंटा किया प्रदर्शन तहसील से आए नायब तहसीलदार को माननीय राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपा जिसमें ऐतिहासिक किसान आंदोलन को 5 वर्ष पूरे होने पर वर्षगांठ के अवसर पर 26 नवंबर 2025 को देशभर में किसान मजदूर एक बार फिर केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन करने पर विचार किया संगठन के युवा राष्ट्रीय चौधरी आजाद अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की किसान मजदूर की सरकार द्वारा कमर तोड़ी जा रही है एक तरफ महंगाई से परेशान किसान दूसरी तरफ किसने की उत्पादन को खरीद नहीं जा रहा है खाद को लेकर कालाबाजारी हो रही नकली खाद दी जा रही किसानों को देश भर में चल रहे आंदोलन पर कोई सरकार ठोस निर्णय नहीं ले पा रही है उत्तर प्रदेश में आवास विकास विभाग के द्वारा कई कई महीने से धरना प्रदर्शन हो रहा सरकार अनदेखी कर रही है ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है प्रधानमंत्री योजना के पेयजल योजना के द्वारा पाइपलाइन डाली गई गांवों की खडंजा जो खराब कर दिया गया अभी तक गांव में पानी नहीं चालू कराया गया बिजली बिल 2025 और तुरंत वापस लिया जाए बिजली स्मार्ट मीटर पर रोक, किसानो की फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए तहसील की तमाम समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया इस मौके पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ज्ञापन पर तहसील प्रशासन विचार नहीं किया तो दो सप्ताह के अंदर छुट्टा जानवर लेकर वह सैकड़ो किसान मजदूर को लेकर तहसील प्रशासन का ताला बंद कर आंदोलन किया जाएगा जिसमें मौजूद रहे संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश सचिव अजीत वर्मा मंडल अध्यक्ष लल्लन मुनेरी युवा जिला अध्यक्ष अमित वर्मा जिला प्रभारी हरि नाम रावत सतीश चौहान जिला महासचिव वारिस ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ रावत तहसील अध्यक्ष राहुल कुमार युवा ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धौर दृग पाल राजकुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# वादों की उम्र पाँच साल, किसानों का सब्र खत्म, जिला मुख्यालय पर उभरा आक्रोश

## एमएसपी से धान खरीद बंदी तक, किसानों ने सरकार को याद दिलाया अधूरा समझौता

एजेंसी

बाराबंकी संयुक्त किसान मोर्चा और भाकियू हरपाल गुट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के निर्देश पर आज जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने एक बार फिर याद दिलाया कि दिल्ली बॉर्डर पर चले ऐतिहासिक 13 महीने के आंदोलन के दौरान भारत सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे और लिखित रूप से यह वादा किया गया था कि एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाएगा तथा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाएगा। लेकिन पाँच साल बीत चुके हैं और सरकार की तरफ़ से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ, जिससे किसानों में जबरदस्त नाराज़गी है।भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट के कार्यकर्ता जिला कार्यालय गनौरा पर एकत्र हुए और जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी की अगुवाई में पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। रास्ते में जिलाधिकारी की ओर से नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार तथा थाना प्रभारी जहांगीराबाद शिवकुमार किसानों का ज्ञापन लेने के लिए पहुंचे। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि किसान अब झूठे भरोसों से आगे बढ़ चुका है और साफ़ऽसाफ चाहता है कि एमएसपी गारंटी का कानून बने ताकि किसान अपनी फसल लागत से कम दाम पर न बेचने को मजबूर न हो। उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीद को लेकर जिले में पूरी तरह अराजक स्थिति है। सरकारी खरीद केंद्र बंद पड़े हैं, किसान 1700 रुपये में दुकानदारों को धान बेचने पर मजबूर हैं, जबकि पीसीएफ और मार्केटिंग केंद्र यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि पुराने धान का उठान नहीं हुआ है। किसानों ने मांग की कि खरीद रोकने और लापरवाही बरतने वाले सचिवों पर तत्काल कार्रवाई हो।प्रदर्शन के दौरान बिजली के स्मार्ट मीटर भी बड़े मुद्दे के रूप में उभरे। किसानों और मजदूरों ने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण अत्यधिक बिल आ रहे हैं, गरीब परिवार त्रस्त हैं और पुराने मीटर दोबारा लगाए जाने चाहिए। इसी के साथ कृषि उपकरणों पर लगाई गई जीएसटी को समाप्त करने, ग्रामीण अंचलों में 20ऽ25 वर्षों से टूटी हुई सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग भी जोरशोर से उठी। किसान नेताओं ने दिल्ली आंदोलन के दौरान किसानों पर लगाए गए मुकदमों को वापस लेने और आंदोलन में मारे गए 710 किसानों के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की भी मांग उठाई। गन्ना किसानों ने भी मिलों पर अटके बकाये को तत्काल भुगतान कराने की गुहार लगाई।कार्यक्रम में अरविंद यादव, नरेंद्र यादव, राजू खान, हरिद्वार लाल गौतम, द्वारिका प्रसाद, संजय यादव, शिवेंद्र प्रताप, दीपू यादव, रामनारायण, जगदीश प्रसाद सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## गुरुजी बच्चों को सिखाएंगे स्वयं की सुरक्षा एवं संरक्षा की बाते

**अध्यापकों का 3 दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ,**

बाराबंकी। 3 दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बाराबंकी के उप शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य श्री अमित यादव के संरक्षण व निर्देशन में प्रारंभ हुआ। तीन बैच में कुल 200 प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया डायट प्राचार्य द्वारा सुरक्षा एवं संरक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से अपील की कि वह बच्चों में जागरूकता के माध्यम से विद्यालय तक और अपनी कक्षाओं के बच्चों तक पहुंचाएं। प्रशिक्षण प्रभारी कीर्ति अवस्थी (प्रवक्ता डाइट ) ने सुरक्षा एवं संरक्षण के विभिन्न आयाम जैसे आपदाओं से सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, संक्रामक रोगों से सुरक्षा एवं महेंद्र यादव प्रवक्ता ने सड़क सुरक्षा एवं हादसों का न्यूनीकरण कैसे हो पर विस्तृत चर्चा की इस अवसर पर समस्त डायट प्रवक्ता राम प्रकाश यादव, राहुल सिंह सूर्यवंशी, जहीर अहमद, लालचंद, आनंद यादव, सुकेश रंजन श्रीवास्तव, जीतेन्द्र सोनकर, अमित राय आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## भव्य कलश संग 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ

**– झांकियों ने लोगों का मन मोहा**

बाराबंकी।नगर के जेब्रा पार्क, पल्हरी चौराहा परिसर में शक्ति संवर्धन 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कलश यात्रा के संग आज भव्य एवं मनमोहक शुभारंभ हुआ। पूरा नगर पूरी तरह से आध्यात्मिक रंग में रंग गया । नगर में चार दिशाओं से कलश यात्राओं निकल कर नाका सतरिख चौराहे से एक साथ हजारों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। पूरे नगर क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। गाजे बाजे भव्य झांकियों के साथ गायत्री माता की जय, पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य व वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जयकारों साथ पहली कलश यात्रा गायत्री शक्ति पीठ बाराबंकी से प्रभारी शांति दीक्षित के नेतृत्व में ब्लॉक देवा, निन्दूरा व फतेहपुर के कार्यकर्ताओं के सहयोग से निकली। दूसरी कलश यात्रा श्री नागेश्वर नाथ मंदिर से प्रभारी रमेश चन्द्र मौर्य के संयोजन में ब्लॉक रामनगर, मसौली, बनीकोडर, दरियाबाद व टिकैत नगर के कार्यकर्ताओं की अगुवाई में निकली।तीसरी कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञा पीठ, आजाद नगर से प्रभारी कौशल्या सिंह, सुमन सिंह, सुधा सिंह, निर्मला श्रीवास्तव व धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में निकली।चौथी कलश यात्रा श्रीराम कॉलोनी पार्क से प्रभारी सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, नन्दकिशोर, परिपूर्णानंद, मिथिलेश श्रीवास्तव, राम किशोर और सतीश श्रीवास्तव, मेधा गुप्ता के निर्देशन में प्रस्थान की। सभी कलश यात्राओं के प्रभारी रत्न ज्योति श्रीवास्तव को बनाया गया। कलश यात्रा में झांकियों ने लोगों के मन को मोहा नगर में चार दिशाओं से निकली कलश यात्रा में श्री राधा कृष्ण, शिव पार्वती, भारत माता, मशाल में नारियां महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मी बाई, रानी अवंतीबाई, अहिल्याबाई, सहित कई अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। पूरा नगर मां गायत्री के जयकारों से गूंज गया।''रामनगर''शहर मुख्यालय में आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिवस कलशयात्रा में लिए रामनगर तिलोकपुर सूरतगंज व गणेशपुर आदि कस्बों एवं क्षेत्र के तमाम ग्रामों से हजारों पुरुष महिलाएं व किशोर किशोरियां पीले वस्त्र धारण कर यज्ञस्थल को रवाना हुए।गणेशपुर क्षेत्र से टोलीनायक अवधेश कुमार शुक्ला के साथ 70 महिलाओं ने बस से प्रस्थान किया।इसी तरह तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से हजारों गुरुभक्त माता गायत्री के महायज्ञ में भाग लेने के लिए श्रद्धा व हर्षपूर्वक टोली सहित बाराबंकी यज्ञ भूमि की ओर लिए चल पड़े।

## दबंगों का जानलेवा हमला, कई लोग गंभीर रूप से घायल

बदायूं। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इब्राहिम पुर गढ़ी में दबंगों द्वारा पिता-पुत्र और पुत्रवधू पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि गांव के कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते मुकेश की पुत्र वधू को छत पर से गलियां देनी शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर वे नीचे उतरकर महिला को पीटने लगे। चीख पुकार सुनकर मुकेश ने उन लोगों को रोकने की कोशिश की। जिस पर नाराज होकर उन्होंने मुकेश के सर पर डंडा मार कार घायल कार दिया। इतने में मुकेश का बड़ा बेटा उन लोगों को बचाने पंहुचा। उस पर भी दबंगों ने चाकू से वार करके कई जगह घायल कार गिया इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। 112 को काल करने पर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया

बदायूँ। दा-वुद्धिस सोसायटी आफ इंडिया और अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दा वुद्धिस सोसायटी आफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष राम सेवक गौतम, आजीवन सदस्य सविता अंबेडकर , सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष आर.पी. त्यागी, बसपा के मुख्य मंडल कोऑर्डिनेटर जैपाल सिंह, जिला प्रभारी क्रांति कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा अंबेडकर समान ज्ञान प्रतियोगिता के प्रभारी राम सरन लाल, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और महिलाएं शामिल हुए। कार्यक्रम प्रभारी एडवोकेट चिरंजी लाल ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं सामान्य जन मानस का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान की महत्ता, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम स्थल पर भारी जनसंख्या की मौजूदगी उत्साह का केंद्र बनी रही।

# किसान आंदोलन के पांचवी वर्षगांठ भाकियू का यादगार प्रदर्शन, ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की जिला इकाई ने शहर स्थित गन्ना संस्थान परिसर में विशाल किसान पंचायत का आयोजन किया। पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद ने की और संचालन महामंत्री राम सेवक रावत ने किया। किसान आंदोलन की 5वीं वर्षगांठ पर सरकार को याद दिलाए वादे जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है क्योंकि दिल्ली बॉर्डर पर चले किसान आंदोलन की 5वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहा कि किसान एक बार फिर सरकार को उसके उन वादों की याद दिलाने आए है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक एमएसपी को कानूनी दर्ज़ा नहीं मिलेगा, किसानों को उनका उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिल सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगें पूरी नहीं कीं तो किसान फिर से व्यापक आंदोलन के लिए विवश होंगे।

? चार घंटे चली पंचायत में उठी जनपद की समस्याएँ

करीब चार घंटेतक चली इस पंचायत में जिले की स्थानीय समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। किसानों ने सिंचाई, खादऽबीज की उपलब्धता,विद्युत दरों,धान खरीद में लापरवाही,मिट्टी खनन,स्वास्थ्य सेवाओं में घूसखोरी नहरों की सफाई और पशु समस्या आदि जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी।

? प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

करीब दोपहर 3 बजे मौके पर नायब तहसीलदार राजीव वर्मा एवं सीओ सिटी संगम कुमार दल बल के साथ पहुँचे और किसानों से ज्ञापन प्राप्त किया। प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद किसान नेताओं ने पंचायत समाप्त करने की घोषणा की।

अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे उनकी समस्याओं और मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव उत्त सिंह, मध्यांचल महासचिव अनिल वर्मा,मंडल अध्यक्ष अयोध्या अनुपम वर्मा,नौमिलाल,सतीश वर्मा 'रिन्कू' ओम प्रकाश वर्मा,डॉ भानु प्रताप,डीके,रामानन्द, रईस अहमद,समीर यादव,राम मदन,डॉ राम सजीवन,शारदा बक्श सिंह,हरीराम पाल,जागेश्वर चौधरी,बलराम यादव,फैसल मलिक,अनूप सिंह चौहान,अरशद अली,मो रियाज, अशफ़ाक़ आदि उपस्थित रहे।

# डीएम के आदेश कूड़ेदान में, बिना 200 क्विंटल रिश्वत के नहीं चलती तौल

राम कुमार वर्मा



बाराबंकी। किसानों को न्याय और सम्मान देने की सरकारी घोषणाएँ धान के ढेर के नीचे दब गई हैं। रामसनेहीघाट के थोरथिया धान क्रय केंद्र का हाल ऐसा है मानो यहाँ सरकारी नियम नहीं, बल्कि दलालों और अवैध वसूली करने वालों की बनाई ञ्विशेष नीतिञ्ज चल रही हो। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशों को यहाँ ऐसे फेंका जा रहा है जैसे पुराने अखबार कूड़ेदान में। किसान बताते हैं कि केंद्र प्रभारी सुमन सिंह का रवैया ऐसा है मानो धान खरीदना नहीं, किसानों को सबक सिखाना उनकी ड्यूटी हो। किसानों के अनुसार यहाँ तौल की असली चाबी न तो आधार कार्ड है, न बोझपत्र बल्कि 200 प्रति क्विंटल की चुपचाप दी जाने वाली रिश्वत है। जिसने जेब ढीली कर दी, उसका धान तुरन्त तोल दिया जाता है। और जिसने नहीं दिया, उसका धान पेंडिंग की कतार में ऐसे डाल दिया जाता है जैसे कोई पुरानी फाइल, जिसे निकालने का मन ही न हो। किसान राजकुमार बताते हैं कि उन्होंने 19 नवंबर को कागजात दिए थे और 25 नवंबर की तिथि तय हुई थी। लेकिन जब टोकन लेने गए तो जवाब मिला ञ्अगली तारीख 19 दिसंबर।ञ्ज यानी लगभग एक महीना! कारण? कारण वही पुरानाञ्सिस्टम में जगह ही नहीं हैञ्ज, पर सिस्टम में दलाल, व्यापारी और 'खास लोग' खूब फिट हो जाते हैं। किसानों का आरोप है कि रजिस्टरों में नाम तक समय से दर्ज नहीं किया जाता, ताकि बाद में यही कहा जा सके कि किसान ही देर से आए थे। मानो किसान खेती नहीं, बल्कि टाइम मशीन चलाते हों।

पूरे केंद्र की हालत देखकर लगता है कि यहाँ ञ्कानून व्यवस्थाञ्ज नाम की चीज सिर्फ बोर्ड पर लिखी है। एसडीएम कार्यालय से दो कदम दूरी पर यह सब हो रहा है और किसी अधिकारी को फुर्सत नहीं कि देख लें कि तौल हो रही है या तालाबंदी। ऐसा प्रतीत होता है कि या तो किसी को पता नहीं, या सबको पता है और सब कुछ 'ठीक ठाक' चल रहा है जैसा शब्दों में कहा जाता है, वैसे नहीं, वैसा जैसा चुपचाप समझा जाता है। किसान कहते हैं कि केंद्र प्रभारी ने दलालों और बड़े व्यापारियों के लिए रेड कार्पेट बिछा रखा है। चौबीसों घंटे दलालों की आवाजाही ऐसे रहती है जैसे यह सार्वजनिक कार्यालय नहीं, बल्कि कोई निजी ठेका हो जहाँ किसानों की नहीं, 'सेटिंग वालों' की सुनी जाती है।

अब सवाल उठता है क्या जिलाधिकारी के आदेश सिर्फ प्रेस नोट में अच्छे लगते हैं? क्या केंद्र प्रभारी और उनसे जुड़े अधिकारी किसी ऐसे कवच में हैं जिसे प्रशासन भी नहीं भेद सकता? और आखिर किसानों को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को खुद क्यों उतरना पड़े?

किसानों ने साफ कहा है कि यह धान खरीद नहीं, सीधी-सीधी ञ्सिस्टमैटिक लूटञ्ज है। सरकार दावा करे चाहे जितना, लेकिन जमीन पर सच यही है कि ईमानदार किसान लाइन में लगे हैं और 'सेटिंग वाले' लाइन के आगे। किसान अब तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि यह केंद्र धान क्रय केंद्र बने उगाही केंद्र नहीं।

# दक्षिण अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीजथ

एजेंसी

गुवाहाटी। साइमन हार्मर (छह विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63.5 आवर में 140 रन पर ढ़ेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो मैचों की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने 25 सालों के बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। रनों के लिहजा से भारत की यह सबसे बड़ी हार है। मार्को यानसन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा सीरीज में कुल 17 विकेट लेने वाले साइमन हार्मर को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।



चायकाल के बाद भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 139 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाये। वॉशिंगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुये। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटा दिया। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। रवींद्र जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया।

पहले टेस्ट में टेम्बा बवुमा ने अर्धशतकीय पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई तो वहीं गुवाहाटी टेस्ट में पारी लड़खड़ाने के बाद मुथुसामी और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को एक बड़े स्कोर पर पहुंचा और दोनों ही मैचों में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो विशेषकर यानसन और हार्मर ने भारतीय बल्लेबाज़ों की नाक में दम कर रख दिया और एक ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल कर ली। 13 महीने के अंदर घर पर भारत को दूसरी बार किसी टीम ने टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले अक्तूबर-नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था। हार्मर ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया है । बिना कोई टेस्ट हारे कप्तान के तौर पर सबसे अधिक टेस्ट जीत - बावुमा 12 मैचों में 11 जीत के साथ सबसे आगे हैं, वह माइक ब्लेयरली के साथ थे जिन्होंने इससे पहले 15 में से 10 जीत हासिल की थीं। द. अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी 201 रन पर सिमट गई थी।

# विश्व कप उठाना एक ऐसा एहसास है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता : रितु नेगी

एजेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश के ढाका में महिला कबड्डी विश्व कप 2025 जीतने के बाद स्वदेश लौटी भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी ने टीम की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि हम हर चुनौती में एक साथ खड़े रहे। हमने आखिरी सीटी बजने तक एक-दूसरे पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए विश्व कप उठाना एक ऐसा एहसास है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। भारतीय महिला कबड्डी टीम विश्व कप जीतने के बाद मंगलवार को धूमधाम से देश लौटी। भारतीय टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर लगातार दूसरा कबड्डी विश्व कप खिताब जीता था। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में शुरू से आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा। ग्रुप स्टेज के अपने सभी मैच जीते और फिर सेमीफाइनल में ईरान को हराकर खिताबी मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की की। फिर फाइनल में चीनी ताइपे को मात देकर विश्व चैंपियन का ताज अपने नाम किया।




स्वदेश लौटने के बाद रितु नेगी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कप्तान के तौर पर मुझे पता है कि मैं उतनी ही मजबूत हूं, जितनी मेरे पीछे की टीम और लड़कियों का यह ग्रुप हर चुनौती में एक साथ खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि महिला कबड्डी बहुत आगे बढ़ गई है। मुकाबला पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल हैं, लेकिन हमने आखिर तक एक-दूसरे पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि यह जीत हर उस लड़की की है जो एक दिन भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखती है। टीम की हेड कोच वी. तेजस्विनी बाई ने कहा कि ढाका में इस टीम ने जो हासिल किया, उससे मेरा दिल गर्व से भर गया है। लड़कियों ने जबरदस्त अनुशासन और पक्के इरादे के साथ खेला, जो हर एक मैच में जीत की उनकी भूख को दिखाता था। उन्होंने कहा कि जब हमने 2023 में एशियन गेम्स और 2025 में एशियन कबड्डी चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं हेड कोच थी, इसलिए यह मेरे लिए जीत की हैट्रिक है। देश के लिए विश्व कप जीतना हमेशा खास होता है, लेकिन इन युवा महिला खिलाड़ियों को इस पल का सामना करते देखना इसे और भी खास बनाता है।

# भोपाल में 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर बुधवार को 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का भव्य आगाज हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चैंपियनशिप के शुभारंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता में 23 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर देशभक्ति गीतों की धुनों पर आकर्षक मार्च पास्ट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आयोजन स्थल पहुंचने पर कैप लगाकर स्वागत किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के 500 खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय सहित अधिकारी एवं खेल प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। भारत की प्राचीन संस्कृति में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम माने गए हैं। पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है। इसमें तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है। राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व और आनंद का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल बना है। भारत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मध्य प्रदेश ने वॉटर स्पोर्ट्स में एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इसी वर्ष हुए 38वें नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, वॉटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टीवल में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में आयोजित चेंपियनशिप में शामिल होने आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश की कला-संस्कृति और स्वाद से रू-ब-रू होते हुए भोपाल के आसपास स्थित पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए भी प्रेरित किया।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025: युवा वेटलिफ्टर गोलोम टिंकू ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

बीकानेर। राजस्थान में खेले जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में पुरुषों के 60 किग्रा भारवर्ग में युवा वेटलिफ्टिंग स्टार गोलोम टिंकू ने स्वर्ण पदक जीता है। अरुणाचल प्रदेश के 19 वर्षीय गोलोम ने पहली बार पुणे में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दूसरे संस्करण में अपनी छाप छोड़ी थी और तब से लगातार प्रगति की है। मंगलवार को गोलोम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक और उपलब्धि जोड़ दी। लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए गोलोम ने कुल 256 किग्रा (स्नैच 112 किग्रा; क्लीन एंड जर्क 144 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खुम्भेस्वर मलिक (223 किग्रा) से 33 किग्रा अधिक वजन उठाया, जबकि सीटी यूनिवर्सिटी के सचिन कुल 214 किग्रा वजन के साथ कांस्य पदक हासिल कर सके। खेलो इंडिया यूथ गेम्स तक

**स्वर्ण पदक जीतना हमेशा विशेष होता है लेकिन मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है : गोलोम**

पहचाने जाने की गोलोम की राह बिल्कुल आसान नहीं रही। 2016 में अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के अपने गोडक गांव में एक हादसे में उनके पिता का निधन हो गया था। उसी दौरान उन्होंने वेटलिफ्टिंग की बुनियादी ट्रेनिंग शुरू ही की थी। पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर के गोलोम अपने बड़े भाई और बहन से प्रेरित थे। उन्होंने तीन साल तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के नाहरलागुन कैंपस में प्रशिक्षण लिया और फिर सेकंदराबाद के एओसी सेंटर में शिफ्ट हो गए। स्वर्ण पदक जीतने के बाद गोलोम ने साई मीडिया से बातचीत में कहा, मेरी बहन कराटे करती थी और बड़ा भाई बैडमिंटन खेलता था। मैं सिर्फ उन्हें देखने जाता था। एक दिन एक




कोच ने मुझसे पूछा- क्या तुम वेटलिफ्टिंग करना चाहोगे? बस यहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई। कुछ ही महीनों में गोलोम के करियर ने तेजी से उड़ान भरी। राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उन्होंने रिकॉर्ड तोड़े और लगातार दबदबा बनाए रखा। हालांकि, उनके पिता का निधन परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर छोड़ गया। ऐसे में उनके बड़े भाई को अपना बैडमिंटन करियर छोड़कर परिवार की ज़िम्मेदारी उठानी पड़ी। गोलोम ने हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत जारी रखी और पुणे में हुए अपने पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य पदक जीता। इसके बाद गुवाहाटी में आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स के संस्करण में स्वर्ण पदक हासिल किया और फिर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित किया। अब तक गोलोम एशियाई चैम्पियनशिप में तीन पदक (एक रजत, दो कांस्य) जीत चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2023 में कुल 230 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक भी जीता। इस समय गोलोम पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनका मानना है कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में भाग लेना आगामी सीनियर नेशनल्स से पहले उनके लक्ष्यों में शामिल एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। गोलम ने कहा, यह मेरे लिए पहला खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स है और स्वर्ण पदक जीतना हमेशा विशेष होता है लेकिन मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए: गौतम गंभीर

**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से सीरीज हार के बाद आलोचनाओं के बीच कहा कि इस हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए। आज यहां दूसरे टेस्ट में भारत की 408 रन से हार के बाद उनके भविष्य को लेकर गंभीर ने कहा, यह बीसीसीआई को तय करना है। मैंने पहले भी यह कहा है, भारतीय क्रिकेट जरूरी है, मैं जरूरी नहीं हूं। मैं वही आदमी हूं जिसने इंग्लैंड में नतीजे हासिल किए, चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीता। यह एक ऐसी टीम है जो सीख रही है। हार को सबकी कमियों बताते हुए गंभीर ने कहा कि तीसरे दिन भारत का 95/1 से 122/7 पर आना और मजबूत एग्जिक्यूशन की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने कहा, गलती सबकी है, सबसे पहले मैं। 95/1 से 122/7 तक जाना मंज़ूर नहीं है। आप किसी एक इंसान या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। गलती सबकी है। मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए आपको सबसे तेज़-तर्रार और टैलेंटेड क्रिकेटरों की आवश्यकता नहीं है। हमें कम स्किल वाले मजबूत लोगों की जरूरत है। वे अच्छे टेस्ट क्रिकेटर बनते हैं। उन्होंने पूरे देश में रेड-बॉल क्रिकेट को प्राथमिकता देने में बदलाव लाने की अपील करते हुए कहा, अगर आप सच में टेस्ट क्रिकेट को लेकर सीरियस हैं, तो टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना शुरू करें। सबके प्रयास की जरूरत है। आप केवल खिलाड़ियों या किसी खास इंसान को दोष नहीं दे सकते। वहीं भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच श्रीकांत ने गंभीर पर बहुत अधिक प्रयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि चयन में लगातार बदलाव से टीम की स्टेबिलिटी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर भले ही बदलावों को 'ट्रायल एंड एरर' कहें, लेकिन उनका अपना अनुभव बताता है कि कंसिस्टेंसी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, खासकर उस टीम में जो अब अपने पिछले 18 टेस्ट में से नौ हार चुकी है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ़ घरेलू मैच में क्लीन स्वीप भी शामिल है। श्रीकांत ने ऑलराउंडर्स की ओर बढ़ते झुकाव की आलोचना की — हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी के पर्दापण और सरफराज खान, साई सुदर्शन और कुलदीप यादव के लिए कम मौकों का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में वाशिंगटन सुंदर के नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने और फिर नीचे भेजे जाने जैसे पोजिशनल बदलावों पर भी सवाल उठाए। श्रीकांत नीतीश रेड्डी के सिलेक्शन को लेकर खास तौर पर नाराज थे, उन्होंने एक ऑल-राउंडर के तौर पर उनकी काबिलियत पर सवाल उठाया और पूछा कि उन्हें हार्दिक पांड्या की जगह कैसे लिया जा सकता है।

### टीम अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रही है: सूर्यकुमार

**मुंबई।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुवाई को लेकर उत्साहित हैं। खास कार्यक्रम के दौरान सूर्यकुमार ने कहा, ''मेरा मतलब है, उस टी-20 विश्वकप में जाना एक बड़ी चुनौती है। मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्वकप 2024 में भारत की जीत को याद करते हुए कहा, ''मुझे उस ट्रॉफी को देखकर बहुत मोटिवेशन मिलता है। जब हम वेस्ट इंडीज (2024 इवेंट के को-होस्ट) पहुंचे और हर बार जब हमारा राष्ट्र गान बजाया जाता था तो हमारी नजर इस सिल्वरवेयर पर होती थी। हर बार। क्रिकेटर ने आगे कहा, '' हमने सोचा है कि जैसे ही हम फाइनल आये, हमें यह ट्रॉफी जीतनी है। और इसे फिर से करीब से देखने के बाद, इससे मुझे बहुत मोटिवेशन मिलता है। वह भी भारत में खेलते हुए मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा कि लड़के बहुत उत्साहित हैं। हर कोई टी-20 विश्व कप में जाने वाली इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक है। मैंने बहुत सारे अनुभव शेयर किए हैं। मैं 2023 में एक शानदार टीम का हिस्सा था, जब हमने भारत में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। माहौल बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा, ''मैंने उनसे कहा है कि यह बिल्कुल अलग गेम है। हां, फैंस वैसे ही होंगे (टर्नआउट में), जैसा आप फ्रेंचाइजी क्रिकेट में देखते हैं, लेकिन जब भारत आता है, जब आप देश के लिए खेलते हैं, तो इसका इमोशन बिल्कुल अलग होता है। इसलिए वे बहुत उत्साहित हैं। हम एक अलग तरह का क्रिकेट खेलने की कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है, हम वर्ल्ड कप में भी यही करते रहेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी 2026 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ करेगा।

# शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी सेंसेक्स 1022 अंक उछला

एजेंसी

मुंबई। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1022.50 अंक (1.21) प्रतिशत उछलकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 320.50 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 26,205.30 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बाजार में रौनक लौटी है। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक आज गिरावट में खुले, लेकिन खुलते ही हरे निशान में चले गये। बीच कारोबार में सेंसेक्स 85,644.19 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,215.15 अंक तक चढ़ने




में कामयाब रहा। वैश्विक बाजारों में तेजी के अलावा घरेलू स्तर पर पिछले तीन दिन की गिरावट के बाद कम भाव पर खरीद का असर भी दिखा। छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। एनएसई के सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। धातु, आईटी, बैंकिंग, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। सेंसेक्स की बढ़त में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एलएंडटी का योगदान सबसे अधिक रहा। भारती एयरटेल में गिरावट रही।

# एडन मारक्रम एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बने

एजेंसी

गुवाहाटी। एडन मारक्रम ने बुधवार को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में क्षेत्ररक्षक के तौर पर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक नौ कैच लेने का कारनाम किया है, वह ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने अजिंक्या रहाणे के विश्व रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान पांच कैच पकड़े। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने चार कैच लेते हुए अपने कैच की संख्या 9 कर ली। मार्करम से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने का रिकॉर्ड बर्ट वोग्लर के नाम था। जनवरी 1910 में डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ वोग्लर ने छह कैच लिए थे। उनके छह कैच की बराबरी ब्रूस मिशेल ने 1931 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, जैक्स कैलिस ने जनवरी 2012 में श्रीलंका के खिलाफ, ग्रीम स्मिथ ने नवंबर-दिसंबर 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूएसीए (पर्थ) में और डेविड बेडिंघम ने जनवरी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने देश के पांच दिग्गजों को पछाड़ दिया है। टेस्ट सीरीज में भारत का सुपड़ा साफ करने के बाद मारक्रम ने कहा, '' यह बहुत अच्छा लग रहा है। सच कहूं तो सभी ने बहुत अच्छा प्रयास किया। भारत आकर जीतना कोई आसान काम नहीं था। मुझे लगता है कि रास्ते में कुछ अच्छे पलों के लिए अच्छी किस्मत की जरूरत थी। अब हम यहां हैं, टीम पर बहुत गर्व है। इसमें से बहुत कुछ कंडीशन के बारे में पहले से बनी सोच का नतीजा नहीं था। स्पिन और नई बॉल के साथ क्वालिटी सीमर के बारे में बहुत सारी बातें हुईं। आप अपनी पहली गेंद का सामना करने से पहले अपने मन में कोई डर नहीं रखना चाहते। मुझे यह नहीं पता था (रिकॉर्ड संख्या में कैच)।

# बजाज ऑटो ने पेश किया नया ई-रिक्शा, कीमत 1,90,890 रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की अग्रणी तिपहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने बुधवार को दो नये इलेक्ट्रिक उत्पाद भारतीय बाजार में पेश किये। बजाज ऑटो लिमिटेड के इंट्रा सिटी कारोबार इकाई के अध्यक्ष समरदीप सुबंध ने यहां एक कार्यक्रम में बजाज रिकी ई-रिक्शा और बजाज रिकी ई-कार्ट पेश करते हुए कहा कि ये अपनी श्रेणी में बाजार में अब तक उपलब्ध दूसरे उत्पादों की तुलना में ज्यादा माइलेज देते हैं और संतुलन, मजबूती तथा परिचलान खर्च के मामले में सबसे बढ़िया हैं। रिकी ई-रिक्शा 'पी4005' की एक्स-शोरूम कीमत 1,90,890 रुपये और ई-कार्ट 'सी4005' की 2,00,879 रुपये रखी गयी है। उन्होंने बताया कि भारतीय जरूरतों के हिसाब से और ई-रिक्शा चलाकों की समस्याएं जानने के बाद दोनों उत्पाद बनाये गये हैं। रिकी ई-रिक्शा एक बार चार्ज करने पर 149 किलोमीटर चलाता है जो आम ई-रिक्शा की तुलना में 40-45 प्रतिशत अधिक है। इसमें 5.4 किलोवाट की लीथियम आयरन फॉस्फ़ेट (एलएफपी) बैट्री है जो 4.5 घंटे में पूरी तरह चार्ज होती है। इसमें मोनोकोक चेसीस, हाइड्रॉलिक ब्रेकिंग और इनडेपेंडेंट सस्पेंशन भी है। देश के चार शहरों पटना, गुवाहाटी, रायपुर और मुरादाबाद में पायलट आधार पर इसे ई-रिक्शा चालकों को दिया गया था और उनके फीडबैक के बाद इसे अब 25 शहरों में पेश किया जा रहा है। श्री सुबंध ने बताया कि अगले साल मार्च तक देश के लगभग सभी बाजारों में इसे पेश कर दिया जायेगा। ये शहर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम में होंगे। कंपनी इंजन और बैट्री पर तीन साल / 60,000 किलोमीटर तक की वारंटी दे रही है। कार्गो मॉडल की रेंज लोड के अनुसार अलग हो सकती है। अधिकतम रेंज 164 किलोमीटर है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,27,050 रुपये से लेकर 1,27,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,16,460 रुपये से लेकर 1,16,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,67,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,27,200 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,16,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,27,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम



के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,27,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,16,510 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,27,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,27,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,27,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,16,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,27,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,16,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,27,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,16,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत में सफरान के विश्वस्तरीय विमान इंजन सर्विस सेंटर का लोकार्पण किया मोदी ने

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांसिसी कंपनी सफरान से भारत में ही विमानों के इंजन और कल पुर्जों के डिजाइन की संभावनाओं का पता लगाने और अंतरिक्ष यानों की प्रणोदन प्रणालियों के डिजाइन तथा विनिर्माण के लिए भारत में मौजूद अवसरों तथा प्रतिभाओं का उपयोग करने की अपील की है।

श्री मोदी ने मंगलवार को यहां सफरान के विमान इंजनों के रख रखाव , मरम्मत और ओवरहालिंग (एमआरओ) केंद्र का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। उन्होंने भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहे घरेलू नागर विमानन सेवा क्षेत्र और भारतीय एयरलाइन कंपनियों की ओर से बड़ी संख्या में विमानों की खरीद की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अब हर सेक्टर में उत्पादों का डिजाइन तैयार करने के लिए डिजाइन ऽइनऽ इंडिया को भी बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रहा है। सफरान की यह सुविधा विमान इंजनों की बड़े स्तर की मरम्मत की पहली अत्याधुनिक सुविधा है।

सफरान की यह सुविधा लीप(लीडिंग एज एविएशन प्रोपल्शन) इंजन के लिए है जो एयरबस ए320 नियोऔर बोइंग 737 मैक्स विमानों की ताकत हैं। हैदराबाद की यह सुविधा दुनिया की सबसे बड़ी इंजन एमआरओ केंद्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सिर्फ नागर विमानन क्षेत्र के लिए एमआरओ सुविधा तक सीमित नहीं रहना चाहता बल्कि जहाजरानी से जुड़े एमआरओ पारिस्थितिकी तंत्र पर भी बहुत बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ' मैं सफरान की टीम से आग्रह करूंगा कि आप भारत में एयरक्राफ्ट इंजन और उसके कल पुर्जों का डिजाइन तैयार करने की संभावनओं की तलाश करें। इसमें सूक्ष्म , लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का, हमारा बहुत बड़ा नेटवर्क और हमारा युवा प्रतिभाओं की फौज आपको बहुत मदद करेगी। अंरिक्ष यानों की प्रणोदन प्रणालियों पर सफरान के बड़े स्तर के काम का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं चाहूंगा कि आप प्रोपल्शन डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग के लिए भी भारत के टैलेंट को और अवसरों का उपयोग करें। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ,सफरान के निदेशक मंडल के अध्यक्ष रास मैक इन्नेस और मुख्य कार्यकारी ओलिवियर एंड्रीज तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस नयी सुविधा से विमान इंजनों की मरम्मत का बड़ा काम अब भारत में ही होने लगेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत का नागर विमान क्षेत्र अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा है और इस समय दुनिया के सबसे तेजी से बढ़े घरेलू नागर विमान बाजार में शामिल है। भारत में विमानन सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है और एयरलाइन कंपनियों ने अपने विमान बेड़ों के विस्तार के लिए 1500 से ज्यादा नए विमानों की खरीद के आर्डर दिये हैं।

उन्होंने कहा, ' आज से भारत का नागर विमान क्षेत्र एक नई उड़ान भरने जा रहा है। सफरान की यह नई सुविधा भारत को एक वैश्विक एमआरओ केन्द्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। यह सुविधा हाईटेक एयरोस्पेस की दुनिया में युवाओं के लिए नए अवसर भी बनाएगी। श्री मोदी ने कहा कि विमानन सेवाओं के बढ़ने के साथ भारत में एमआरओ की सुविधाओं की ज़रूरत भी बढ़ रही है। हमारा 85 प्रतिशत एमआरओ का काम देश के बाहर होता आ रहा है। इससे खर्च बढ़ता था, समय ज्यादा लगता था, और एयरक्राफ्ट लंबे समय तक ग्राउंडेड रहते थे। उन्होंने कहा, 'यह स्थिति भारत जैसे विशाल विमानन बाजार के लिए ठीक नहीं थी। इसलिए आज भारत सरकार देश के, दुनिया के एक बड़े एमआरओकेंद्र के रूप में विकसित कर रही है। अब पहली बार देश में एक विश्व स्तर की विमान मरम्मत की सुविधा स्थापित की जा रही है। उन्होंने गत 24 नवंबर के निदेशक मंडल और प्रबंधकों की टीम से अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि उनमें उन्हें भारत को लेकर विश्वास और उम्मीद दिखाई दी है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी की सफरान भारत में निवेश की इसी गति को आगे भी जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि एमआरओ के काम के लिए भारत में वैश्विक प्रशिक्षण, जानकारी देने और भारत के संस्थानों के साथ साझेदारी में फ्रांसिसी कंपनी के साथ साझेदारी में एक कार्यबल तैयार होगा, जो आने वाले वर्षों में पूरे एमआरओ पारिस्थितिकी तंत्र को नई गति, नई दिशा देगा।

## संविधान के मार्गदर्शन में देश ने तय की है सामाजिक, आर्थिक विकास की यात्रा : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे जीवंत और सफल संविधान है और इसके मार्गदर्शन में देश ने सुशासन, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में परिवर्तनकारी यात्रा तय की है।

श्री बिरला ने बुधवार को 'संविधान दिवस'पर यहां संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की करते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही तीसरा स्थान हासिल कर लेगा। बड़ी चुनौती 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की है जिसे संविधान के दिशा निर्देश में सामूहिक जिम्मेदारी के साथ हासिल करना है।

समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने इस दौरान डिजिटल माध्यम में संविधान के संस्करण को 9 भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगू, उड़िया तथा असमिया में जारी किया। पंजाबी और बोड़ो भाषा में पहली बार संविधान के संस्करण आये हैं। उन्होंने इस मौके पर संविधान से कला और कैलीग्राफी बुकलेट का भी अनावरण किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान दिवस समारोह में स्वागत संबोधन में राष्ट्र से संविधानिक मूल्यों को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया और इसे विकसित भारत की दिशा में पहला अनिवार्य कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना का 'हम भारत के लोग' केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की एकता, सामूहिक शक्ति और जन-कल्याण की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। संविधान द्वारा सुनिश्चित न्याय, समान अवसर और मानवीय गरिमा ही भारत के लोकतांत्रिक चरित्र की सबसे मजबूत नींव है।

# आरएसएस ने संविधान को बताया था 'पाश्चात्य मूल्यों' पर आधारित : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को संविधान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूँका था।

श्री खरगे ने आज यहां संविधान दिवस के मौक़े पर देशवासियों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरु और डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के साथ मिलकर संविधान का ही नहीं, एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहां लोकतंत्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारत न्याय, समानता, आज़ादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन गया था लेकिन आज ये पहचान खतरे में है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब संविधान लागू हुआ था, तब आरएसएस जैसे संगठन खुले तौर पर कहते थे कि संविधान ''पाश्चात्य मूल्यों'' पर आधारित है और उनका आदर्श तो मनुस्मृति है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस संविधान के ख़िलाफ़ थे। आज विडम्बना यह है कि जो लोग कभी संविधान से ज़्यादा मनुस्मृति को मानते थे, सत्ता में आने के बाद मजबूरी और राजनीतिक आवश्यकता के कारण उसी संविधान को अपना बताने की कोशिश कर रहे हैं। श्री खरगे ने कहा कि 11 दिसंबर, 1948 को आरएसएस ने रामलीला मैदान में बड़ा सम्मेलन करके डॉ. अंबेडकर जी का पुतला भी फूंका था। आरएसएस ने केवल संविधान और तिरंगे का विरोध ही नहीं किया, बल्कि अंग्रेजी राज में जब स्वाधीनता सेनानी जेलों में थे, तो आरएसएस अंग्रेजों के साथ थी और उसी आरएसएस की मोदी जी लाल किले से तारीफ करते हैं। जबकि गांधीजी की हत्या के बाद 30 जनवरी 1948 को आरएसएस पर पहला प्रतिबंध सरदार पटेल जी ने लगाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज श्री मोदी हमें कॉलोनाइजेशन के खतरे पर ज्ञान दे रहे हैं।

### गरीबों, वंचितों के सुरक्षा कवच संविधान पर नहीं होने देंगे आक्रमण : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को कहा कि हमारा संविधान गरीबों एवं वंचितों का सुरक्षा कवच तथा देश के हर नागरिक की आवाज है और इस पर किसी तरह का हमला नहीं होने दिया जाएगा। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा ''भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक पवित्र वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा ''संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति है और हर एक नागरिक की आवाज़ है। जब तक संविधान सुरक्षित है, हर भारतीय के अधिकार सुरक्षित हैं। आइए, हम प्रण लें कि हम संविधान पर किसी भी तरह का आक्रमण नहीं होने देंगे। इसकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य है और इसपर होने वाले हर प्रहार के सामने सबसे पहले खड़ा रहूंगा। आप सभी को संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद, जय संविधान।

# साहित्यकार अलका गुप्ता को कादम्बरी सम्मान

एजेंसी




जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में आयोजित कादम्बरी संस्था के भव्य सम्मान समारोह में श्रीमती अलका गुप्ता को, उनके ख्याति प्राप्त, चर्चित काव्य संग्रह 'दस्तक' के लिए कादम्बरी सम्मान से विभूषित किया गया।

देश-विदेश में अपनी प्रतिष्ठित पहचान बना चुकी कादम्बरी संस्था पिछले 30 वर्षों से देश के कोने-कोने से श्रेष्ठ साहित्यकारों का यह सम्मान समारोह निरंतर आयोजित करती आ रही है। और इस वर्ष भी देश के चयनित 127 साहित्यकारों को सम्मान स्वरूप आमंत्रित किया गया।

बताते चलें कि कविता, गीत, मुक्तक, लघुकथा, कहानी, संस्मरण सृजन में दक्ष श्रीमती अलका गुप्ता के काव्य संग्रह 'दस्तक' एवं 'पंखुड़ियां जज्बातों की' के साथ-साथ अनेक कहानियाँ तथा लघुकथाएँ भी चर्चित और पुरस्कृत हो चुकी हैं । और इनका बहुप्रतिक्षित कहानी संग्रहः 'वो एक लड़की' शीघ्र ही पाठकों के समक्ष होगा। आपको अनेक विधाओं में साहित्य साधना और उत्कृष्ट सृजन के लिए अनेक सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आपकी रचनाधर्मिता को न केवल सराहा गया है अपितु सम्मानित भी किया गया है। प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में अलका जी की रचनाएं निरंतर प्रकाशित हो रही हैं। समसामयिक विषयों पर अलका जी का सृजन प्रशंसनीय है। अलका जी का विचार परक और समाज सापेक्ष सृजन उत्कृष्ट है। अलका गुप्ता को कादम्बरी संस्था के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉक्टर भगवत दुबे और महासचिव राजेश पाठक तथा उनके द्वारा गठित निर्णायक मंडल टीम ने सम्मान राशि , प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र, स्फटिक शिव, एवं रुद्राक्ष प्रदान किये।

## दो करोड़ से अधिक आधार नंबरों को निष्क्रिय किया गया

**नयी दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार के डेटाबेस को निरंतर सही-सटीक बनाए रखने के लिए प्रचालित शुद्धता अभियान के तहत मृत व्यक्तियों के दो करोड़ से अधिक आधार नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है। बुधवार को जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यूआईडीएआई ने भारत के महापंजीयक (आरजीआई), राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि से मृतक व्यक्तियों का डेटा प्राप्त करने के बाद यह कार्रवाई की है। यूआईडीएआई मृतक व्यक्तियों का डेटा प्राप्त करने के लिए वित्तीय संस्थानों और अन्य संस्थाओं के साथ सहयोग करने पर भी विचार कर रहा है। नियमों के अनुसार किसी भी व्यक्ति को आधार संख्या कभी दोबारा आवंटित नहीं की जाती है। किसी व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में उसकी पहचान के आधार पर धोखाधड़ी या जन कल्याण की सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार संख्या के अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए उसका आधार नंबर निष्क्रिय करना आवश्यक माना जा रहा है। यूआईडीएआई ने इस वर्ष की शुरुआत में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु की सूचना देने की सुविधा शुरू की है। यह इस समय नागरिक पंजीकरण प्रणाली का उपयोग करने वाले 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पंजीकृत मृत्यु के लिए मायआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पोर्टल के साथ एकीकरण की प्रक्रिया अभी चल रही है।

## 26/11 के निशान आज भी आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई को दे रहे हैं दिशा

मुंबई। भारत के इतिहास के सबसे भयावह आतंकवादी हमलों में से एक 26/11 मुंबई हमलों को हुए सत्रह साल बीत गए। इतने दिनों बाद मुंबई आज भी उस भयानक रात को याद कर सहम जाता है जब 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मिलकर शहर को निशाना बनाया था चार दिनों तक चले इस आतंकी इस हमले में में 166 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए। 26/11 हमलों के बाद भारत ने भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार किए। खुफिया तंत्रों में तालमेल, तटीय निगरानी, रैपिड रिस्पॉन्स तंत्र और कम्युनिकेशन सिस्टम को मजबूत करना प्रमुख कदम थे। इनमें बड़े महानगरों में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित करना।

# पेज एक का शेष

### अनेकता में ...

उत्तरदायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहा है तो वह भारत के संविधान का अनादर कर रहा है। विरासत का अपमान उन सेनानियों व बलिदानियों का अपमान है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर किया था। यूनिफॉर्म धारी फोर्स पर यदि कोई टिप्पणी कर रहा है और गुलामी की मानसिकता को धारण करने के लिए बाध्य कर रहा है तो वह भारत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व नागरिकों का अपमान कर रहा है। यदि कोई जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर विद्वेष की खाई को चौड़ा करके अराजकता व अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास कर रहा है तो वह भारत को कमजोर कर रहा है। जब हम कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं करते तो यह संविधानविदों, निर्माताओं और बाबा साहेब का अपमान है। हर भारतवासी के घर में होनी चाहिए संविधान की प्रति मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को बाबा साहेब के नेतृत्व की ड्रॉफ्टिंग कमेटी ने भारत के संविधान की मूल प्रति संविधान सभा को सौंपा था। हर भारतवासी के घर में उसकी प्रति होनी चाहिए। हर परिवार में उसकी प्रस्तावना का वाचन होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मूल प्रस्तावना के साथ उसके भाव की चर्चा की और कहा कि भारत के मूल संविधान में पुष्पक विमान से अयोध्या के लिए भगवान श्रीराम का माता सीता और महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण के द्वारा गीता के उपदेश का चित्र भी है। महात्मा बुद्ध, सम्राट अशोक समेत महान महापुरुषों के चित्रों के माध्यम से भारत के विरासत के प्रति गौरव की अनुभूति करने का अवसर भी दिया गया है। यह चीजें बताती हैं कि संविधान विरासत के प्रति सम्मान का भाव पैदा करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन हम आज भी उन चीजों से विमुख होते दिखाई देते हैं। व्यक्ति ईमानदारी से कार्य कर रहा है तो सम्मानजनक मानदेय का अधिकार मिलना चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना सारी बातों का निचोड़ है। कहीं धुआं उठ रहा है तो हमें भी सतर्क-सजग होना चाहिए। यदि पड़ोस में आग लगी है और हम उस बुझाने में योगदान नहीं दे रहे हैं तो देर-सबेर हम भी उसकी चपेट में आएंगे। मुख्यमंत्री ने ट्रेड यूनियन का जिक्र करते हुए कहा कि उनका भाव था कि हमारी मांगें पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो यानी हर कीमत पर उनके गलत और सही फैसले लागू होने चाहिए। काम करो और काम का उचित दाम दो। व्यक्ति ईमानदारी से कार्य कर रहा है तो सम्मानजनक मानदेय व जीने का अधिकार मिलना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्यप्रताप शाही, दारा सिंह चौहान, धर्मपाल सिंह, धर्मवीर प्रजापति, बलदेव सिंह औलख, दानिश आजाद अंसारी, महापौर सुषमा खर्कवाल, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत आदि मौजूद रहे।

### रेयर अर्थ परमानेंट...

भारी उत्साह दिखा है। योजना में आस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों से सहयोग मिलने की संभावना है। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस योजना के तहत पांच साल के लिए निर्धारित 7280 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय प्रोत्साहन में 6450 करोड़ रुपये बिक्री से जुड़े प्रोत्साहन के रूप में तथा 750 करोड़ रुपये पंजीगत सहायता के रूप में दिये जाएंगे। यह योजना सात साल के लिए है। इसमें दो साल परियोजना की स्थापना के होंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत में 69 लाख टन रेयर अर्थ का ज्ञात भंडार है जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा भंडार है।

### भारत ने राम मंदिर पर...

अपनी गिरेबां में झांकना होगा क्योंकि दुनिया को पता है कि पाकिस्तान में मानवाधिकार का हनन हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या स्थित राममंदिर पर ध्वज स्थापना की थी जिसके बाद पाकिस्तान ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इससे भारत में अल्पसंख्यकों पर दबाव बढ़ेगा।

### संविधान राष्ट्रीय अस्मिता...

बहुत प्रसन्नता होती है कि बीते दशक में हमारी संसद ने जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अत्यंत प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वह सभी सांसदों को बधाई देती हैं और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से संविधान सभा के परम सम्माननीय सदस्यों की स्मृति में सादर नमन करती हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की अंतरात्मा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे आदर्शों में अभिव्यक्त होती है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संविधान निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय प्रणाली की सफलता के ठोस प्रमाण के रूप में, आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी की सीमारेखा से बाहर आने से आर्थिक न्याय के पैमाने पर विश्व की सबसे बड़ी सफलता अर्जित हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान में सामाजिक न्याय के आदर्श के अनुरूप देश में समावेशी विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू होने से महिलाओं के नेतृत्व में विकास के एक नए युग का आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सात नवंबर से राष्ट्र-गीत 'वन्दे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में देशव्यापी स्मरणोत्सव मनाए जा रहे हैं। यह स्मरणोत्सव भारत माता को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का अवसर है। उन्होंने कहा ,'' मुझे विश्वास है कि इस राष्ट्रीय संकल्प की सिद्धि के लिए आप सभी सदस्यगण देशवासियों को दिशा और प्रेरणा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि देश का संविधान, हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान का ग्रंथ है। यह औपनिवेशक मानसिकता का परित्याग करके राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ देश को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शक ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के अनुरूप, सामाजिक और तकनीकी बदलावों को ध्यान में रखते हुए, आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े महत्वपूर्ण अधिनियम लागू किए गए हैं। राष्ट्रपति ने संविधान संशोधन के प्रावधानों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि संविधान में ही ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिसके बल पर भावी पीढ़ियां आवश्यकतानुसार समयानुकूल संशोधन कर सकें। इस प्रकार संविधान निर्माताओं ने हमारे संविधान को गतिशीलता और जीवंतता प्रदान की। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू , राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सभी सांसद मौजूद थे। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने लोकतन्त्र को संवैधानिक आधार प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता का ताना-बाना भी बुना। संविधान निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ-साथ सरदार पटेल ने अनेक रियासतों के विलय का महान कार्य करके भारत की एकता को नया स्वरूप दिया। इस वर्ष सरदार पटेल की 150वीं जयंती देशवासियों ने मनाई। उन्होंने कहा कि जन-अभिव्यक्ति को परिलक्षित करने वाली संसदीय प्रणाली विभिन्न आयामों पर और अधिक मजबूत होती गयी है। वयस्क मताधिकार का प्रावधान करके संविधान द्वारा जनता के विवेक पर जो आस्था व्यक्त की गई है उसकी सफलता की विश्व के अन्य अनेक देशों में सराहना की जाती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, महिला मतदाताओं द्वारा बढ़-चढ़ कर मतदान करना हमारी लोकतान्त्रिक चेतना को विशेष सामाजिक अभिव्यक्ति देता है। उन्होंने कहा कि देश की महिला, युवा, गरीब, किसान, अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के लोग, मध्यम वर्ग तथा नव मध्यम वर्ग लोकतान्त्रिक प्रणाली को पंचायत से संसद तक मजबूती दे रहे हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देश में समावेशी लोकतन्त्र में जन-जन की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के दिन जनजातीय गौरव दिवस मनाने की परंपरा शुरू की गई है और इसे बहुआयामी विस्तार दिया जा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती से जुड़े समारोह देशभर में वर्षपर्यंत आयोजित हुए। विरासत और विकास को जोड़ने वाली जनजातीय परम्पराओं का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है। उन्होंने कहा ,'' संविधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि जो स्वाधीनता हमने प्राप्त की है उसकी रक्षा करना और उसको बनाए रखना तथा जनसाधारण के लिए उसको उपयोगी बनाना, उन पर निर्भर करता है जो इस संविधान का क्रियान्वयन करेंगे। यह प्रसन्नता की बात है कि हमारी संसद ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की अपेक्षा के अनुरूप राष्ट्र हित में कार्य किया है तथा जन-सामान्य के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। अंत्योदय की इसी दृष्टि के साथ आधुनिक विकास का समन्वय करके भारत, विश्व समुदाय के सम्मुख, विकास का एक नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार आगे बढ़ते हुए देश की कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका ने, देश के विकास और देशवासियों के जीवन को संबल प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने देश को आगे बढ़ाने के साथ-साथ गहन राजनीतिक चिंतन की स्वस्थ परंपरा विकसित की है। आने वाले काल-खंडों में जब विभिन्न लोकतंत्रों और संविधानों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा तब भारतीय लोकतन्त्र और संविधान का विवरण स्वर्णाक्षरों में किया जाएगा। संसद के दिशा निर्देश में भारत के विकसित राष्ट्र के संकल्प के सिद्ध होने का विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा,'' आप सभी सदस्यगण हमारे संविधान और लोकतन्त्र की इस गौरवशाली परंपरा के संवाहक भी हैं, निर्माता भी हैं और साक्षी भी हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी संसद के दिशा-निर्देश में, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को अवश्य सिद्ध किया जाएगा।'' अभिभाषण के बाद राष्ट्रपति के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने संविधान की प्रस्तावना का उद्घोष किया। इससे पहले राष्ट्रपति ने विधायी विभाग द्वारा तैयार नौ भाषाओं - मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में भारत के संविधान का लोकार्पण किया । उन्होंने संस्कृति मंत्रालय द्वारा तैयार स्मारक पुस्तिका'' भारत के संविधान से कला और कैलीग्राफी '' (हिन्दी संस्करण) का विमोचन भी किया।

### संविधान दिवस पर मोदी...

करने का स्मरण किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि संविधान ने असंख्य नागरिकों को सपने देखने और उन सपनों को साकार करने की शक्ति प्रदान की है। प्रधानमंत्री ने संविधान सभा के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर और कई प्रतिष्ठित महिला सदस्यों को याद किया, जिनकी दूरदर्शिता ने संविधान को समृद्ध बनाया। उन्होंने संविधान की 60वीं वर्षगांठ के दौरान गुजरात में आयोजित संविधान गौरव यात्रा तथा इसकी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित संसद के विशेष सत्र और राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिनमें रिकॉर्ड जन भागीदारी देखी गई। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस वर्ष का संविधान दिवस विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सरदार वल्लभभाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ और श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत की वर्षगांठ के साथ मेल खाता है। श्री मोदी ने कहा कि ये व्यक्तित्व और मील के पत्थर हमें अपने कर्तव्यों की प्रधानता की याद दिलाते हैं, जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 51ए में निहित है। उन्होंने महात्मा गांधी के इस विश्वास को याद किया कि अधिकार कर्तव्यों के पालन से निकलते हैं। श्री मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कर्तव्यों को पूरा करना सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधार है। श्री मोदी ने भविष्य की ओर देखते हुए कहा कि इस सदी की शुरुआत के 25 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, और केवल दो दशकों में भारत औपनिवेशिक शासन से आजादी के 100 वर्ष पूरे कर लेगा। वर्ष 2049 में संविधान को अपनाए हुए एक सदी हो जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज लिए गए निर्णय और नीतियां आने वाली पीढ़ियों के जीवन को आकार देंगे। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें, क्योंकि भारत विकसित भारत की परिकल्पना की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने के दायित्व पर भी ज़ोर दिया और सुझाव दिया कि स्कूल और कॉलेज, 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले पहली बार मतदाता बनने वालों का सम्मान करते हुए संविधान दिवस मनाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं में दायित्व और गर्व की भावना जगाने से लोकतांत्रिक मूल्य और देश का भविष्य मज़बूत होगा।

### एएनटीएफ होगा...

रुपये से अधिक है। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि सामान्य कार्रवाई के साथ साथ बड़े नेटवर्क और माफियाओं पर प्रहार किए गए हैं।। पिछले तीन वर्षों में 2,61,391 किलो अवैध मादक पदार्थों का विधिसम्मत विनष्टीकरण किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 775 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा निस्तारण प्रक्रिया नियमित और पारदर्शी ढंग से जारी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ संघर्ष केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवारों, शैक्षणिक संस्थानों, नागरिक संगठनों और प्रशासन को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि नशे की पहुंच युवाओं तक न हो। उन्होंने कहा कि अपराधियों को यह साफ संदेश मिलना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में अवैध ड्रग कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बिहार सरकार ने मंत्रियों को आवंटित किए आवास सीएम समेत 13 मंत्री अपने पुराने आवास में ही रहेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में नवगठित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के सभी मंत्रियों को उनके आवास आवंटित कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा 26 मंत्री बनाए गए हैं, जिनमें सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को फिर से उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य आपूर्ति मंत्री लेशी सिंह, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, लघु जन संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान को जिस बंगले में रह रहे हैं, उसी को आवंटित किया गया है। जिन 13 नए मंत्रियों को नए सिरे से बंगला आवंटित किया गया है उसमें डॉ. दिलीप जायसवाल और नंदकिशोर यादव दो स्ट्रैंड रोड का बंगला दिया गया है। दिलीप जायसवाल को उद्योग विभाग का मंत्री बनाया गया है। श्रेयसी सिंह को चार स्ट्रैंड रोड का बंगला दिया गया है। श्रेयसी सिंह खेल और आईटी मंत्री बनाई गई हैं। सुरेंद्र मेहता को 33 हार्डिंग रोड का बंगला दिया गया है। सुरेंद्र मेहता पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री बनाए गए हैं। संजय सिंह टाइगर को 41 हार्डिंग रोड का बंगला दिया गया है। संजय टाइगर को श्रम संसाधन मंत्री बनाया गया है। अरुण शंकर प्रसाद को 25 हार्डिंग रोड बंगला आवंटित किया गया है। अरुण शंकर प्रसाद को पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री बनाया गया है। रामकृपाल यादव को 43 हार्डिंग रोड का बंगला आवंटित किया गया है। रामकृपाल यादव कृषि मंत्री की जिम्मेवारी दी गई है। इन सबके अलावा नारायण प्रसाद को 12 हार्डिंग रोड का बंगला दिया गया है। नारायण प्रसाद आपदा प्रबंधन मंत्री बनाए गए हैं। रमा निषाद को तीन सर्कुलर रोड बंगला आवंटित किया गया है। रमा निषाद पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बनाई गई हैं। लखेंद्र कुमार रोशन को तेज प्रताप का बंगाल आवंटित किया गया है। उन्हें 26 स्ट्रैंड रोड का बांग्ला आवंटित किया गया है, इन्हें एससीएसटी कल्याण मंत्री बनाया गया है। डॉ प्रमोद कुमार को 27 हार्डिंग रोड का बंगला आवंटित किया गया है। इन्हें सहकारिता एवं पर्यावरण मंत्री बनाया गया है। संजय कुमार को 21 हार्डिंग रोड बंगला आवंटित किया गया है।

# रेखा गुप्ता ने की वीना असीजा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया के बी-ब्लॉक में वार्ड565, अशोक विहार से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी वीना असीजा के समर्थन में आयोजित स्वाभिमान सभा को संबोधित की। उन्होंने क्षेत्र की प्रगति को और मजबूत करने के लिए जनता से वीना असीजा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी वीना असीजा के समर्थन में आयोजित स्वाभिमान सभा को संबोधित करते हुए रेखा गुप्ता ने कहा कि पहले की सरकारों ने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को विकास के नाम पर लगातार निराश किया है। न मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था हुई, न स्वास्थ्य, न स्वच्छता, न ही सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज स्थिति तेजी से बदल रही है। झुग्गी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए दिल्ली सरकार ने विशेष फंड जारी किया है। इसी के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अटल कैंटीन, स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स और अन्य आवश्यक सुविधाओं के कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर विधायक पूनम शर्मा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गोराया के गुरु बाज़ार में लगी भीषण आग से फास्ट-फूड की दुकान जलकर खाक

**फगवाड़ा।** पंजाब में गोराया के गुरु बाज़ार स्थित वेज पार्लर नामक एक फास्ट-फूड की दुकान में बुधवार सुबह भीषण आग लगने से दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गयी। दुकान मालिक मनी के अनुसार, सुबह आठ बजे के बाद अचानक दुकान से धुआँ निकलने लगा। स्थानीय निवासियों ने स्थिति को भाँपते हुए तुरंत वार्ड पार्षद प्रो. रिशु को सूचित किया, जिन्होंने फिल्लौर फायर ब्रिगेड को सूचित किया ।दमकल के पहुँचने से पहले आस-पड़ोस के लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेज़ी से बढ़ती गईं। बाद में दमकलकर्मियों ने आग बुझा ली लेकिन तब तक दुकान के ऊपर बनी रसोई पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। रसोई का सारा सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे में रसोई में रखा एक गैस सिलेंडर और दुकान के नीचे पड़ा एक और सिलेंडर सुरक्षित बच गया। घटना के समय परिसर में तीन और सिलेंडर रखे हुए थे। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पार्षद प्रो. रिशु ने अग्निशमन सेवा समय पर नहीं पहुँचने की आलोचना करते हुए कहा कि गोराया के लिए एक दमकल गाड़ी आवंटित की गई है जिसका संचालन खर्च नगर परिषद वहन करती है । फिर भी वह गाड़ी फिल्लौर अग्निशमन केंद्र में खड़ी रहती है और अगर दमकल गाड़ी समय पर पहुँच जाती तो नुकसान कम से कम हो सकता था। प्रो. रिशु ने कहा कि वह इस मुद्दे को परिषद की बैठक में उठाएँगे और माँग करेंगे कि गोराया में दमकल की गाड़ी स्थायी रूप से तैनात की जाये ताकि तुरंत आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके।

### रूपनगर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद, एक गिरफ्तार

**रूपनगर।** एक बड़ी कामयाबी में मादक द्रव्य विरोधी बल (एएनटीएफ) ने पंजाब में रूपनगर रेंज ने बुधवार को एक ड्रग ट्रैफिकिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान आकाशदीप सिंह के तौर पर हुई है। आरोपी के पास से 5.084 किलोग्राम हेरोइन, 1.681 किलो आइस ड्रग, 6,50,000 रुपए ड्रग मनी और एक कार बरामद की है। श्री यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी का संपर्क मुख्य हैंडलर राजबीर सिंह उर्फ गौरव से हैं, जो चंडीगढ़ का रहने वाला है और ट्राइसिटी में ड्रग कंसाइनमेंट की डिलीवरी और डिस्ट्रीब्यूशन को कोऑर्डिनेट करता है। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। आगे की जांच चल रही है, ताकि सभी तरह के लिंक का पता लगाया जा सके और पूरे नेटवर्क को खत्म किया जा सके।

### दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को संविधान दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संविधान के इन पावन मूल्यों को आत्मसात करते हुए, सब मिलकर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का संकल्प लें। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हमारा संविधान न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे उच्च आदर्शों पर आधारित एक जीवंत दस्तावेज है, जिसकी रचना भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की दूरदर्शी सोच, गहन विद्वत्ता और अद्वितीय परिश्रम का परिणाम है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह महान संविधान न केवल राष्ट्र की एकता और अखंडता का मजबूत आधार है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान कर नए भारत की दिशा को भी प्रकाशमान करता है। उल्लेखनीय है कि, 26 नवंबर को पहले राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर मनाया जाता था, लेकिन अब इसे संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

### अरविंद केजरीवाल ने पार्टी स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को दी बधाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के स्थापना दिवस पर आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता का साथ ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 2012 में आम आदमी पार्टी ने जन्म लिया। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर मैं देशभर के लाखों साथियों, सभी वॉलंटियर्स और हर उस आम आदमी को दिल से प्रणाम करता हूं, जिन्होंने भरोसा किया कि राजनीति ईमानदारी से भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ये पार्टी नेताओं की नहीं, जनता की पार्टी है। चौपालों से लेकर सड़कों तक हमारे वॉलंटियर्स ने दिन-रात मेहनत करके बदलाव की लौ जलाई है। केजरीवाल ने कहा कि आज जो भी उपलब्धियां हैं, वो जनता के विश्वास और हमारे सिपाहियों की तपस्या का परिणाम हैं। जनता से वादा करते हुए कहा कि सच्चाई, ईमानदारी और देशसेवा का ये सफर और भी मजबूती से आगे बढ़ेगा। जनता को साथ ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

### उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच शैक्षिक समझौता

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह साझेदारी राज्य में उच्च शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. गिरजा पांडे ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत का औपचारिक स्वागत किया। प्रो. गिरजा पांडे ने बताया कि यह अनुबंध दोनों संस्थानों के बीच पाठ्यक्रम विकास, शोध-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा। इसके माध्यम से नए अनुसंधान के अवसर खुलेंगे व यूओयू के छात्र एवं शोधार्थी इससे सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा कि कृषि एवं खाद्य उत्पादों से संबंधित तकनीक, जैविक नवाचारों तथा डेटा-सेंसर आधारित तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ।उन्होंने यह भी कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भूस्खलन की घटनाओं का समाधान सेंसर आधारित तकनीक से खोजा जा सकता है, जिस पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की कार्य कर रहा है। प्रो. पंत ने बताया कि संस्थान स्वदेशी तकनीक विकास, तथा छात्रों के लिए ऑनलाइन एवं हाइब्रिड प्रशिक्षण को और अधिक प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने उत्तराखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# उपकरणों पर निर्भरता से बढ़ रहा है साइबर हमलों का खतरा : प्रो. योगेश सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) ने गृह मंत्रालय के साथ मिलकर ल्लसाइबर सतर्कताङ्क नाम के एक महीने का साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किया। बुधवार को इस कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह और विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता एवं इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) के निदेशक निशांत कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयूसीसी के निदेशक प्रो. संजीव सिंह ने की। समापन समारोह के अंत में कुलपति ने इस कैंपेन के दौरान आयोजित क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आज हम पूरी तरह से मोबाइल फोन, कंप्यूटर और इंटरनेट आदि से जुड़े उपकरणों पर निर्भर हैं। इसके बिना कल्पना भी नहीं कर सकते। आज का युग पूरी तरह से साइबर युग है। कोई नहीं जानता कि उन उपकरणों के अंदर क्या है, ऐसे में साइबर सतर्कता बहुत अहम मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कुछ मिथ हैं कि अगर मैं बड़ा आदमी या कंपनी नहीं हूं तो मैं साइबर हमलावरों के निशाने पर नहीं हो सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। हमलावरों के निशाने पर कमजोर लोग सबसे ज्यादा होते हैं। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक तक बैंकिंग कार्य केवल सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर बाद दो बजे तक ही होते थे। दो बजे से सायं पांच बजे तक सभी बैंक कर्मी लेजर में एंट्री और रिकॉर्ड मिलाने आदि के काम निपटाते थे। आज उन चीजों की जरूरत नहीं है। आज बैंकिंग सिस्टम में मिलियनों ट्रांजेक्शन ऑनलाइन हो रही हैं। लेकिन फिर भी हम सब विश्वास रखते हैं कि हमारी पूंजी सुरक्षित है और कुछ भी गलत नहीं होगा। कुलपति ने बताया कि इंडियन कंप्यूटर इमर्जेंसी रिस्पांस टीम के डेटा के अनुसार 2024 में 1.4 मिलियन से अधिक साइबर घटनाएं हुई हैं। 2025 में यह घटनाएं 1.8 मिलियन से भी अधिक ट्रैक हो चुकी हैं। इसलिए यह क्षेत्र हमारे लिए ध्यान देने का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और हमें इसके बारे में सोचने की जरूरत है। इस विषय को लेकर एक महीने का साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कैंपेन चलाने के लिए कुलपति ने डीयूसीसी को बधाई देते हुए कहा कि यह विषय यहीं समाप्त नहीं होता। हमें हर दिन हर समय जागरूक रहने की जरूरत है। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) के निदेशक निशांत कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सभी को साइबर स्वच्छता के बारे में जानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैसे एक 10वीं फ़ेल व्यक्ति पीएचडी वालों को भी बेवकूफ बना रहा है। हम लोग लालच, डर और लापरवाही से साइबर क्राइम को बढ़ावा दे रहे हैं। किसी भी साइबर क्राइम का शिकार होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत भारत सरकार द्वारा जारी साइबर हेल्प लाइन 1930 पर काल करें।

## पुलिस मुठभेड़ में गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के चार गुर्गे गिरफ्तार, सात पिस्तौल बरामद

मोहाली। पंजाब में एक बड़ी आतंकवादी साज़िश नाकाम करते हुए एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) और एसएएस नगर पुलिस ने बुधवार अपराह्न डेरा बस्सी-अंबाला हाईवे पर स्टील स्ट्रिप्स टावर्स के पास गोलीबारी के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विदेश में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के चार गुर्गों को पकड़ लिया। आरोपियों से सात .32 कैलिबर पिस्तौल और 70 कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि हाईवे के किनारे एक घर में छिपे आरोपियों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान पुलिस पर गोलियां चलाईं। जवाबी फायरिंग में गैंग के दो सदस्य गोली लगने से घायल हो गये। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि यह ग्रुप अपने विदेश में रहने वाले हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहा था और ट्राइसिटी और पटियाला इलाके में टारगेटेड हमलों की योजना बना रहा था।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संविधान दिवस पर दी शुभकामनाएं, 26/11 शहीदों को किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं को नमन किया और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, समान अधिकारों, नागरिक कर्तव्यों और सार्वभौमिक न्याय की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान हमें एक ऐसे राष्ट्र के रूप में जोड़ता है, जहां विविधता हमारी शक्ति है और समावेशिता हमारा संकल्प। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि वे राष्ट्रहित और लोककल्याण की भावना के साथ संविधान में निहित आदर्शों, कर्तव्य, अनुशासन, समानता और साझा प्रगति को अपने आचरण में और अधिक दृढ़ता से अपनाने का संकल्प लें। रेखा गुप्ता ने मुंबई 26/11 के आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन बहादुर पुलिसकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों और जवानों को भी नमन किया जिन्होंने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि इस जघन्य घटना ने पूरी मानवता को झकझोर दिया था।

# बिजली कर्मचारी 27 नवंबर को बिजली संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में करेंगे प्रदर्शनः एआईपीईएफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता


जालंधर। विद्युत कर्मचारियों एवं अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर विद्युत क्षेत्र के कर्मचारी एवं अभियंता उत्तर प्रदेश के विद्युत कर्मचारियों के समर्थन में तथा विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 के विरोध में 27 नवंबर को देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने बुधवार को कहा कि एनसीसीओईईई ने अब 27 नवंबर को लाखों बिजली कर्मचारियों द्वारा दोनों यूपी डिस्कॉम के निजीकरण के विरोध में एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। बिजली क्षेत्र के कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया है कि यूपीपीसीएल और राज्य सरकार के कुछ वरिष्ठ अधिकारी चुनिंदा निजी कंपनियों के साथ मिलीभगत कर रहे हैं। उन्होंने उन पर करोड़ों रुपये की डिस्कॉम संपत्तियों को निजी कंपनियों को औने-पौने दामों पर बेचने का प्रयास करने का आरोप लगाया। श्री दुबे ने कहा कि अगर डिस्कॉम का निजीकरण किया गया, तो किसान और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग कई लाभों से वंचित हो जाएंगे। एआईपीईएफ के मीडिया सलाहकार वी के गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी दो सरकारी बिजली वितरण कंपनियों, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीयूवीवीएनएल) और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ एक साल से संघर्ष कर रहे हैं। ये कंपनियां राज्य के 75 में से 42 जिलों में फैली हैं। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति कर रही है, जो इस कदम का विरोध कर रही है, क्योंकि उसे लगता है कि इससे कर्मचारियों, किसानों और गरीबों को नुकसान होगा। पिछले एक साल से, राज्य सरकार द्वारा हड़तालों पर प्रतिबंध लगाने के लिए उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (यूपी एस्मा) लागू करने के बावजूद, कर्मचारियों ने लगातार प्रदर्शन, रैलियाँ और कार्य बहिष्कार किये हैं। एआईपीईएफ ने मसौदा विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2025 का कड़ा विरोध किया, क्योंकि विद्युत क्षेत्र को मजबूत करने के बजाय, यह विधेयक व्यापक निजीकरण, व्यावसायीकरण और विद्युत वितरण के केंद्रीकृत नियंत्रण का द्वार खोलता है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर और शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर और शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोनों परियोजनाओं पर काम तेजी से जारी है और निर्माण में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दानापुर-बिहटा कॉरिडोर के पूरा होने से बिहटा से कोईलवर तक आवागमन काफी सुगम हो जाएगा। यह कॉरिडोर एनएच-922 को रिंग रोड (कन्हौली मोड़) और एनएच-139 को एम्स गोलम्बर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण फीडर मार्ग बनेगा। साथ ही, इससे बिहटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विशेष कनेक्टिविटी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है और समय-समय पर आवश्यक सुझाव दिए जाते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल निर्माण की प्रगति का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के लिए सरकार की ओर से सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा चुके हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063